वाराणसी, शुक्रवार 28 फरवरी, 2025
फाल्गुन माह, कृष्ण पक्ष 15, वर्ष 14, अंक 23, पृष्ठ 16, मूल्य: 5.00



परख सच की
# जनसंदेश टाइम्स
वाराणसी, लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर एवं प्रयागराज से प्रकाशित

**अंदर: सोशल मीडिया का असांस्कृतिक हस्तक्षेप**

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news
डाक/नगर संस्करण



NARAYANDAS
नरायन दास सर्राफ ज्वेलर्स
(प्रा०लि०)
सोने, चाँदी, हीरे, प्लेटिनम एवं कुंदन के आभूषण
• 916 हॉलमार्क ज्वेलरी •
रथयात्रा : 8303173010
अर्दली बाजार : 9696470424
चौक(ठठेरी बाजार): 8318650589
चितईपुर(अवलेशपुर) :9696544217
SUNDAY OPEN
•रथयात्रा • अर्दली बाजार • चौक(ठठेरी बाजार) • चितईपुर(अवलेशपुर)वाराणसी
•पार्किंग की सुविधा उपलब्ध•

# 10 हजार बोनस, 16 हजार न्यूनतम वेतन

## सफाईकर्मियों को महाकुंभ के समापन पर योगी का बड़ा तोहफा, मुफ्त इलाज भी

प्रयागराज। महाकुंभ के समापन के बाद प्रयागराज पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बड़ी घोषणा की है। महाकुंभ में लगे प्रदेश के सफाई कर्मचारियों को 10 हजार का अतिरिक्त बोनस मिलेगा। इसके अलावा न्यूनतम 16 हजार प्रति माह वेतन भी दिया जाएगा। इसके अलावा महाकुंभ में कार्यरत सभी कर्मियों को पांच लाख तक मुफ्त इलाज का लाभ मिलेगा। अप्रैल निगम गठित होगा। अप्रैल से कर्मचारियों के खाते में रुपये भी भेजे जाएंगे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि स्वच्छता कर्मियों को पहले आठ से 11 हजार रुपये माह मिलते थे। अब इसे अप्रैल से बढ़ाकर कम से कम 16 हजार किया जाएगा। इसके साथ ही सभी कर्मचारियों को आयुष्मान योजना से जोड़कर जन आरोग्य बीमा का भी लाभ दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा, हमारी सरकार ने प्रयागराज में महाकुंभ में सफाई और स्वास्थ्य कर्मचारियों को 10,000 रुपये का बोनस देने का फैसला किया है। हम यह सुनिश्चित करने जा रहे हैं कि अप्रैल से सफाई कर्मचारियों को 16,000 रुपये का न्यूनतम वेतन प्रदान किया जाएगा। उन सभी को स्वास्थ्य कवरेज के लिए आयुष्मान भारत योजना से जोड़ा जाएगा, जिससे बेहतर कल्याण और सहायता सुनिश्चित होगी। प्रदेश सरकार ने महाकुंभ 2025 के दौरान सबसे बड़े समन्वयित सफाई अभियान का गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया। यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ और डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक ने आज पुरस्कार प्राप्त किया। महाकुंभ के समापन पर योगी ने पहले अरैल घाट पर झाड़ू लगाई। गंगा नदी से कचरा निकाला। फिर गंगा पूजन भी किया। योगी ने सफाईकर्मियों के साथ जमीन पर बैठकर खाना खाया। सीएम ने कहा, बुधवार को महाकुंभ की पूर्णाहुति हुई। आस्था का इतना बड़ा समागम दुनिया के अंदर कहीं नहीं हुआ। कोई घटना नहीं हुई। सपा पर निशाना साधते हुए योगी ने कहा, विरोधी दूरबीन और माइक्रोस्कोप लगाकर बैठे हुए थे, फिर भी वे घटनाएं उजागर नहीं कर पाए। दुष्प्रचार का कोई मौका उन्होंने नहीं छोड़ा। इधर, पीएम मोदी ने एकता का महाकुंभ-युग परिवर्तन की आहट शीर्षक से ब्लॉग लिखा। इसमें उन्होंने कहा- इतना विशाल आयोजन आसान नहीं था। मैं प्रार्थना करता हूं मां गंगा से...मां यमुना से...मां सरस्वती से...हे मां हमारी आराधना में कुछ कमी रह गई हो तो क्षमा करिएगा। श्रद्धालुओं की सेवा में भी कुछ कमी रह गई हो, तो मैं जनता जनार्दन का भी क्षमाप्रार्थी हूं।



महाकुंभ के आखिरी दिन गुरुवार को कर्मचारियों को सम्मानित करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

### 66 करोड़ से ज्यादा लोगों ने किया स्नान

45 दिनों तक चले महाकुम्भ 2025 के महाआयोजन में 66 करोड़ से ज्यादा लोगों ने स्नान कर इतिहास बनाया। आज तक दुनिया भर में किसी एक आयोजन में इतने बड़े मानव समागम का कोई इतिहास नहीं है। यह संख्या भारत की आबादी का लगभग 50 फीसदी है, जबकि दुनिया के कई देशों की आबादी से कहीं ज्यादा है।

### सीसीटीवी व पब्लिक एड्रेस सिस्टम से कड़ी निगरानी

मेला क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से हर गतिविधि पर नजर रखी गई। पब्लिक एड्रेस सिस्टम के जरिए श्रद्धालुओं को सावधानीपूर्वक स्नान और दर्शन-पूजन करने की अपील की गई, ताकि वे सुरक्षित अपने गंतव्य तक लौट सकें। श्रद्धालुओं को किसी असुविधा से बचाने के लिए मेला क्षेत्र में शिवालयों के निकट ही पार्किंग की समुचित व्यवस्था की गई, जिससे उन्हें न्यूनतम पैदल चलना पड़े।

### महाकुंभ 2025 में 3 गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड बने

- गंगा सफाई में...329 लोगों का रिकॉर्ड
- हैंड पेंटिंग में-10,102 लोगों का रिकॉर्ड,पहले 7660 लोगों का था
- झाड़ू लगाने में-19000 लोगों का रिकॉर्ड बना पहले 10,000 लोगों का था

### सुरक्षा के कड़े इंतजाम

महाकुंभ स्नान के दौरान श्रद्धालुओं के सुगम आवागमन, सुरक्षित स्नान और दर्शन-पूजन के लिए व्यापक पुलिस प्रबंधन किया गया। सुरक्षा की दृष्टि से नागरिक पुलिस, यातायात पुलिस, महिला पुलिस, पीएसी, घुड़सवार पुलिस एवं अर्धसैनिक बल के जवानों को तैनात किया गया। संगम क्षेत्र में जल पुलिस, मोटर बोट और गोताखोरों की तैनाती कर स्नान घाटों पर लगातार सतर्क निगरानी रखी गई।

## संक्षेप

### असम में 5 की तीव्रता वाला आया भूकंप

**गोवाहाटी।** असम के मोरीगांव इलाके में गुरुवार की सुबह 2.25 बजे तेज भूकंप के झटके महसूस किए गए। तेज झटकों से धरती कांप उठी। कंपन इतना तेज था कि लोग मारे डर के घरों में बाहर निकलकर भागे। भूकंप के इन झटकों के कुछ घंटे बीतने के बाद भी स्थानीय लोग दहशत में हैं। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 5 मापी गई है।

### मुंबई पुलिस ने की 10 करोड़ कीमत की दवाइयां नष्ट

**मुंबई।** महाराष्ट्र के नवी मुंबई में पुलिस ने 40 मामलों में 10 करोड़ रुपए कीमत की दवाइयों को नष्ट कर दिया है। मीडिया रिपोर्ट में नवी मुंबई के पुलिस आयुक्त और अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने बताया कि तलोजा स्थित एक प्रतिष्ठान में महाराष्ट्र के वन मंत्री गणेश नाइक और विधायक प्रशांत ठाकुर की उपस्थिति में इन दवाइयों को नष्ट किया गया।

### 2 मई को खुलेंगे केदारनाथ व बद्रीनाथ धाम के कपाट

**रुद्रप्रयाग।** हर साल लाखों श्रद्धालु चारधाम यात्रा के लिए उत्तराखंड पहुंचते हैं। केदारनाथ धाम भगवान शिव के 12 ज्योतिलिंगों में से एक है, जबकि बद्रीनाथ धाम भगवान विष्णु को समर्पित है। गंगोत्री और यमुनोत्री धाम क्रमशः गंगा और यमुना नदी के उद्गम स्थल माने जाते हैं। उत्तराखंड सरकार और मंदिर समिति यात्रा की सभी तैयारियों में जुटी हुई हैं ताकि भक्तों को किसी तरह की असुविधा ना हो। चारधाम यात्रा की तारीखों का ऐलान हो गया है।

### वैष्णो देवी जाने वालों को बड़ी राहत

**नई दिल्ली ।** जम्मू-कश्मीर एवं लद्दाख हाईकोर्ट ने माता वैष्णो देवी मंदिर के तीर्थयात्रियों समेत यात्रियों को बड़ी राहत दी है। हाईकोर्ट ने केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय को केंद्र शासित प्रदेश में वसूले जा रहे भारी टोल शुल्क में चार महीने में कटौती करने का निर्देश दिया है।

### ममता का मजाक बनाने के आरोपी को राहत

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का मजाक बनाने के आरोपी एक शख्स को राहत देकर कलकत्ता हाई कोर्ट ने मुकदमा ही खारिज किया है। कोलकता हाईकोर्ट की बेंच ने कहा कि ममता और अन्य नेताओं का मजाक बनाने के आरोप में कोई ऐसा पुख्ता सबूत नहीं मिला है कि केस चलाया जाए।

# वक्फ बिल:14 बदलावों को मंजूरी

**होगा संशोधन**

### रिपोर्ट्स में दावा-10 मार्च से होने वाले संसद सत्र में लाना संभव
### विपक्ष विरोध जता चुका

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कैबिनेट ने वक्फ संशोधन विधेयक को मंजूरी दे दी है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक 19 फरवरी को हुई बैठक में बिल को कैबिनेट की रजामंदी मिल गई थी। संसद के बजट सत्र के दूसरे हिस्से में सरकार इसे पेश कर सकती है। बजट सत्र का दूसरा हिस्सा 10 मार्च से 4 अप्रैल तक चलेगा।

जॉइंट पार्लियामेंट्री कमेटी (जेपीसी) की रिपोर्ट के आधार पर वक्फ बिल का नया ड्राफ्ट तैयार किया गया है। इससे पहले बजट सत्र के पहले चरण में 13 फरवरी को वक्फ बिल पर जेपीसी की रिपोर्ट संसद में पेश हुई थी। विपक्ष ने रिपोर्ट को फर्जी बताया था। इसके बाद संसद में हंगामा भी हुआ था। 27 जनवरी को वक्फ (संशोधन) विधेयक की जांच कर रही जेपीसी ने ड्रॉफ्ट रिपोर्ट को मंजूरी दी थी। जेपीसी की बैठक में 44 संशोधनों पर चर्चा हुई थी। भाजपा की अगुआई में एनडीए सांसदों के 14 संशोधनों को स्वीकार किया गया था, जबकि विपक्ष के संशोधनों को सिरे से खारिज कर दिया गया था। अगस्त 2024 में वक्फ बिल को अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने लोकसभा में पेश किया था। इसके बाद इसे जेपीसी के पास भेजा गया था। इसके बाद जेपीसी ने इस पर 655 पन्नों की रिपोर्ट दी थी। 13 फरवरी को राज्यसभा में इखढ सांसद मेधा कुलकर्णी ने तो लोकसभा में जेपीसी चेयरमैन और भाजपा सांसद जगदंबिका पाल ने इस रिपोर्ट को पेश किया। इसे लेकर दोनों सदनों में विपक्ष ने आपत्ति जताई। इनका आरोप है कि जेपीसी रिपोर्ट में उनकी असहमतियों को शामिल नहीं किया। राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा था जेपीसी की यह रिपोर्ट फर्जी है। इसमें विपक्ष की असहमतियों को डिलीट कर दिया गया। ये असंवैधानिक है। आप सांसद संजय सिंह ने कहा, 'हमने अपना पक्ष रखा। इससे सहमत या असहमत हो सकते हैं, लेकिन कूड़ेदान में कैसे डाल सकते हैं?




# एफआईआर के बिना मिलेगी अग्रिम जमानत

**जीएसटी और सीमा शुल्क मामला**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को एक महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए कहा कि अग्रिम जमानत का प्रावधान जीएसटी और कस्टम कानूनों पर भी लागू होता है। यानी, अगर किसी व्यक्ति के खिलाफ एफआईआर दर्ज नहीं हुई है, तब भी वह अग्रिम जमानत के लिए अदालत जा सकता है। मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति एमएम सुंदरश और न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी की पीठ ने यह फैसला सुनाया। अदालत ने पिछले साल 16 मई को इस मामले में अपना निर्णय सुरक्षित रख लिया था। सीजेआई संजीव खन्ना ने कहा कि अग्रिम जमानत से जुड़े दंड प्रक्रिया संहिता और नए कानून भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के प्रावधान, जीएसटी और कस्टम कानूनों पर भी लागू होंगे।अगर किसी व्यक्ति को जीएसटी या कस्टम कानून के तहत गिरफ्तारी का डर है, तो वह अग्रिम जमानत के लिए आवेदन कर सकता है, भले ही एफआईआर दर्ज न हुई हो।

# मौसम ने ली करवट, प्रदेश में लौट सकती है ठंड

**नई दिल्ली।** वैसे तो ठंड का मौसम चला चली की बेला में है। जिसके चलते चिलकती धूप से गई राज्यों में गर्मी बढ़ी है। वहीं दूसरी तरफ दिल्ली एनसीआर के कुछ इलाकों में गुरुवार सुबह बूंदाबादी के साथ तापमान नीचे आ गया है। धूप और गर्मी के बीच एक बार फिर मौसम में बदलाव होने जा रहा है। यूपी, बिहार और दिल्ली में ठंड की वापसी की संभावना बढ़ गई है। मौसम विभाग के अनुसार, पश्चिमी विक्षोभ के कारण इस समय कई राज्यों में मौसम के मिजाज में बदलाव आ रहा है। दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब और राजस्थान जैसे राज्यों में अगले दो-तीन दिनों तक हल्की से मध्यम बारिश की संभावना जताई जा रही है। बारिश के साथ ही तापमान में गिरावट आने के कारण सर्दी फिर से लौट सकती है। अगले दो दिनों में उत्तर पश्चिमी भारत में न्यूनतम तापमान में 2 डिग्री तक वृद्धि हो सकती है, जबकि इसके बाद 2-4 डिग्री की गिरावट की संभावना है। देश के अन्य हिस्सों में अगले 4-5 दिनों में न्यूनतम तापमान में कोई महत्वपूर्ण परिवर्तन नहीं होगा। उत्तर पश्चिमी भारत में अगले 3-4 दिनों में अधिकतम तापमान में 3-5 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट हो सकती है। कोंकण और गोवा में अगले 3-4 दिनों में अधिकतम तापमान में 2 डिग्री की गिरावट हो सकती है।

## ट्रक की टक्कर से हादसा चार श्रद्धालुओं की मौत

**भोजपुर।** जिले के शाहपुर थाना क्षेत्र अन्तर्गत पटना-बक्सर हाईवे पर शाहपुर बनाही अंडरपास के नजदीक गुरुवार की सुबह बेकाबू ट्रक ने एक ऑटो में जोरदार टक्कर मार दी। इसमें बाद ऑटो हवा में उछलकर सड़क के नीचे आ गया। इसमें चार लोगों की मौके पर मौत हो गई। जबकि ,एक दर्जन से अधिक श्रद्धालु घायल हो गए। मृतकों में तीन महिला और एक बच्चा शामिल हैं। घायलों का इलाज सदर अस्पताल,आरा में चल रहा है। सभी मृतक और घायल पटना तथा हाजीपुर समेत अन्य जिले के बताए जाते हैं। हादसे का कारण अनियंत्रित परिचालन बताया जा रहा है।

# प्रदेश में 10 हजार राजनीतिक नियुक्तियों की तैयारी

**तैयारी**

### 20 से 50 हजार मिलेंगे, पंचायत चुनाव से पहले नाराजगी दूर करेगी भाजपा

**लखनऊ।** योगी सरकार 2.0 के 3 साल 25 मार्च का पूरे हो रहे हैं। इस मौके पर भाजपा कार्यकताओं को राजनीतिक नियुक्तियों का तोहफा मिलेगा। राष्ट्रीय नेतृत्व के आदेश के बाद यूपी भाजपा ने इसकी तैयारी भी शुरू कर दी है। 10 हजार ऐसे पद हैं, जिन पर नियुक्तियां होनी हैं। इनमें 20 से लेकर 50 हजार रुपए महीने तक मानदेय मिलेगा। इससे नाराज भाजपा कार्यकताओं को पंचायत और विधानसभा चुनाव से पहले मनाया जा सकेगा। भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री विनोद तावड़े 14 फरवरी को लखनऊ दौरे पर आए थे। उन्होंने सीएम योगी, डिप्टी सीएम केशव मौर्य, डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक से मुलाकात की थी। साथ ही जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही, पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी और महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह से भी मिले थे। तावड़े ने सभी से राजनीतिक नियुक्तियों पर चर्चा की। साथ ही बताया था कि केंद्रीय नेतृत्व चाहता है, कार्यकर्ताओं के सरकार में समायोजन के लिए राजनीतिक नियुक्तियां जल्द की जाएं। पार्टी के एक पदाधिकारी ने बताया, भाजपा मार्च के बाद पंचायत चुनाव- 2026 और विधानसभा चुनाव-2027 की तैयारी शुरू करेगी। इसके लिए कार्यकताओं को सक्रिय करना होगा, लेकिन मौजूदा समय में अधिकतर जिलों में कार्यकर्ता संतुष्ट नहीं हैं। कार्यकताओं की नाराजगी दूर करने का सबसे बेहतर जरिया राजनीतिक नियुक्तियां ही हैं। इससे 10 हजार से ज्यादा कार्यकर्ताओं को सीधे तोहफा मिलेगा। अधिकांश निगम, आयोग, बोर्ड और नगरीय निकायों में कार्यकाल 3 से 5 साल का होता है। योगी सरकार के 3 साल पूरे हो चुके हैं। ऐसे में कार्यकताओं की नियुक्ति जल्द होनी चाहिए।आयोग, निगम और बोर्ड में राजनीतिक नियुक्तियों में 20 से लेकर 50 हजार रुपए महीने तक मानदेय मिलता है। कुछ आयोग में अध्यक्ष और सदस्यों का मानदेय शासन के प्रमुख सचिव के वेतनमान के समकक्ष भी है। लखनऊ में टाइप- 4 और 5 के आवास, वाहन और सुरक्षा गार्ड की सुविधा भी मिलती है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि वेतनमान से ज्यादा अहमियत समाज और क्षेत्र में उनके ओहदे और प्रभाव की है।

पार्टी सूत्रों के मुताबिक, कुछ नेताओं ने पार्टी नेतृत्व को सुझाव दिया है कि राजनीतिक नियुक्तियों में सभी समाज के लोगों को प्रतिनिधित्व मिलना चाहिए। एक-दो समाज को ही तरजीह देने से भी गलत संदेश जा रहा है। पिछले साल हुई नियुक्तियों में एक-दो समाज का ही वर्चस्व रहा। इसकी शिकायत केंद्रीय नेतृत्व तक पहुंची थी।सूत्रों के मुताबिक, अल्पसंख्यक आयोग में भी अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और सदस्यों की नियुक्ति होनी है।



### 5 हजार से ज्यादा सभासद और पार्षद मनोनीत होंगे

यूपी में 17 नगर निगम, 200 नगर पालिका परिषद और 490 नगर पंचायतें हैं। जानकारों का मानना है कि इनमें करीब 5 हजार से ज्यादा सभासद और पार्षद मनोनीत किए जाएंगे। इनकी नियुक्ति में स्थानीय विधायक, सांसद और जिलाध्यक्ष की बड़ी भूमिका रहेगी। पार्टी ने सभी जिलों से नाम मांगने की कवायद भी शुरू कर दी है। नगर निगम, नगर पालिका परिषद और नगर पंचायत में मनोनीत पार्षदों की संख्या का निर्धारण कुल पार्षदों की संख्या का 10 फीसदी तक होती है। जैसे लखनऊ नगर निगम में चुने हुए पार्षदों की संख्या 110 है, लेकिन यहां मनोनीत पार्षद 10 ही नियुक्त किए जाते हैं।





सरकारी प्रतिभूतियों में निवेश करना हुआ अब और भी आसान...
आरबीआई रिटेल डायरेक्ट मोबाइल ऐप
का उपयोग करके
कभी भी, कहीं भी
सरकारी प्रतिभूतियों में निवेश करें, जिनमें शामिल हैं
- खज़ाना बिल
- सॉवरेन स्वर्ण बॉण्ड
- अस्थिर दर बचत बॉण्ड 2020

आरबीआई रिटेल डायरेक्ट मोबाइल ऐप को डाउनलोड करने के लिए स्कैन करें

रसिका राजे
भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी और आरबीआई कर्मचारी

आरबीआई रिटेल डायरेक्ट मोबाइल ऐप के फायदे:
- सरकारी प्रतिभूति बाज़ार तक आसान पहुंच
- तुरंत लॉगइन, सरल यूजर इंटरफेस और आसान नेविगेशन
- भुगतान के कई विकल्प - नेट बैंकिंग, UPI और NACH
- परिपक्वता पर गारंटीकृत लाभ, शून्य ब्रोकरेज और अन्य कोई शुल्क नहीं




अधिक जानकारी के लिए, https://rbiretaildirect.org.in पर विजिट करें
हमें यहाँ लिखें: support@rbiretaildirect.org.in

जनहित में जारी
भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
www.rbi.org.in

साइबर ठगों का नया हथकंडा

# अब पुलिस कमिश्नर के नाम से बन गई फेक आईडी


## ऐक्टिव हुआ साइबर सेल, घंटों बीतने के बाद भी नहीं बंद हो सकी आईडी

### सीपी के नाम से बनी फेक आईडी तो मचा हड़कंप

अभिषेक सेठ

**वाराणसी।** प्रशासन के तमाम प्रयासों के बावजूद साइबर हैकिंग के केसेज कम होने का नाम नहीं ले रहे हैं। साइबर अपराधी आए दिन नए नए हथकंडे अपना रहे हैं। कभी नौकरी तो कभी लोन के नाम पर ठगी कर रहे हैं। इसी बीच पुलिस प्रशासन के उच्चाधिकारियों के नाम पर सोशल मीडिया के माध्यम से ठगी का मामला सामने आया है। साइबर ठग अधिकारियों के नाम से फेसबुक आईडी बनाकर लोगों को अपने झांसे में ले रहे हैं और उनसे ठगी कर रहे हैं।

इसी बीच वाराणसी के पुलिस कमिश्नर मोहित अग्रवाल के नाम और फोटो का इस्तेमाल कर फेक फेसबुक आईडी बनाने का मामला सामने आया है। साइबर जालसाजों ने इस फेक अकाउंट से लगभग 1000 प्रतिष्ठित लोगों को फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजी है। मामला सामने आने के बाद साइबर सेल सक्रिय हो गई है और जांच में जुटी हुई है।






फोटो-एआई

### फेक आईडी बनाकर भेजी जा रही फ्रेंड रिक्वेस्ट

पुलिस कमिश्नर मोहित अग्रवाल के नाम से बनाई गई फर्जी फेसबुक आईडी पर उनके परिचय में लिखा गया है कि वे आईपीएस अधिकारी हैं और लखनऊ में रहते हैं। शहर के कई लोगों को इस फेक आईडी से अचानक फ्रेंड रिक्वेस्ट मिलने लगी, जिससे लोगों को संदेह हुआ और मामला चर्चा में आ गया। जैसे ही इस घटना की जानकारी पुलिस कमिश्नर को मिली, उन्होंने तुरंत कार्रवाई के निर्देश दिए। साइबर थाने के एएसआई श्यामलाल गुप्ता ने बताया कि साइबर सेल इस फेक आईडी को ट्रैक कर रही है और इसके पीछे शामिल साइबर अपराधियों का पता लगाने के लिए साइबर एक्सपर्ट की मदद ली जा रही है। हालांकि, पुलिस की सतर्कता के बाद अब लोगों को इस फेक आईडी से जुड़ने से रोका जा रहा है। पुलिस कमिश्नर मोहित अग्रवाल ने आम जनता से अपील की है कि वे इस फेक अकाउंट की फ्रेंड रिक्वेस्ट स्वीकार न करें और इसकी सूचना तुरंत साइबर सेल को दें। उन्होंने कहा कि यह साइबर अपराधियों द्वारा की गई एक साजिश हो सकती है, जिससे लोगों को आर्थिक नुकसान पहुंचाया जा सकता है।

### फेसबुक अकाउंट की क्लोनिंग साइबर ठगी का नया हथकंडा

साइबर सिक्योरिटी एक्सपर्ट मृत्युंजय सिंह ने बताया कि फेसबुक अकाउंट की क्लोनिंग एक आम साइबर अपराध बन चुका है, जिसमें किसी व्यक्ति की फोटो, नाम और सार्वजनिक जानकारी का इस्तेमाल कर फर्जी अकाउंट बनाया जाता है।

### क्लोनिंग मुख्य रूप से दो कारणों से की जाती है:

पैसा ऐंठने के लिए: साइबर जालसाज फेक अकाउंट से पहले उस व्यक्ति के करीबियों को मैसेज भेजते हैं, फिर उनसे पैसे की मांग करते हैं। साइबर अपराध फैलाने के लिए: कई मामलों में जालसाज फर्जी अकाउंट के जरिए लोगों को भ्रामक जानकारियां भेजते हैं, जिससे वे ठगी का शिकार हो जाते हैं।


मृत्युंजय सिंह, साइबर एक्सपर्ट

### हर दिन 3 लाख अकाउंट की होती है क्लोनिंग

हर दिन करीब 3 लाख फेसबुक अकाउंट की क्लोनिंग या हैकिंग की जाती है। कुछ लोग अपनी सुरक्षा के चलते इससे बच जाते हैं, जबकि कई लोग साइबर ठगों के झांसे में आकर पैसे गवां बैठते हैं। उन्होंने कहा कि अगर कोई व्यक्ति फेसबुक के जरिए पैसों की मांग करता है, तो बिना पुष्टि किए पैसे न भेजें। पहले उस व्यक्ति को फोन करके कन्फर्म करें कि वह वास्तव में पैसों की जरूरत में है या नहीं।

### फेसबुक अकाउंट की क्लोनिंग से कैसे बचें?

मृत्युंजय सिंह के अनुसार, कुछ महत्वपूर्ण सावधानियां बरतकर फेसबुक अकाउंट की क्लोनिंग से बचा जा सकता है:

1. अकाउंट को लॉक करें: अपने फेसबुक अकाउंट को हमेशा लॉक या प्राइवेट मोड में रखें।
2. प्राइवेसी सेटिंग्स अपडेट करें: फेसबुक के प्राइवेसी सेक्शन में जाकर अपनी प्रोफाइल और पोस्ट की शेयरिंग सेटिंग्स को "फ्रेंड्स" या "ओनली मी" पर सेट करें।
3. अनजान फ्रेंड रिक्वेस्ट स्वीकार न करें: किसी भी अनजान व्यक्ति की फ्रेंड रिक्वेस्ट स्वीकार करने से पहले उसकी प्रोफाइल की जांच करें।
4. संदिग्ध लिंक पर क्लिक न करें: अगर कोई व्यक्ति संदिग्ध लिंक भेजता है, तो उसे क्लिक करने से बचें, क्योंकि इससे आपका अकाउंट हैक हो सकता है।
5. पब्लिक पोस्ट से बचें: अपनी निजी जानकारियों को पब्लिक में शेयर करने से बचें, क्योंकि साइबर अपराधी इन्हीं

## संक्षेप

### केशरवानी समाज की ओर से चलता रहा पूजन अर्चन



**वाराणसी।** श्री विशेश्वर महादेव मंदिर सेवा न्यास घोड़ा अस्पताल संत कबीर रोड वाराणसी महाशिवरात्रि के अवसर पर बाबा श्री विशेश्वर महादेव मंदिर में सुबह से पूजा अर्चन के लिए दर्शनार्थियों की भीड़ जमा थी। केशरवानी समाज की तरफ से बाबा का भव्य बारात भी आया, दोपहर से फल और फलाहार वितरण किया गया। शाम में बाबा का भव्य शृंगार किया गया। जिसमे बाबा को दूल्हे का स्वरूप दिया गया। आरती की गई इसके बाद प्रसाद में ठंडाई वितरण और झांकी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में श्रवण गुप्ता ,राजीव सिंह डब्बू (मण्डल अध्यक्ष), संजय विश्वकर्मा, मयंक चौरसिया,अभिषेक राय,गौरव चौरसिया,सुनील,शिव गुप्ता, दीपक गुप्ता उपस्थित थे ।

### प्राचीन सिद्ध शिव मंदिर में भक्तों ने किया पूजा अर्चन

**वाराणसी।** महाशिवरात्रि पर प्रशांतपुरी डीआईजी कालोनी में दिलीप अग्रवाल के भवन में स्थित प्राचीन सिद्ध शिव मंदिर में विधि विधान से पूजन अर्चन किया गया। महाशिवरात्रि पर मंदिर में कॉलोनीवासियों एवं आसपास के श्रद्धालुओं ने भगवान महादेव को जल, दूध, शहद, बेलपत्र, चंदन, अबीर- गुलाल, फूल- माला एवं अन्य पूजन सामग्री अर्पित कर अभिषेक किया। हर हर महादेव के जोरदार उद्घोष के बीच पूजा पाठ का सिलसिला शाम तक जारी रहा। शाम को भोलेनाथ के भक्ति भजनों से मंदिर प्रांगण गुलजार रहा। रात्रि में आरती के बाद भक्तों में प्रसाद वितरित किया गया। महाशिवरात्रि पर फूल माला, विद्युत झालरों और रंग-बिरंगी लाइटों से मंदिर को आकर्षक रूप से सजाया गया। पूजा- पाठ में गौरी शंकर दुबे, राजेश मिश्र, प्रद्योत सिंह, नरेंद्र सिंह,आरएस द्विवेदी, मनोज सिंह, संजय अग्रवाल, प्रवीण सिंह, संतोष सिंह, सुनील कुमार सिंह, प्रवीण पांडेय, विनोद पांडेय, महेश पांडेय आदि शामिल रहे।

### अवैध विज्ञापनों पर एआई अब लगाएगी रोक




**वाराणसी।** शहर में अवैध विज्ञापनों पर एआई(आर्टिफिशियल इंटेलीजेंट) अब रोक लगाएगी। देश का दूसरा शहर काशी होगा,जहां इस तकनीक का प्रयोग होगा। इस व्यवस्था से जहां अब नगर निगम की आय बढ़ेगी,वहीं विज्ञापन विभाग से इसकी शुरूआत की जाएगी। नगर आयुक्त अक्षत वर्मा के निर्देश पर यह कार्य मार्च के प्रथम सप्ताह से प्रारम्भ होने जा रहा है। इसके लिए संस्था का भी चयन कर लिया गया है। तकनीकी ढंग से लैस यह चयनित संस्था एक छोटे वाहन से पूरे शहर का जहां भ्रमण करेगा। वही सर्वे कर रिपोर्ट देगा। इस व्यवस्था से शहर के सभी क्षेत्रों में लगे विज्ञापनों को सेन्सर के माध्यम से डाटा इकट्ठा होगा और कम्प्यूटर पर दर्ज कर मिलान होगा। जिससे यह ज्ञात किया जाएगा कि कौन सा विज्ञापन नगर निगम द्वारा अधिकृत है और कौन सा विज्ञापन अनाधिकृत है। शहर में अनाधिकृत लगे विज्ञापनों को नगर निगम एआई के द्वारा कम्प्यूटर जनरेटेड नोटिस जारी करेगा और उससे जुर्माना वसूला जायेगा। नगर निगम तकनीकी उपकरणों से दक्ष वाहन से जबरदस्त अभियान चलाए जाने के मूड में है। विभाग प्रत्येक तीन माह में पूरे शहर का सर्वे कार्य कराने का निर्णय लिया है। जिससे अवैध विज्ञापनों को चिह्नित किए जाएंगे। जिससे नगर निगम की आय में काफी बढ़ोतरी होगी।

# पत्नी की हत्या कर फरार आरोपी चंद्रमोहन सिंह गिरफ्तार

## पुलिस ने बरामद की हत्या में प्रयुक्त बंदूक

**वाराणसी।** मंडुआडीह थाना पुलिस ने अपनी पत्नी की गोली मारकर हत्या करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी चंद्रमोहन सिंह वारदात के बाद फरार हो गया था और गिरफ्तारी से बचने के लिए लगातार ठिकाने बदल रहा था। पुलिस ने उसे चांदपुर स्थित उसके किराए के मकान से गिरफ्तार किया और उसके पास से हत्या में इस्तेमाल 12 बोर की दो नाली बंदूक और दो जिंदा कारतूस बरामद किए।

**घरेलू विवाद में हत्या, बेटे ने कराई थी सुलह की कोशिश**

पुलिस पूछताछ में आरोपी चंद्रमोहन सिंह ने कबूल किया कि उसने घरेलू विवाद के चलते पत्नी की हत्या की थी। बुधवार सुबह से ही पति-पत्नी के बीच झगड़ा चल रहा था, जिसका कारण साले की सगाई में शामिल होने को लेकर असहमति थी। विवाद बढ़ने पर उनके बेटे ने बीच-बचाव कर मामले को शांत कराने की कोशिश की, लेकिन जब वह अपने काम से बाहर चला गया, तो विवाद फिर से शुरू हो गया। आरोपी ने बताया कि गुस्से में आकर उसने घर में रखी लाइसेंसी बंदूक निकाली और पत्नी को धमकाया कि अगर उसने चुप्पी नहीं साधी, तो वह गोली चला देगा। पत्नी के विरोध जारी रखने पर उसने दो गोलियां दाग दीं, जिससे वह मौके पर गिर गई। फायरिंग की आवाज सुनकर जब पड़ोसी पहुंचे, तो चंद्रमोहन ने खुद को बचाने के लिए उन पर भी बंदूक तान दी और भाग निकला।

### गुप्त सूचना पर पुलिस ने की गिरफ्तारी

घटना के बाद पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी थी। गुरुवार दोपहर पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि चंद्रमोहन सिंह चांदपुर स्थित अपने किराए के मकान में छिपा है। इस पर पुलिस ने इलाके की घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी मूल रूप से प्रतापगढ़ जिले के रानीगंज थाना क्षेत्र के ग्राम हुसेनपुर का निवासी है। वर्तमान में वह वाराणसी के चांदपुर इलाके में विजय राज यादव के मकान में किराए पर रह रहा था। पुलिस ने उसके खिलाफ हत्या और शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

## भाकपा ने सौंपा 7 सूत्री मांग पत्र

**पिंडरा।** बिजली विभाग के निजीकरण के विरोध व स्मार्ट विद्युत लगाने समेत 7 सूत्रीय मांगों को लेकर गुरुवार को भाकपा (मार्क्सवादी) के बैनर तले एसडीएम पिंडरा को पत्रक सौंपा। भाकपा के प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर तहसील पिंडरा पहुंचे कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने विद्युत विभाग के निजीकरण, संविदा कर्मियों के स्थायी न करने तथा स्मार्ट विद्युत मीटर लगाने का विरोध करते हुए मुख्यमंत्री को सम्बोधित 7 सूत्रीय मांगों को लेकर एसडीएम पिंडरा को पत्रक सौंपा। इस दौरान कामरेड रामजी सिंह, कामरेड लक्ष्मण प्रसाद, संतोष पटेल, उदयराज, प्यारेलाल वर्मा, बचाऊ राम, शिव शंकर लाल, नंदलाल सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

## ट्रेन में अटैची गायब करने के मामले में आरोपी को कोर्ट से राहत नहीं

**वाराणसी।** 25 साल पहले ट्रेन में चढ़ने के दौरान अटैची गायब करने के मामले में आरोपी आजमगढ़ निवासी कुली अच्छे लाल को कोर्ट से राहत नहीं मिली। अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट उतर रेलवे अभिनय जैन की अदालत ने आरोपी को दोषी पाते हुए तीन साल की सजा और दस हजार रुपए जुमार्ना भी लगाया है। कोर्ट में अभियोजन की ओर से एपीओ विजेता सिंह ने पैरवी की। अभियोजन पक्ष के अनुसार दुगार्कुंड भेलूपुर निवासी अमित कुमार सिंह ने जीआरपी कैंट में पांच फरवरी 2000 मुकदमा दर्ज कराया था। आरोप था कि घटना वाले दिन वादी अपने भाई और बच्ची के साथ कैंट स्टेशन से ताप्ती गंगा ट्रेन से सूरत जाने वाला था। उसके पास दो अटैची और बैग था। उसने ट्रेन में चढ़ाने के लिए कुली से बात की और उसने अटैची और बैग लेकर ट्रेन में चला गया। सीट पर गया तो एक अटैची गायब कर दिया। ट्रेन में काफी तलाशने के बाद भी नहीं मिली। उसने किसी आपने को थमा दिया था। उसमें गहने और आठ हजार रुपए नगद पैसा थे। पुलिस ने विवेचना के बाद कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल किया था। कोर्ट ने दोनों पक्ष के सुनने व साक्ष्य के अवलोकन के बाद आरोपी को दोषी पाते हुए सजा सुनाई।

**कार्यालय ग्राम पंचायत सीताकुण्ड, विकास खण्ड-बेलहरी, बलिया**

पत्रांकः- मेमो | **निविदा सूचना** | दिनांक 27.02.2025

ग्राम पंचायत सीताकुण्ड विकास खण्ड बेलहरी के अन्तर्गत मनरेगा/पंचम राजवित्त/केन्द्रीय वित्त/ स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेस-02 SLWM के योजनान्तर्गत वर्ष 2024-25 में कार्य किया जाना है। जिसका विवरण निम्न है।

| क्रम सं. | कार्य का नाम |
|---|---|
| 1- | रिसोर्स रिकवरी सेंटर का निर्माण (R.R.C.) |
| 2- | पंचायत भवन का अपग्रेडेशन फाल्स सिलिंग एवं इलेक्ट्रिक वायरिंग का कार्य |
| 3- | ई- रिक्सा का क्रय |

सार्वजनिक को सूचित किया जाता है ग्राम पंचायत-सीताकुण्ड विकास खण्ड बेलहरी, बलिया में उपरोक्त कार्य का मुहरबंद निविदायें इच्छुक सिर्फ सामग्री आपूर्तिकर्ता/फर्मो से दिनांक 28.02.2025 से दिनांक 03.03.2025 तक 10 बजे से लेकर 03 बजे तक निविदा आमंत्रित की जाती है। प्राप्त सभी निविदायें 03.03.2025 को दिन में 04 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में उपस्थित होकर निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र 28.02.2025 से दिनांक 03.03.2025 तक किसी भी दिवस के समय 03 बजे तक ग्राम पंचायत के कार्यालय से निर्धारित गैर वापसी शुल्क जमा करके प्राप्त की जा सकती है। निविदादाताओं को नियमानुसार जी0एस0टी0 प्रमाण पत्र, आधार कार्ड एवं पैन कार्ड मूल प्रति के साथ सत्यापित छायाप्रति प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। नियम व शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।

ग्राम प्रधान — सचिव

## कालोनियों के उच्चीकरण कार्यों का किया निरीक्षण



निरीक्षण

### वीडीए सचिव ने की समीक्षा और देखी प्रगति

**वाराणसी।** वीडीए सचिव गुरुवार को लालपुर पहुंचे। जहां तीन कालोनियों में किए जा रहे उच्चीकरण कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान वीडीए सचिव डा. वेद प्रकाश मिश्र ने कार्यों की समीक्षा की और प्रगति को देखा।

उन्होंने अशोक विहार कालोनी के ब्लॉक ए और ब्लॉक बी.,लालपुर ब्लॉक बी.होली पार्क तथा महादेव नगर कालोनी पार्क में चल रहे उच्चीकरण कार्यों के आधुनिक प्रकाश व्यवस्था को जाना और प्लाटर, पेटिंग की प्रगति को देखा। वीडीए सचिव इस दौरान कालोनीवासियों से मिले और उनसे वार्ता की तथा उनके सुझावों का सुना। उन्होंने नागरिकों की सुविधा हेतु विकास कार्यों को जहां समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण पूर्वक पूरा कराए जाने को कहा। वहीं इंटरलाकिंग हार्टिकल्चर और बोरिंग के कार्य के साथ पार्को में बेंच तथा झूला लगाए जाने का निर्देश भी दिया।

इस अवसर पर अधिशासी अभियंता अरविन्द शर्मा, सहायक अभियंता अनुज शर्मा और अवर अभियंता संजय गुप्ता आदि लोग शमिल रहे।

## एक मार्च को दिखेगा चांद

### दो मार्च को होगा रमजान उल मुबारक का आगाज

**वाराणसी।** आखिरी जुमेरात को दरगाहे फातमान में मजलिस को खिताब करते हुए शिया जामा मस्जिद के प्रवक्ता हाजी फरमान हैदर ने बताया कि मुबारक महीने रमजान का आगाज २ मार्च रविवार को होगा। बनारस के लाखों मुसलमान भाई इस मुबारक महीने में रोजे नमाज के साथ इबादत में मगशूल हो जाएंगे। श्री हैदर ने बताया कि शिया समुदाय की 32 मस्जिदों में शनिवार की शाम को ही इस्तेकबाल ए माहे रमजान के उपलक्ष्य में मजलिसों का आयोजन होगा। अहले सुन्नत हजरात सैकड़ों मस्जिदों में तरावीह की नमाज अदा करेंगे। इस सिलसिले से मुस्लिम बहुल इलाकों में मस्जिदों में साफ सफाई और रंग रॉगन का काम पूरा हो चुका हुआ। इस सिलसिले से उन्होंने शासन प्रशासन से अपील की है बिजली, पानी, साफ, सफाई, सुरक्षा की व्यवस्था के ओर विशेष ध्यान दिए जाने की जरूरत है।

**कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, बदलापुर, जौनपुर**

पत्रांक- 974/एन.आर.एल.एम./निविदा प्रकाशन/2024-25 | दिनांक 27 फरवरी, 2025

**अल्पकालीन निविदा**

मुख्य विकास अधिकारी महोदय जौनपुर के पत्र संख्या-628/एन.आर.एल.एम./स्था0/2024-25 दिनांक 11.02.2025 द्वारा विकास खण्ड परिसर में एन. आर. एल. एम. के अन्तर्गत बी. एम. एम. यू. कार्यालय के रिफर्वीसमेन्ट हेतु निर्देशित किया गया है।

उक्त के क्रम में विकास खण्ड परिसर में बी. एम. एम. यू. कार्यालय में रिफर्वीसमेन्ट कार्य कराने के लिए सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आवेदनकर्ता दिनांक 01.03.2025 से दिनांक 10.03.2025 तक कार्यालय अवधि में कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी बदलापुर से रू0 500.00 मात्र में निविदा फार्म प्राप्त कर समस्त आवश्यक अभिलेखों सहित दिनांक 10.03.2025 तक कार्यालय में जमा कर सकते है। दिनांक 10.03.2025 को अपरान्ह 04.00 बजे निविदा आवेदनकर्ता फर्मों के प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी।

**कार्य का विवरण निमनवत् है-**

| क्रमांक | ग्राम पंचायत का नाम | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (लाख रू0 में) |
|---|---|---|---|
| 1 | विकास खण्ड परिसर | विकास खण्ड परिसर में बी.एम.एम.यू. कार्यालय में रिफर्वीसमेन्ट कार्य | 3.00 |

उपरोक्त कार्यों पर बालू, सीमेन्ट, सरिया, गिट्टी, पत्थर, ईंट, पी.वी.सी. पैनल, पेन्ट, टाइल्स, खिड़की, दरवाजा आदि निर्माण सामग्री की आवश्यकता होगी, जिसकी आपूति4 हेतु टेण्डर में न्यूनतम दर प्रस्तुत करने वाली स्वीकृत फर्म को पृथक से आदेश निर्गत किया जायेगा।

**नियम एवं शर्ते :-**

1- निविदादाता फर्म का टेण्डर फार्म के साथ जी.एस.टी. आयकर श्रम विभाग में रजिस्ट्रेशन का प्रपत्र संलग्ना करना अनिवार्य है।
2- सामग्री आपूर्ति की मात्रा कार्य प्रभारी द्वारा पृथक से सूचित की जायेगी।
3- सामग्री की मात्रा कार्य प्रभारी के मांग के आधार पर घटायी या बढ़ायी जा सकेगी।
4- निविदा में प्रस्तुत दर पी. डब्ल्यू.डी. के स्वीकृत दर से अधिक न हो।
5- भुगतान हेतु प्रस्तुत बिल की धनराशि पर 02 प्रतिशत जी.एस.टी. एवं 02 प्रतिशत आयकर, 01 प्रतिशत लेबर सेस व खनिज पदार्थो पर एम. एम. 11 प्रपत्र प्रस्तुत न करने पर नियमानुसार रायल्टी की कटौती की जायेगी।
6- बिना कारण बताये निविदा निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास होगा।
7- सामग्री की गुणवत्ता अवर अभियन्ता द्वारा संतोषजनक प्रमाणित करने पर ही सामग्री का भुगतान किया जायेगा।
8- निविदा के साथ 5 प्रतिशत धरोहर की धनराशि जो बैंक सावधि जमा/डाकघर सावधि जमा के रूप में खण्ड विकास अधिकारी बदलापुर के नाम बंधक होगी, जमा करनी होगी, जो कार्य पूर्ण होने के 06 माह के पश्चात बंधकमुक्त की जायेगी।
9- अन्य प्रतिबन्ध व शर्तें निविदा प्रपत्र पर अंकित है जिसका अनुपालन निविदादाता को करना होगा।

**खण्ड विकास अधिकारी**
**बदलापुर, जौनपुर।**

जनसंदेश टाइम्स
**वर्गीकृत**

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मेरा LIC पाल्सी संख्या-566164310 में गुलाबी देवी उर्फ शकुंतला पत्नी लक्ष्मी शंकर मौर्य ग्राम-कनक सराय, पोस्ट-कछवा बाजार, जिला-मिजार्पुर है हम दोनों नाम से जाने पहचाने जाते हैं।

मेरा हाईस्कूल वर्ष 2007 अनुक्रमांक 2844988 एवं इण्टरमीडिएट वर्ष 2009 अनुक्रमांक 1644303 का प्रमाणपत्र-सह-अंकपत्र खो गया है। शैलेष कुमार वर्मा पुत्र नंदजी वर्मा, ग्राम-परिखरा, पोस्ट-तिखमपुर, जिला-बलिया, उप्र।

**आवश्यकता**

**आवश्यकता है**

गोपाल जी महाविद्यालय रेवती, बलिया में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत डी0एल0एड0 पाठ्यक्रम हेतु प्राचार्य-01, गणित-01, कम्प्यूटर-01, सामाजिक अध्ययन-01, हिन्दी-01, अंग्रेजी-01 प्रवक्ताओं की आवश्यकता है। योग्यतानुसार सभी शैक्षणिक प्रमाणपत्रों की छाया प्रति व दो फोटो सहित 15 दिनों के अन्दर आवेदन करें।

## बिरहा के बेताज बादशाह को किया नमन

### रामदेव यादव को दी गई श्रद्धांजलि

**वाराणसी।** कोनिया धोबी घाट स्थित आनन्द वन, हनुमान मंदिर में बिरह गीत श्रद्धांजलि सभा में पूर्वांचल भर से जुटे हुए विरहा गायक एव विरहा प्रेमियों ने अपने गुरु कवि चंद्रिका एवं विरहा के बेताज बादशाह रामदेव यादव को नमन किया।कवि डा जयशंकर जय ने कहां-विरहा लोक गीतों की रसमंजरी है। जो लोगो में उत्साह एवं खुशहाली का संचार करती है। इसमें लोक मंगल की भावना निहित है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से, बबलू बाबरा, रामविलास यादव चंचल कुमारी, रामजी, मन्नालाल जवाहर भारत भूषण यादव, मनोज मांझी रामलखन प्रजापति, पुष्पेश केवट, वीर बहादुर यादव वीर जी, रामलखन यादव, विकास यादव (गुरु गणेश वंशज) सहित बड़ी संख्या में बिरहा गायकों ने रसधारा वहायी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से, मनोहर पहलवान, चौधरी शोभनाथ, मदन यादव, राजाराम गोड अर्पित पाण्डेय, राजेंद्र प्रसाद अमरदेव यादव, सुभाष मौर्या समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। संयोजन एवं धन्यवाद ज्ञापन, शारदा यादव वेकहल संचालन, भारतभूषण ने किया।

# सीवर ओवरफ्लो की समस्या का जल्द होगा निस्तारण

तैयारी

### नगर आयुक्त ने किया निरीक्षण सीवर लाइन डालने, डायवर्जन करने का दिया निर्देश

**वाराणसी।** कमालपुरा छहमुहानी में सीवर ओवरफ्लो की समस्या का जल्द निस्तारण होगा। जहां चौकाघाट एम.पी.एस.सीवर लाइन जल्द डाला जाएगा,वही सीवर डायवर्जन कर व्यवस्था को ठीक किया जाएगा। इसको लेकर नगर आयुक्त अक्षत वर्मा अचानक वार्ड में पहुंचे और समस्या का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सीवर ओवरफ्लो की समस्या को देखा और इस बाबत जानकारी प्राप्त की।



नगर आयुक्त ने कमालपुरा वार्ड के पार्षद गुलशन अली द्वारा छहमुहानी क्षेत्र में सीवर/मैनहोल ओवरफ्लो की समस्या के निराकरण कराए जाने की मांग पर जलकल सचिव को पीक आवर्स में सीवर ओवरफ्लो की समस्या के दृष्टिगत छहमुहानी क्षेत्र में तत्काल चौकाघाट एम.पी.एस. सीवर लाइन डालने और सीवर डायवर्जन करने का निर्देश दिया। इसी क्रम में नगर आयुक्त अक्षत वर्मा सीवर ट्रीटमेंट प्लांट दीनापुर एवं कोनिया एम.पी.एस. के संचालन कार्य का भी औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने 140 एवं 80 एम. एल.डी. सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट दीनापुर, कोनिया एम.पी.एस. के संचालन कार्यों को विस्तार से देखा और व्यवस्था की पूरी जानकारी ली। सीवर ट्रीटमेंट प्लांट एवं संबंधित कंट्रोल रूम दीनापुर के संचालन और प्लांट के रख- रखाव हेतु आवश्यक निर्देश दिया। कोनिया एम.पी. एस. पर अधिक सीवेज फ्लो आने के संबंध में अधिशासी अभियंता जल निगम द्वारा अवगत कराए जाने पर नगर आयुक्त ने एम.पी.एस. की क्षमता बढ़ाकर 220 एम.एल.डी करने हेतु उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण) के माध्यम से डी.पी.आर. शासन को प्रेषित की जाने की जहां जानकारी दी,वही इसके स्वीकृति उपरांत क्षमता वृद्धि का कार्य उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण) द्वारा कराये जाने का निर्देश दिया है।

इस अवसर पर ओ.पी.सिंह, सचिव, जलकल, शहरोज दोस्त, अधिशासी अभियंता जल निगम,कमल सिंह, अधिशासी अभियंता जल निगम (नगरीय) बी.के. राठौर सहायक अभियंता, पार्षद अमरदेव यादव आदि लोग शमिल थे।

## वाराणसी सर्राफा भाव



सोना (RTGS 999.0)
89300/inc.GST



चांदी (99.50)
98500/- प्रति किलो



चांदी सिक्का
120000/- प्रति सैकड़ा





# 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' से भारत को मिलेगी स्थिरता: डॉ. सुधांशु त्रिवेदी

## बीएचयू के स्वतंत्रता भवन में आयोजित संगोष्ठी में कहा, बार-बार चुनाव से विकास कार्य होते हैं बाधित

**आयोजन**

**बिहार और मेघालय के पूर्व राज्यपाल फागू चौहान ने 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' को बताया देश की जरूरत**

जनसंदेश न्यूज





**वाराणसी।** भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता व राज्यसभा सदस्य डॉ. सुधांशु त्रिवेदी ने मंगलवार को बीएचयू के स्वतंत्रता भवन सभागार में आयोजित 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' विषयक संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि देश की दीर्घकालिक स्थिरता, विकास और प्रशासनिक दक्षता के लिए 'वन नेशन, वन इलेक्शन' आवश्यक है। कहा कि संविधान निर्माताओं ने जब लोकतंत्र की संकल्पना की, तब एक साथ चुनाव कराने का ही निर्णय लिया था। 1952 से 1967 तक देश में लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ होते थे, लेकिन बाद में यह प्रक्रिया बाधित हो गई। कहा कि बार-बार चुनाव कराने से विकास कार्य प्रभावित होते हैं, प्रशासनिक कार्यों में बाधा आती है और आर्थिक संसाधनों पर अतिरिक्त दबाव पड़ता है।

डा. सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि 1996-97-98 में हुए चुनावों के दौरान अटल बिहारी वाजपेयी ने कहा था कि लोकतंत्र की धड़कन चुनाव है, लेकिन यदि धड़कन बहुत तेजी से हो तो यह स्वास्थ्य के लिए खतरनाक है। इसी तर्ज पर आज भी हर साल चुनाव कराना देश के आर्थिक और प्रशासनिक संसाधनों पर भारी पड़ता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि यदि भारत को वैश्विक शक्ति बनाना है तो हमें दीर्घकालिक योजनाओं पर ध्यान देना होगा। उन्होंने कहा कि 1989 से 2014 तक देश में राजनीतिक अस्थिरता थी, लेकिन 2014 में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में स्थिर सरकार बनी, जिसने राष्ट्रहित और जनहित में ऐतिहासिक निर्णय लिए।

डा. त्रिवेदी ने कहा कि जब मोदी सरकार ने डिजिटल ट्रांजेक्शन को बढ़ावा देने की बात की, तब पी. चिदंबरम ने कहा था कि भारत के लोग कम पढ़े-लिखे हैं, इसलिए यह व्यवस्था सफल नहीं होगी। लेकिन आज भारत ने अमेरिका और चीन को भी डिजिटल लेन-देन में पीछे छोड़ दिया है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने जन-धन योजना के तहत 54 करोड़ खाते खुलवाए, जिनमें दो लाख करोड़ रुपये गरीबों के जमा हैं। उन्होंने कहा कि 'वन नेशन, वन इलेक्शन' से देश को कई बड़े लाभ होंगे। संपूर्ण देश में एक साथ चुनाव होने से प्रशासनिक दक्षता बढ़ेगी। एक प्रतिशत से अधिक जीडीपी की बचत होगी। इंफ्लेशन दर में कमी आएगी। राजनीतिक प्रतिस्पर्धा स्वस्थ होगी और जात-पात की राजनीति में कमी आएगी। उन्होंने कहा कि विपक्षी दल हर नयी व्यवस्था का विरोध करते आए हैं, चाहे वह डिजिटल इंडिया हो, जीएसटी हो या अब 'वन नेशन, वन इलेक्शन'। लेकिन भारत अब 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की दिशा में बढ़ चुका है। कहा कि मोदी सरकार जो ठान लेती है, उसे हर हाल में पूरा करती है। उन्होंने कहा कि विपक्षी दल इस व्यवस्था का विरोध कर रहे हैं, लेकिन मोदी सरकार दृढ़ संकल्पित है और इसे लागू कर देश को एक नई दिशा देगी।

बिहार और मेघालय के पूर्व राज्यपाल फागू चौहान ने संगोष्ठी की अध्यक्षता की। उन्होंने 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' को देश की जरूरत बताया और कहा कि इससे विकास को गति मिलेगी और राजनीतिक स्थिरता सुनिश्चित होगी। कार्यक्रम के प्रारम्भ में मुख्य अतिथि डा. सुधांशु त्रिवेदी द्वारा बीएचयू के संस्थापक पं मदन मोहन मालवीय की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया एवं कार्यक्रम के अंत में राष्ट्रगान हुआ। प्रदेश महामंत्री एवं एमएलसी अनुप गुप्ता,भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष दिलीप पटेल, जिलाध्यक्ष एवं एमएलसी हंसराज विश्वकर्मा एवं महानगर अध्यक्ष विद्यासागर राय ने मंचासिन अतिथियों को पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्रम एवं मोमेंटो देकर स्वागत व अभिनंदन किया। विषय प्रस्तावना काशी मंथन के संस्थापक डा मयंक नारायण सिंह ने रखा। संचालन कार्यक्रम संयोजक अशोक चौरसिया ने किया।

### इनकी रही उपस्थिति

राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार डा. दयाशंकर मिश्र दयालु, पूर्व मंत्री एवं विधायक डा. नीलकंठ तिवारी, कैंट विधायक सौरभ श्रीवास्तव, जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मोर्या, महापौर अशोक तिवारी, प्रदेश कोषाध्यक्ष मनीष कपूर, पूर्व विधायक सुरेंद्र नारायण सिंह, डा विरेंद्र प्रताप सिंह,क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी नवरतन राठी, सह मीडिया प्रभारी संतोष सोलापुरकर, राकेश शर्मा, सुदामा पटेल, अनिल श्रीवास्तव, नंद जी पांडेय, देवेन्द्र मोर्या, शैलेन्द्र मिश्रा, निर्मला सिंह पटेल, नम्रता चौरसिया, गीता शास्त्री, नवीन कपूर, जगदीश त्रिपाठी, सुरेश सिंह, संजय सोनकर, प्रवीण सिंह गौतम, आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# सरकारी कार्यालयों के बदले लगा दिए आम उपभोक्ताओं के यहां प्रीपेड मीटर

जनसंदेश न्यूज

**आरोप**

**स्मार्ट मीटर निर्माताओं को लाभ पहुंचाने को बदल दिए गए नियम : अवधेश वर्मा**

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने कहा कि आरडीएसएस योजना के तहत स्मार्ट प्रीपेड मीटर पहले सरकारी कार्यालयों व औद्योगिक वाणिज्यिक श्रेणी के उपभोक्ताओं के यहां लगाना था। उसकी सफलता देखने के बाद ही घरेलू उपभोक्ताओं के यहां इसे लगाना था। लेकिन आदेश के विपरीत आम उपभोक्ताओं के घर पर पहले ही इन मीटर को लगा दिया गया।

उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने पावर कॉरपोरेशन प्रबंधन पर स्मार्ट प्रीपेड मीटर की निर्माता कंपनियों को फायदा पहुंचाने के लिए नियम विपरीत कार्य कराने का आरोप लगाया है। उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि उत्तर प्रदेश में अब तक कुल 9,79,371 स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाए गए हैं। जबकि कुल 45,734 चेक मीटर लगे हैं, लेकिन आज तक सभी का मिलान नहीं किया गया है। इसके विपरीत फरवरी में अब तक प्रदेश में कुल 1,15,055 सरकारी कार्यालय में से महज 17,440 पर ही स्मार्ट प्रीपेड मीटर लग सके, जो नियमों का खुला उल्लंघन है। उन्होंने कहा कि अब पावर कारपोरेशन ने कहा है कि 31 मार्च तक सभी सरकारी और वाणिज्यिक उपभोक्ताओं के साथ-साथ आम उपभोक्ताओं के यहां स्मार्ट मीटर लगाने को निर्देश दिया है, नहीं तो अनुदान नहीं मिलेगा। सभी बिजली कंपनियों को कुल 2,59,57,026 स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाना था। वर्तमान में लगभग 9,79,371 स्मार्ट प्रीपेड मीटर उपभोक्ताओं के परिसर पर लग चुके हैं। उसके सापेक्ष सभी बिजली कंपनियों में पांच प्रतिशत पुराने मीटर को ही चेक मीटर के रूप में स्थापित करना था। वर्तमान में 45,734 चेक मीटर स्थापित किए गए हैं। आज तक दोनों मीटरों की मिलान की रिपोर्ट के बारे में नहीं बताया गया है। उन्होंने कहा कि क्वालिटी कंट्रोल के आधार पर सभी स्मार्ट प्रीपेड मीटर के अंदर के कलपुर्जों की जांच की जाए तो पता चलेगा कि बड़े पैमाने पर चीन के कलपुर्जे लगाए गए हैं। प्रोजेक्ट पूरा होने के बाद ही पावर कारपोरेशन को पता चलेगा कि घटिया मीटर निर्माता कंपनियों ने उत्तर प्रदेश में इस प्रोजेक्ट में खेल कर दिया है और उसका लाभ प्रदेश को नहीं मिलने वाला है।

### बिजली निजीकरण के खिलाफ राष्ट्रव्यापी हड़ताल 26 जून को

**वाराणसी।** पूर्वांचल और दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगमों के प्रस्तावित बिजली निजीकरण के विरोध में नेशनल कोआर्डिनेशन कमेटी ऑफ इलेक्ट्रिसिटी इम्प्लाइज एण्ड इंजीनियर्स (एनसीसीओईईई) ने 26 जून को राष्ट्रव्यापी हड़ताल का ऐलान किया है। राष्ट्रव्यापी हड़ताल को सफल बनाने के लिए अप्रैल और मई में देश के सभी प्रांतों में बड़े सम्मेलन किए जाएंगे। इससे पहले उत्तर प्रदेश में चल रही निजीकरण की प्रक्रिया के विरोध में संघर्ष समिति के राष्ट्रीय पदाधिकारी चार रैलियां करेंगे। कोआर्डिनेशन कमेटी ने आल इंडिया ट्रेड यूनियनों की मई में होने वाली हड़ताल के दिन भी देश भर में काम बंद रखने का निर्णय भी लिया है। एनसीसीओईईई की बीते दिनों नागपुर में हुए राष्ट्रीय सम्मेलन में उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत परिषद अभियंता संघ के महासचिव जितेन्द्र सिंह गुर्जर और बिजली कर्मचारी संघ के प्रमुख महासचिव महेन्द्र राय ने प्रदेश में चल रही निजीकरण की प्रक्रिया कर्मियों के आंदोलन की जानकारी दी। एनसीसीओईईई की आमसभा में पारित प्रस्ताव में कहा गया है कि निजीकरण कर्मचारियों के हित में तो है ही नहीं, साथ ही बिजली उपभोक्ताओं के लिए सबसे अधिक घातक है। केंद्र और राज्य सरकारों से बिजली का निजीकरण तत्काल वापस लेने की मांग की गई।

# घर वापसी को लेकर दबाव कम नहीं...





कैंट स्टेशन पर घर वापसी के लिए बैठे लोग



स्टेशन पर गाड़ी का इंतजार कर रहे लोग

जनसंदेश न्यूज

**लोग परेशान**

**कैंट स्टेशन पर लोगों की भारी भीड़**

**स्टेशन पर ट्रेनों का इंतजार करते रहे लोग**

**वाराणसी।** महाकुंभ में स्नान के बाद अब लोगों का घर वापसी शुरू हो गया है। अधिकारियों पर वापसी को लेकर दवाब कम नहीं हुआ है। वे यात्रियों को वापस तो करा रहे हैं लेकिन इसके लिए उन पर दबाव बना हुआ है।

घर वापसी के लिए स्टेशनों पर लोग ट्रेनों की प्रतीक्षा कर रहे हैं। ट्रेनों की प्रतीक्षा के दौरान लोगों की भीड़ स्टेशनों पर जमा है। ट्रेनों की प्रतीक्षा के दौरान हर कोई जल्दी से जल्दी अपने घर पहुंचना चाह रहा है। कैंट स्टेशन पर घर वापसी के लिए हजारों लोगों की भीड़ जमा है। लोग बैठ कर ट्रेन की प्रतीक्षा कर रहे हैं। भीड़ के चलते कैंट लहरतारा मार्ग पर भीषण जाम लग जा रहा है। ट्रेनों की प्रतीक्षा में हर कोई परेशान है।

### दशाश्वमेध घाट पर दोबारा शुरू हुई गंगा आरती

**वाराणसी।** महाकुंभ में भारी भीड़ और सुरक्षा कारणों से 16 दिनों तक स्थगित रही गंगा आरती को गंगोत्री सेवा समिति ने बुधवार को पुनः प्रारंभ कर दिया। दशाश्वमेध घाट पर आरती शुरू होते ही पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया, और हर-हर गंगे के जयघोष से गूंज उठा। गंगा आरती के दोबारा शुरू होने की खबर से श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखने को मिला। आरती में शामिल होने के लिए सैकड़ों भक्त घाट पर पहुंचे, जिनमें देश-विदेश के श्रद्धालु भी शामिल थे। दीपों की जगमगाहट और मंत्रोच्चार से माहौल आध्यात्मिक ऊर्जा से भर उठा। गंगा आरती वाराणसी की सांस्कृतिक और धार्मिक पहचान का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। इसके पुनः प्रारंभ होने से श्रद्धालु और पर्यटक एक बार फिर मां गंगा की आराधना में सम्मिलित हो सकेंगे।गंगोत्री सेवा समिति के अध्यक्ष पं. किशोरी रमण दुबे ने बताया कि महाकुंभ के दौरान सुरक्षा और व्यवस्थाओं को देखते हुए आरती अस्थायी रूप से स्थगित की गई थी। अब परिस्थितियां सामान्य होने के बाद आरती पुनः नियमित रूप से आयोजित की जाएगी।

# रोप-वे प्रोजेक्ट की यूटीलिटी शिफ्टिंग को लेकर हुई बैठक

**बैठक**

**जलकल की यूटीलिटी तीन दिन में होगी शिफ्ट**

**गोदौलिया चौराहे पर ट्रायलपिट का निर्माण आज से होगा शुरू**

**वीडीए उपाध्यक्ष ने परियोजना को तत्काल आगे बढ़ाने का दिया निर्देश**



**वाराणसी।** रोप-वे प्रोजेक्ट की यूटिलिटी शिफ्टिंग को लेकर हुई गुरुवार को को वीडीए की हुई महत्वपूर्ण बैठक में जलकल की यूटिलिटी तीन दिन में शिफ्ट करने का निर्णय हुआ। वहीं गोदौलिया चौराहे पर ट्रायलपिट का निर्माण आज से शुरू किए जाने की व्यवस्था बनी। इसको लेकर वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग की अध्यक्षता में गुरुवार को हुई महत्वपूर्ण बैठक में रोप-वे परियोजना से संबंधित रोप-वे प्रोजेक्ट के अलाइमेंट में आने वाली यूटीलिटी शिफ्टिंग कार्य का रिपोर्ट जल्द से जल्द प्रस्तुत कराने और परियोजना का कार्य तत्काल आगे बढ़ाए जाने का निर्णय लिया गया।

जिसमें संबंधित विभागों के सभी अधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान जलकल और नगर निगम द्वारा अवगत कराया कि टावर-23 पर जलकल की यूटीलिटी अधिकतम 03 दिवस में शिफ्ट करा दी जायेगी। जबकि एन.एच.एल.एम.एल. द्वारा अवगत कराया गया कि टावर-29 पर बैरेकेडिंग हेतु पत्र के माध्यम से ट्रैफिक डायवर्जन हेतु टाइम लाइन डिमांड एक दिन में उपलब्ध कराया जाएगा। बैठक में जल निगम विभाग ने गोदौलिया चौराहे ट्रायलपिट का निर्माण 28 फरवरी से शुरू कराने और ट्रायलपिट एरिया की बैरेकेटिंग हेतु ट्रैफिक डायवर्जन हेतु टाइम लाइन डिमांड यथाशीघ्र सूचित कराने की जानकारी दी। इस दौरान वीडीए उपाध्यक्ष ने जल निगम सीवर एंव स्ट्रोम वाटर पाइप लाइन के लाइन डाइग्राम तत्काल तैयार करने और इसे एक मार्च तक प्रस्तुत किये जाने का जहां निर्देश दिया,वही एन.एच.एल.एम.एल. टीम को आठ फरवरी को सुबह 10.00 बजे गोदौलिया चौराहे पर सीवर एवं स्ट्रोम वाटर पाइप लाइन का संयुक्त निरीक्षण करते हुए रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा। उन्होंने यूटीलिटी शिफ्टिंग कार्य में हो रही देरी पर नाराजगी जाहिर की और इसे जल्द से जल्द पूरा कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। ताकि रोप-वे परियोजना का कार्य सुचारू रूप से आगे बढ़ सके। बैठक में वीडीए सचिव डा. वेद प्रकाश मिश्रा, प्रोजेक्ट मैनेजर पूजा मिश्रा एनएचएलएमएल वाराणसी, अधिशासी अभियंता जल निगम वाराणसी, अधिशासी अभियंता जलकल नगर निगम वाराणसी और अधिशासी अभियंता पीयूविएनएल वाराणसी उपस्थित रहे।

# महाकुम्भ के दौरान अद्‌भुत कार्य पर रेल मंत्री ने दी बधाई

## विभिन्न स्टेशनों का किया दौरा, अधिकारियों से की वार्ता

**वाराणसी।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने महाकुम्भ 2025 के लिए भारतीय रेल की व्यापक तैयारियों की स्व-समीक्षा करने के लिए सुबह प्रयागराज का दौरा किया। इस भव्य धार्मिक समागम के पैमाने और महत्व को पहचानते हुए, उन्होंने जमीनी परिचालन का आकलन करने के लिए उत्तर मध्य रेल (एनसीआर), पूर्वोत्तर रेल (एनईआर) एवं उत्तर रेल (एनआर) के तहत विभिन्न स्टेशनों का दौरा किया। अपने इस दौरे के दौरान, उन्होंने रेलवे कर्मियों के साथ बातचीत की, प्रमुख व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया; श्री वैष्णव ने विभिन्न विभागों के मध्य निर्बाध समन्वय की भी सराहना की और सभी तीर्थयात्रियों के लिए सुरक्षित, कुशल व सुखद यात्रा की सुविधा के लिए भारतीय रेल की प्रतिबद्धता की पुष्टि की। इस सम्पूर्ण आयोजन के दौरान रेल मंत्री ने माननीय प्रधानमंत्री को उनके निरंतर मार्गदर्शन के लिए धन्यवाद दिया और श्रद्धालुओं की अभूतपूर्व संख्या को संभालने में सहयोग के लिए माननीय गृह मंत्री श्री अमित शाह, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री मोहन यादव और पड़ोसी राज्यों की सरकारों को भी उनके सतत सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। रेल मंत्री ने रेल कर्मयोगियों के उत्कृष्ट समर्पण की सराहना की अपनी यात्रा के दौरान, रेल मंत्री ने व्यक्तिगत रूप से मुलाकात की और इस तरह के आयोजन के प्रबंधन में भूमिका निभाने वाले रेलवे कार्यबल के प्रत्येक व्यक्ति के प्रति अपनी सराहना व्यक्त की। यात्रियों की सहायता करने वाले फ्रंटलाइन कर्मयोगियों से लेकर सुरक्षा सुनिश्चित करने वाले आरपीएफ, जीआरपी और पुलिस कर्मियों तक, निर्बाध ट्रेन संचालन को बनाए रखने वाले इंजीनियरों से लेकर सफाई कर्मचारियों तक एवं चिकित्सा सहायता प्रदान करने वाले डॉक्टरों और पैरामेडिकल स्टाफ से लेकर यात्रा को सुविधाजनक बनाने वाले हेल्प डेस्क अधिकारियों तथा बुकिंग कर्मचारियों तक - सभी के योगदान को सराहा।

# मार्कण्डेय महादेव में तीन लाख लोगों ने किया जलाभिषेक

**महाशिवरात्रि का दूसरा**

**धर्मशालाओं और रैन बसेरा आदि में कहीं कोई जगह नहीं बची**

**महिला पुलिस की सक्रियता से नहीं हुई कोई अप्रिय घटना**

**महिलाओं ने मार्कण्डेय महादेव व माता पार्वती का किया विधिवत पूजन**

जनसंदेश न्यूज





**चौबेपुर।** गंगा-गोमती के पावन संगम तट पर स्थित मार्कण्डेय महादेव धाम कैथी में गुरुवार को भी भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। दो दिवसीय शिवरात्रि उत्सव के दूसरे दिन लगभग 3 लाख श्रद्धालुओं ने बाबा के दरबार में मत्था टेका। भोर से प्रारंभ स्नान और पूजन का क्रम देर शाम तक जारी रहा। मेले में महिलाओं की संख्या अधिक रही। श्रीराम लिखे बिल्वपत्र, धतूरा, चन्दन, भांग आदि से भगवान भोलेनाथ का पूजन किया गया।

मेले का आलम आस पास के गावों भन्दहाकला और राजवारी तक दिखता रहा। बुधवार की रात्रि से ही दूर दराज की महिलाएं मेला क्षेत्र में जुटने लगीं थीं। सभी धर्मशालाओं और रैन बसेरा आदि में कहीं कोई जगह नही बची थी। सारे दिन पूरा मेला क्षेत्र परम्परागत विवाह एवं मंगल गीतों से गुंजायमान रहा। टोलियों में महिलाओं ने धाम पहुंच कर मार्कण्डेय महादेव और माता पार्वती का विधिवत पूजन किया।मेले में घर गृहस्थी के सामानों की जम कर खरीदारी भी हुई।

प्रमुख रूप से इस मेले की विशेषता वाले सामान जैसे गोडा, पाटी, मचिया, सील लोढ़ा, ओखली, नार-मोट, अचार का मसाला आदि की जम कर खरीदारी हुई। इस बार मेले में प्रशासन द्वारा झूला, चरखी, जादू, सर्कस आदि लगाने की अनुमति देने से अंतिम समय में इंकार कर दिया गया था । इस कारण बच्चों में काफी निराशा रही। मेले की प्रशासनिक व्यवस्था कल की तरह ही मुस्तैद रही। चौबेपुर थाना प्रभारी जगदीश कुशवाहा मेले की व्यवस्था की देख रेख में लगे हुए थे।

### मनचलों पर थी विशेष नजर, कइयों की हुई धुनाई

मनचलों पर विशेष नजर रखी जा रही थी। महिला पुलिस मंदिर के गर्भ गृह में दर्शन व्यवस्थित ढंग से रहे इसके लिए मुस्तैद थी। मेले में महिलाओं की संख्या अधिक होने से काफी संख्या में मनचले भी सक्रिय हो गये थे। फब्तियां कसना और मोबाइल से फोटो खींचने की घटनाओं को लेकर कई मनचलों की धुनाई भी हुयी। कुछ युवतियों द्वारा एक मनचले की चप्पल से जम कर पिटाई की चटना की चर्चा क्षेत्र में होती रही। यद्यपि महिला पुलिस की सक्रियता से कोई अप्रिय घटना नहीं घटित हुयी।

### महाशिवरात्रि पर 11.69-लाख से अधिक-श्रद्धालुओं ने किए बाबा के दर्शन

**आस्था**

**फरवरी में प्रतिदिन औसतन 5 से 6 लाख श्रद्धालु पहुंचे काशी विश्वनाथ धाम**

**वाराणसी।** महाशिवरात्रि के दिन 11.69 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने बाबा विश्वनाथ के चरणों में हाजिरी लगाई। सीएम योगी के निर्देश पर स्थानीय प्रशासन ने दर्शनार्थियों की सुरक्षा, सुविधा और आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए थे। वहीं काशी विश्वनाथ मंदिर प्रशासन की देखरेख में श्रद्धालुओं को दर्शन कराया गया। फरवरी माह मे प्रतिदिन औसतन 5 से 6 लाख श्रद्धालुओं ने बाबा विश्वनाथ का दर्शन किया। शुक्रवार को बाबा विश्वनाथ का दर्शन पूजन करने के लिए लोगों की भीड़ जमा थी। इसमें लोगों ने गेट नं. 4 से बाबा का दर्शन करने के लिए लंबी लाइन लगा ली थी। यह लाइन चौक, बांसफाटक, गोदौलिया, होते हुए दशाश्वमेध पर पहुंच गया था।

### शक्तिधाम में अमेरिकी महिला ने ली दीक्षा

**धर्म कर्म**

**अब वह ब्रह्मचारी अन्ना के नाम से जानी जायेगी**

**वाराणसी।** महाशिवरात्रि के दिन शक्ति धाम आश्रम में विशेष पूजा की गई। अमेरिका की व्यवसायी थेरेमा फ्लोरे ने वैदिक मंत्रोच्चार से ब्रह्मचर्य की दीक्षा ली। अब वह ब्रह्मचारी अन्ना के नाम से जानी जायेगी। टेक्सास (अमेरिका) के व्यवसायी थेरेमा फ्लोरे ने वैदिक मत्रोच्चार के बीच जगद्‌गुरु साई मां लक्ष्मीदेवी से ब्रह्मचर्य की दीक्षा प्राप्त की। थेरेमा फ्लोरे अब ब्रह्मचारी अन्ना के रूप में जानी जा रही हैं। 25 सालों तक सफल व्यवसाय करने के बाद उन्होंने सब कुछ त्याग कर सनातन धर्म को समर्पित कर दिया। कहा कि अब मुझे लगता है कि कि जीवन का लक्ष्य मिल गया है। जगद्‌गुरु साई मां लक्ष्मीदेवी ने कहा कि लोक कल्याण के लिए शक्ति धाम में अभिषेक के साथ शिव साधना की गई।

# शिवरामपुर में ग्रामीणों ने पानी के लिए किया प्रदर्शन

**संकट**

### जलकल विभाग मुर्दाबाद, मोदी योगी पानी दो के लगे नारे

### स्टार्टर, पैनल और ग्रिप जलने से बंद है पानी की सप्लाई



**चांदमारी।** हरहुआ विकास खंड के शिवरामपुर ग्राम पंचायत में गुरुवार को सैकड़ों ग्रामीणों ने पानी टंकी के समीप पानी के लिए हाथों में बाल्टी लेकर प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने जलकल बिभाग मुर्दाबाद एवं मोदी-योगी पानी दो के नारे भी लगाए।

पानी संकट से जूझते हुए ग्रामीणों ने गुरुवार की सुबह आठ बजे से पूर्वाह्न 10 बजे तक खूब नारेबाजी की। इस दौरान ग्रामीणों ने धरना भी दिया। नेतृत्व कर रहे पृथ्वी राज जन शक्ति पार्टी के जिलाध्यक्ष राचन्दर चौहान ने कहा कि दो साल से पम्प का स्टार्टर, पैनल, ग्रिप सब जला हुआ है। बार-बार कहने के बाद भी नही बनवाया गया। जिससे सैकड़ों परिवारों में सुचारू रूप से पानी की सलाई नही हो रही है। आयर, औरा, अहिरौली, कुरौली, शिवरामपुर आदि गावों के घरों में पानी की आपूर्ति इसी जल निगम की टंकी से होती है।

ग्राम पंचायत सदस्य सरफुद्दीन शेख ने कहा कि जल निगम में पानी न आने से एक हैण्डपम्प में सैकड़ों लोगों की लाइन लग जाती है। धरना-प्रदर्शन में संग्राम मौर्य, पिंटू राम, डॉ. रमेश पटेल, सरोज चौहान, मानसिंह चौहान, संतु प्रजापति, अवधेश चौहान, जब्बार शेख, वीरेंद्र चौहान, मिंटू चौहान, अजय गुप्ता, गुलाबी देवी, मनोरमा देवी, पतंगी देवी, साईबुन्निशा, सुमन देवी, इंद्रावती, मुन्नी देवी, रीता कुमारी, अनिता देवी, मंजू देवी, मीरा देवी, शशिकला देवी सहित सैकड़ों लोग शामिल रहे।

# मनरेगा भुगतान में विलंब से ग्राम प्रधानों में रोष



**बैठक**

### होली से पहले भुगतान नहीं तो अनिश्चितकालीन आंदोलन का ऐलान

**सेवापुरी।** मनरेगा भुगतान में विलंब होने से जिले के ग्राम प्रधानों में काफी रोष है। रसूलपुर पंचायत भवन में गुरुवार को हुई ग्राम प्रधानों की बैठक में आठ महीने से लंबित मनरेगा श्रमिकों और सामग्री आपूर्तिकर्ताओं के भुगतान को लेकर गहरी चिंता जताई गई। ग्राम प्रधानों का कहना है कि काम करने के बावजूद मजदूरी न मिलने से श्रमिक परेशान हैं और लगातार ग्राम प्रधानों से जवाब मांग रहे हैं।

जिला ग्राम प्रधान संघ के अध्यक्ष राकेश कुमार सिंह ने चेतावनी दी कि यदि होली से पहले मनरेगा श्रमिकों और आपूर्तिकर्ताओं का भुगतान नहीं हुआ, तो बाध्य होकर जिले में मनरेगा कार्य पूरी तरह बंद कर दिया जाएगा। इसके साथ ही सभी ग्राम प्रधान और श्रमिक अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन पर बैठने को विवश होंगे। बैठक में राजेश सिंह, मधुबन यादव, रामसुरत यादव, राजू तिवारी, महेश सिंह, लाल बहादुर पटेल, ओमप्रकाश पटेल, नितिन सिंह, मुकेश पटेल, विनोद पांडे, उदय प्रताप सिंह, बेचू चौहान, चदगी यादव, घनश्याम यादव, कैलाश यादव, संजय यादव, सोनू सिंह, गुंजन सिंह, शशि प्रताप सिंह, गगन सिंह, रामाश्रय मौर्य आदि उपस्थित रहे।

## संक्षेप

### भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी का एयरपोर्ट पर स्वागत



**वाराणसी।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी के गुरुवार को बाबतपुर एयरपोर्ट पर पहुंचने पर भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष दिलीप पटेल ने अंगवस्त्रम व पुष्प गुच्छ देकर स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस दौरान उनके साथ भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के क्षेत्रीय संयोजक डा. अशोक राय ने राष्ट्रीय प्रवक्ता का अभिनंदन किया। इस दौरान सुरेश सिंह, शैलेश पांडेय, मधुकर पांडेय व पवन सिंह भी मौजूद थे।

### वार्षिकोत्सव में बच्चों ने मचाया धमाल



**पिंडरा।** विकास खंड के प्राथमिक विद्यालय मंगारी प्रथम में गुरुवार को वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ प्रबंध समिति की उपाध्यक्ष अनुपमा विश्वकर्मा ने दीप प्रज्वलित कर किया। उसके बाद छात्राओं ने सरस्वती वंदना से कार्यक्रम की शुरूआत की और उसके बाद देशभक्ति, लोकगीत और एकल गीत की प्रस्तुति कर वाहवाही लूटी। इस दौरान प्राधनाध्यापक अजय राय, राजेश कुमार मौर्य, कृपाशंकर पटेल, रीता रानी व शिव आत्मा दुबे समेत अनेक शिक्षक व अभिभावक मौजूद रहे।

### कुश्ती में अर्जुन यादव ने स्वर्ण पदक जीता



**वाराणसी।** विद्युत विभाग के खिलाड़ियों के बीच बीते दिनों कुश्ती, पावरलिफ्टिंग, बॉडी बिल्डिंग और रस्साकशी प्रतियोगिता सम्पन्न हुआ। इसमें पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम के अधीन विद्युत वितरण खंड चिरईगांव में टेक्नीशियन पद पर कार्यरत अर्जुन यादव ने 97 किलोग्राम भार वर्ग में हरदुआगंज के चांद मियां को हराकर स्वर्ण पदक हासिल किया। अर्जुन यादव के इस उपलब्धि पर पूर्वांचल-डिस्कॉम के कर्मचारियों में हर्ष व्याप्त है। दो दिवसीय इस प्रतियोगिता में अलग-अलग वितरण निगम, पारीक्षा, पनकी, ओबरा, हरदुआगंज, अनपरा आदि से कुल 150 खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता से भाग लेकर लौटने के पश्चात स्वर्ण पदक विजेता अर्जुन यादव ने गुरुवार को पूर्वांचल-डिस्कॉम के प्रबंध निदेशक शंभू कुमार से मुलाकात की। एमडी ने अर्जुन यादव को इस उपलब्धि के लिए ढेर सारी बधाई दी।

# रैली निकाल सड़क सुरक्षा के प्रति किया जागरूक




**जागरूकता**

### काशी विद्यापीठ के एनएसएस के वालेंटियर्स ने चलाया सड़क सुरक्षा अभियान, निकाली रैली

**वाराणसी।** महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ की राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाइ की ओर से गुरुवार को एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में स्वयं सेवकों द्वारा विश्वविद्यालय के गेट नंबर 3 से होते हुए मलदहिया तक सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली निकाली गई। साथ ही राहगीरों को सड़क सुरक्षा के नियम से भी अवगत कराया।

सड़क सुरक्षा रैली का नेतृत्व कार्यक्रम समन्वयक डा. रविंद्र कुमार गौतम, डा. बालरूप यादव एवं डा.शैलेश कुमार ने किया। परिसर में पहुंचकर यह रैली सभा में परिवर्तित हो गई।

सभा में डा. रविंद्र कुमार गौतम ने बताया कि सड़क सुरक्षा दुर्घटनाओं को कम करने और मानव जीवन की रक्षा करने में मदद करती है। हमें ट्रैफिक सिग्नल और नियमों का पालन करना जरूरी है। सीट बेल्ट और हेलमेट का उपयोग करें, गति सीमा का पालन करें एवं शराब पीकर वाहन न चलाएं। इस अवसर पर डा. शैलेश कुमार, डा. अंबुज मिश्रा, डा., शशि प्रकाश, डा. बालरूप यादव, डा. दिलीप कुमार सिंह सहित स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

# हमें अपनी मातृभूमि पर होना चाहिए गर्वः डॉ. इंद्रेश

**आयोजन**

### हमें अपनी ज्ञान परंपरा को आत्मसात कर भारत को पुनः विश्वगुरु के रूप स्थापित करना होगाः कुलपति एके त्यागी

### काशी विद्यापीठ के मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण केंद्र की ओर से छह दिवसीय संकाय संवर्द्धन कोर्स का शुभारंभ



**वाराणसी।** मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण केंद्र, शिक्षाशास्त्र विभाग, महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ द्वारा छह दिवसीय संकाय संवर्द्धन कोर्स का शुभारंभ गुरुवार को हुआ। अध्यक्षीय उद्बोधन में कुलपति प्रो. आनंद कुमार त्यागी ने कहा कि हमारी संस्थाओं को उपलब्ध संसाधनों का बेहतर उपयोग करने का तरीका पता होना चाहिए, जिससे हम वर्तमान शिक्षा की चुनौतियों का सामना कर सकें। उन्होंने बताया कि हमें वर्तमान नवाचारों पर विचार विमर्श करके उसे लागू करने के लिए कार्ययोजना बनाकर उसे अमल में लाना चाहिए। हमें अपनी ज्ञान परंपरा को आत्मसात कर भारत को पुनः विश्वगुरु के रूप स्थापित करना होगा।

मुख्य अतिथि डा. इंद्रेश ने कहा कि हमें अपनी मातृभूमि पर गर्व होना चाहिए, क्योंकि मातृभूमि स्वर्ग से न्यारी होती है।

उन्होंने बताया कि शिक्षा का प्रमुख उद्देश्य एक अच्छा मनुष्य बनाना होता है। भौतिकवादी दर्शन जहां एक और एक दो मानता है, वहीं पर आध्यात्मिक जीवन पद्धति एक और एक मिलकर ग्यारह को महत्व प्रदान करता है। उच्च शिक्षा विभाग में कार्यरत शिक्षकों को नवाचार युक्त बनाने में इस प्रकार के कार्यक्रमों का अत्यन्त महत्वपूर्ण योगदान है।

गुणवत्तायुक्त ऑनलाइन कोर्स के विकास पर अपना व्याख्यान प्रस्तुत करते हुए लखनऊ विश्वविद्यालय की प्रो. किरन लता डंगवाल ने बताया कि राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने सभी उच्च शिक्षा संस्थानों को स्वयं पाठ्यक्रम का निर्माण कर उसे लागू करने का निर्देश दिया है। अतः हमें ऐसे पाठ्यक्रमों के निर्माण एवं विकास का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने ऑनलाइन पाठ्यक्रमों के निर्माण प्रक्रिया को विस्तार से समझाया। चौधरी रणवीर सिंह विश्वविद्यालय, हरियाणा के प्रो. एसके सिन्हा ने उच्च शिक्षा संस्थानों में अकादमिक नेतृत्व एवं प्रबंधन पर अपना विचार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि नेतृत्व के माध्यम से शिक्षकों को निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति के लिए प्रेरित किया जा सकता है तथा शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ाया जा सकता है। अतिथियों का स्वागत करते हुए विभागाध्यक्ष प्रो. सुरेंद्र राम ने बताया कि यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के सहयोग से संचालित हो रहा है, जिसका उद्देश्य उच्च शिक्षा में कार्यरत शिक्षकों को कुशल एवं निपुण बनाना है। संचालन प्रो. रमाकांत सिंह, धन्यवाद डा. रश्मि सिंह एवं तकनीकी सहयोग विनय सिंह ने दिया।

# काशी विद्यापीठ में पीएचडी प्रवेश के लिए जमा करें आवेदन पत्र

**सूचना**

### विज्ञान व प्रौद्योगिकी संकाय में 10, राजनीति विज्ञान में 20 एवं मंचकला विभाग में 29 मार्च तक जमा होंगे फार्म

**वाराणसी।** महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संकाय में संचालित भौतिक विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, जंतु विज्ञान, रसायन विज्ञान, गृह विज्ञान, कम्प्यूटर विज्ञान, रक्षा अध्ययन एवं भूगोल एवं भू-सूचना विभाग में प्रवेश परीक्षा (2023-24) उत्तीर्ण एवं शोध प्रवेश परीक्षा से मुक्त (नेट/जेआरएफ) अभ्यर्थी अपना आवेदन पत्र एवं सभी शैक्षणिक दस्तावेज 10 मार्च तक संकाय कार्यालय में जमा कर दें। वहीं, राजनीति विज्ञान विभाग में 20 मार्च तक अभ्यर्थियों को शोध प्रस्ताव के साथ समस्त शैक्षणिक दस्तावेज विभाग में जमा करना है। मंचकला विभाग में 29 मार्च तक शोध प्रस्ताव जमा करना अनिवार्य है।

अभ्यर्थी को पीएचडी प्रवेश 2024 के द्वितीय चरण आवेदन पत्र के साथ समस्त शैक्षणिक दस्तावेज (हाईस्कूल से स्नातकोत्तर तक) की स्वप्रमाणित छायाप्रति, आरक्षण संबंधी प्रमाणपत्र की छायाप्रति, शोध प्रवेश परिणाम/ नेट/जेआरएफ के सर्टिफिकेट की छायाप्रति, शोध प्रस्ताव (रिसर्च प्रपोजल) तीन प्रतियों में हस्ताक्षर सहित एवं पॉवर प्वाइंट प्रजेंटेशन के लिए प्रिंटेड प्रति (एक प्रति) जमा करना है। साथ ही विश्वविद्यालय के शुल्क काउंटर पर जमा की गयी फीस रसीद की छायाप्रति भी विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संकाय के कार्यालय में जमा करना अनिवार्य है। साथ ही अभ्यर्थी आवेदन पत्र में मोबाइल नंबर (वाट्सएप नंबर एवं ईमेल एड्रेस) अवश्य लिखें। साथ ही कहा कि अभ्यर्थी यह सुनिश्चित कर लें कि शोध में पंजीकरण के बाद तीन वर्षों तक कहीं अन्यत्र सेवारत या अध्ययनरत नहीं होंगे। (इस आशय का शपथपत्र/एफिडेविट बाद में लिया जायेगा) अन्यथा की स्थिति में आपका पंजीकरण निरस्त कर दिया जायेगा, जिसके जिम्मेदार अभ्यर्थी स्वयं होंगे। बताया कि इन सभी बिंदुओं के अनुसार द्वितीय चरण के आवेदन को न जमा करने वाले अभ्यर्थियों के आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

### अर्थशास्त्र के प्रो. अनूप मिश्रा की पुस्तक का विमोचन

**वाराणसी।** तुलसीघाट पर आयोजित 51वें ध्रुपद मेला के आखिरी दिन महाशिवरात्रि पर्व पर बुधवार को डीएवी पीजी कॉलेज अर्थशास्त्र विभाग के अध्यक्ष प्रो अनूप कुमार मिश्र द्वारा रचित पुस्तक 'कल्चरल वेल्थ एंड इकोनॉमिक विजडमः ए यूनीक पाथ फॉर प्रासपेरिटी' का विमोचन कुंवर अनंत नारायण सिंह व अखाड़ा गोस्वामी तुलसीदास के महंत प्रो विश्वंभरनाथ मिश्र ने किया। इस पुस्तक मे प्रो. अनूप मिश्र ने भारत के सांस्कृतिक आधार एवं परिवेश को पूंजी के रूप मे स्थापित करते हुए अर्थव्यवस्था पर पड़ने वाले प्रभाव का वर्णन किया है। 19 अध्यायों मे विभाजित इस पुस्तक मे भारत के पर्व त्योहार, संस्कार, संगीत, खान-पान, विविधता, धर्म, आध्यात्म समेत महाकुंभ के आर्थिक प्रभाव का भी विश्लेषण किया गया है। इस अवसर पर इंग्लैंड से पधारे मानव शास्त्र के प्रो साइमन एवं ओसांका तथा अमेरिका से आए डा. भावेश समेत ध्रुपद शैली के अनेक कलाकार मौजूद रहे।

# स्वतंत्रता सेनानी चंद्रशेखर आजाद को किया नमन



**पुण्यतिथि**

### काशी विद्यापीठ में पुण्य तिथि पर कुलपति समेत विश्वविद्यालय परिवार ने अर्पित की श्रद्धांजलि

**वाराणसी।** महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के कुलपति प्रो. आनन्द कुमार त्यागी ने पुरातन छात्र, मां भारती के वीर सपूत, स्वतंत्रता सेनानी व अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद जी की पुण्यतिथि पर गुरुवार को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। विश्वविद्यालय के छात्र संघ भवन में आजाद जी की प्रतिमा पर कुलपति प्रो. त्यागी ने विश्वविद्यालय परिवार के साथ माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर अपना श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

कुलपति प्रो. त्यागी ने अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद जी के स्वतंत्रता आंदोलन में उनके योगदान एवं उनके कृतित्व पर प्रकाश डाला। इस दौरान कुलसचिव दीप्ति मिश्रा, उपकुलसचिव हरीश चन्द व आनन्द कुमार मौर्य, कुलानुशासक प्रो. केके सिंह, संपत्ति अधिकारी डा. सूर्यनाथ सिंह सहित विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।

# शिक्षाशास्त्र विभाग में नेट/जेआरएफ में सफल विद्यार्थियों का सम्मान

**वाराणसी।** महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के शिक्षाशास्त्र विभाग द्वारा यूजीसी नेट/जेआरएफ, दिसंबर 2024 में विभाग के सफल विद्यार्थियों को सम्मानित करने के लिए गुरुवार को एक अभिनंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में गिरिजेश मिश्रा को जेआरएफ, बादल सिंह, कृष्णा लाल, प्रगति सिंह, आरती सोनकर, आकांक्षा जोशी, शिखा पटेल, जया चौबे, सलोनी जायसवाल, लक्ष्मी मिश्रा, दिव्या सिंह, श्रद्धा सिंह, साक्षी सिंह, बृजेश सिंह यादव, अंजलि यादव, रवि कृष्ण वर्मा एवं चांदनी को नेट सहित कुल 17 विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इस मौके विभागाध्यक्ष प्रो. सुरेंद्र राम ने कहा कि योजनाबद्ध एवं संकल्प के साथ नियमित रूप से कठिन परिश्रम के द्वारा हम अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। प्रो. शैलेन्द्र कुमार वर्मा ने सफल विद्यार्थियों को आगे की ओर उन्मुख होने के लिए बताया कि यह सफलता अंतिम नहीं है, हमे हमेशा आगे बढ़ने की कोशिश करनी चाहिए तथा समाज में अपनी एक अलग पहचान बनाने का प्रयास करना चाहिए। धन्यवाद ज्ञापन डा. राखी देब ने किया। इस अवसर पर डा. दिनेश कुमार, रमेश कुमार प्रजापति, डा. पवन सिंह, डा. वरुण कुमार भास्कर, दीपिका गुप्ता आदि उपस्थित रहे।




## कार्यालय नगर पालिका परिषद, गोपीगंज, जनपद-भदोही

संख्या-637/न0पा0प0गो0निर्मा0/2025 दिनांक : 27.02.2025

### अति अल्पकालिक निविदा सूचना

नगर पालिका परिषद गोपीगंज में 15वॉ वित्त आयोग की संस्तुतियों के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु Tied Grant एवं Untied Grant व 02 प्रतिशत अतिरिक्त स्टाम्प शुल्क अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से स्वीकृत कार्य योजना के अनुसार कराये जाने वाले निम्नलिखित कार्यों हेतु पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मों से अलग-अलग मुहर बन्द निविदा आमंत्रित की जाती है। उक्त निविदाये उपस्थित निविदादाताओं अथवा उनके द्वारा नामित प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रकाशन तिथि से दिनांक 09.03.2025 तक कार्यालय कार्य दिवस में नगद शुल्क जमा कर निविदा प्रपत्र क्रय किये जा सकते है। यह विज्ञप्ति एन0आई0सी0 के वेबसाईट पर देखी जा सकती है। यदि किन्ही कारणों से तद् दिनांक को निविदा नहीं डाली जाती है तो निविदा डाले जाने की सूचना कार्यालय के सूचनापट्ट पर चस्पा कर दी जायेगी। आमंत्रित किये जाने वाली कार्यों का विवरण निम्नवत हैः-

| कार्य संख्या | निविदा आमन्त्रित तिथि | समय | निविदा आमन्त्रित स्थल | निविदा खोलने की तिथि | समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 लगायत 5 | 10.03.2025 | 11 बजे से 3:00 बजे तक | कार्यालय नगर पालिका परिषद गोपीगंज | 10.03.2025 | 3:30 PM |
| 08 लगायत 14 | 11.03.2025 | 11 बजे से 3:00 बजे तक | कार्यालय अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) भदोही | 11.03.2025 | 3:30 PM |

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख रु. में) | धरोहर धनराशि (10%) | निविदा मूल्य | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड नं0-01 मंगरु गुप्ता के मकान से नलकूप नं0-5 तक नाली निर्माण कार्य। | 4.17 | 41700.00 | 500.00 | 2 माह |
| 2 | वार्ड नं0-06 चौरामाता मन्दिर से शीतला बिन्द के मकान से होते हुए कल्लू मोदनवाल के मकान तक नाली निर्माण कार्य। | 4.10 | 41000.00 | 500.00 | 2 माह |
| 3 | वार्ड नं0-15 नीबू लाल चौरसिया के मकान से रमेश तिवारी के मकान तक नाली मरम्मत कार्य। | 1.62 | 16200.00 | 200.00 | 2 माह |
| 4 | वार्ड नं0-15 अतुल सिंह के मकान से प्रदीप उमरवैश्य के मकान तक नाली मरम्मत कार्य। | 2.51 | 25100.00 | 300.00 | 2 माह |
| 5 | वार्ड नं0-9 मधुबाला मिश्रा के मकान से महेन्द्र पाल के मकान तक मिट्टी भराई कार्य। | 4.26 | 42600.00 | 500.00 | 2 माह |
| 6 | वार्ड नं0-4 लालता चौहान के मकान से ज्ञानपुर रोड तक नाली निर्माण कार्य। | 9.57 | 95700.00 | 1000.00 | 2 माह |
| 7 | वार्ड नं0-12 नवाब अली के मकान से महबूब के मकान से होते हुए मोती अंसारी के मकान तक नाली निर्माण कार्य। | 7.21 | 72100.00 | 800.00 | 2 माह |
| 8 | वार्ड नं0-13 नवीन श्रीवास्तव के मकान से केशव कृपाल तक नाली निर्माण कार्य। | 5.11 | 51100.00 | 550.00 | 2 माह |
| **02 प्रतिशत अवस्थापना विकास निधिः-** | | | | | |
| 9 | वार्ड नं0-1 द्वारिका बरनवाल के मकान से महंगू बिन्द के मकान तक इण्टरलाकिंग कार्य। | 7.00 | 70000.00 | 700.00 | 2 माह |

**शर्तेंः-**

1. सशर्त निविदा मान्य नहीं होगी और स्वतः निरस्त समझी जायेगी।
2. निविदा प्रपत्र के साथ प्रत्येक कार्य हेतु पृथक-पृथक 10 प्रतिशत धरोहर धनराशि, नगद/N.A.C./F.D.R. जो अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद गोपीगंज के पक्ष में बन्धक होगा, को संलग्न करना अनिवार्य होगा अथवा विशेष परिस्थिति में नगद जमा किया जा सकता है।
3. किसी भी निविदा को बिना कारण बताये अस्वीकृत/स्वीकृत करने का अधिकार अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद गोपीगंज में निहित होगा।
4. निविदादाता प्रस्तावित निर्माण कार्य स्थल का निरीक्षक अवश्य कर ले। बाद में किसी भी प्रकार का क्लेम मान्य नहीं होगा।
5. प्रत्येक निविदादाताओं को डिजिटल सिग्नेचर प्रमाण पत्र की प्रति निविदा के साथ संलग्न करना होगा।
6. अन्य नियम व शर्तों की जानकारी पालिका के किसी भी कार्य दिवस में, कार्यालय में देखी अथवा प्राप्त की जा सकती है।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद, गोपीगंज**
**भदोही**

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद, गोपीगंज**
**भदोही**

# 111 शिक्षकों, शिक्षामित्रों व अनुदेशकों को बीएसए ने दिया नोटिस

**सख्ती**

### वेतन/मानदेय की कटौती करने के साथ ही संबंधितों से तलब किया स्पष्टीकरण

**बलिया।** बीएसए मनीष कुमार सिंह ने लापरवाह शिक्षकों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित मिले 111 अध्यापक, शिक्षामित्र और अनुदेशकों को नोटिस थमाते हुए बीएसए ने एक दिन का वेतन/मानदेय काटने का निर्देश दिया है।

जारी आदेश में बीएसए ने कहा है कि महानिदेशक स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक कार्यालय के आदेश पर विद्यालयों के नियमित निरीक्षण एवं अनुश्रवण के अनुपालन में खण्ड शिक्षा अधिकारी एवं जिला समन्वयक के अलावा जनपद एवं ब्लाक स्तरीय टास्क फोर्स द्वारा प्रेरणा पोर्टल के माध्यम से परिषदीय विद्यालयों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान परिषदीय विद्यालयों में 111 अध्यापक, शिक्षामित्र और अनुदेशक बिना किसी सूचना के अनुपस्थित पाये गये। यह कृत्य अनुशासनहीनता, उच्चाधिकारी के आदेशों-निर्देशों की अवहेलना तथा सौंपे गये कार्यों एवं दायित्वों के निर्वहन में घोर लापरवाही को प्रदर्शित करता है, जो किसी भी दशा में स्वीकार्य नहीं है।

बीएसए ने सम्बंधित शिक्षक, शिक्षामित्र और अनुदेशकों का वेतन/मानदेय की कटौती नो वर्क-नो पे के आधार पर करने के साथ ही सम्बंधितों से स्पष्टीकरण तलब किया है। कहा है कि उक्त के सम्बन्ध में सम्बन्धित कार्मिक अपना स्पष्टीकरण सात कार्य दिवस के अन्दर सुसंगत साक्ष्यों सहित खण्ड शिक्षा अधिकारी के माध्यम से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

समयान्तर्गत एवं संतोषजनक स्पष्टीकरण न होने की दशा में स्पष्टीकरण पर विचार नहीं किया जायेगा। बीएसए की इस कार्रवाई से विभागीय गलियारे में हड़कम्प मच गया है। इससे इतर बीएसए ने अनुपस्थित शिक्षक, शिक्षामित्र और अनुदेशकों के प्रधानाध्यापक/प्रभारी प्रधानाध्यापक को निर्देश दिया है कि यह स्पष्ट करें कि विद्यालय में बार-बार अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित कार्मिकों के सम्बन्ध में आप द्वारा पूर्व में क्या कार्यवाही की गयी? सम्बन्धित कार्मिक यदि उक्त दिवस पर मानव सम्पदा पोर्टल के माध्यम से आनलाइन स्वीकृत अवकाश पर थे तो इसका अंकन विद्यालय रजिस्टर में अवकाश रिफरेन्स नम्बर के साथ क्यों नहीं किया गया? अन्यथा की स्थिति में अधीनस्थ पर प्रभावी पर्यवेक्षणीय नियंत्रण न रख पाने के दृष्टिगत आपका उत्तरदायित्व निर्धारित करते हुए अग्रिम कार्यवाही की जायेगी।

बीएसए ने सम्बंधित खण्ड शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया है कि प्राविधानानुसार अनुपस्थिति तिथि का वेतन/मानदेय काटौती के सम्बन्ध में मानव सम्पदा के सर्विस बुक पर अनिवार्य रूप से अंकित करें। साथ ही ऐसे कार्मिक जो 03 या 03 से अधिक बार अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित पाये गये है, उनके विरुद्ध कार्यवाही हेतु आख्या एक सप्ताह के भीतर अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

## बीईओ व चिकित्सक के निरीक्षण में बंद मिले सात स्कूल

### नो वर्क-नो पे के आधार पर अनुपस्थित तिथि का वेतन/मानदेय की कटौती का निर्देश

बलिया। खण्ड शिक्षा अधिकारी और चिकित्साधिकारी की जांच में सात परिषदीय विद्यालय बंद मिले है। सम्बंधित स्कूलों के समस्त शिक्षक, शिक्षामित्र और अनुदेशक का वेतन/मानदेय नो वर्क-नो पे के आधार पर करने के साथ ही बीएसए ने एक मार्च को अपराह्न तीन बजे सुसंगत साक्ष्यों सहित अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में समस्त स्टाफ को तलब किया है। बीएसए ने बताया कि 30 जनवरी को शिक्षा क्षेत्र सीयर के उप्रावि बांसपार बहोरवा सम्बंधित खंड शिक्षा अधिकारी के निरीक्षण में बंद मिला था। वहीं, खंड शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय) की जांच में पांच फरवरी को शिक्षा क्षेत्र गड़वार के प्रावि मिठवार नम्बर एक, शिक्षा क्षेत्र हनुमानगंज के प्रावि कपुरी तथा प्रावि श्रीपुर बंद मिला। चिकित्साधिकारी की जांच में तीन फरवरी को शिक्षा क्षेत्र हनुमानगंज के प्रावि भगवानपुर तथा पांच फरवरी को प्रावि नोनिया के डेरा पर ताला लटका मिला। तीन फरवरी को खंड शिक्षा अधिकारी रेवती के निरीक्षण में कन्या प्रावि रेवती नम्बर दो बंद मिला। बीएसए ने कहा है कि निरीक्षण के दौरान विद्यालय स्कूल समय में बंद पाया जाना, वहां पर कार्यरत प्रधानाध्यापक/प्रभारी प्रधानाध्यापक, सहायक अध्यापक, शिक्षामित्र, अनुदेशक एवं समस्त कर्मचारियों की अनुशासनहीनता, उच्चाधिकारी के आदेशों-निर्देशों की अवहेलना तथा सौंपे गये कार्यों एवं दायित्वों के निर्वहन में की गयी घोर लापरवाही को प्रदर्शित करता है। इनके इस कृत्य से विभाग की छवि भी धूमिल हुई है। ऐसे में विद्यालय में कार्यरत समस्त कार्मिकों का अनुपस्थित तिथि का वेतन/मानदेय की कटौती नो वर्क-नो पे के आधार पर की गई है। साथ ही उक्त के सम्बन्ध में सम्बन्धित कार्मिकों को अपने स्पष्टीकरण के साथ एक मार्च को सुनवाई के लिए तलब किया गया है। निर्धारित तिथि पर स्पष्टीकरण के साथ उपस्थित नहीं होने की स्थिति में सम्बंधित के विरुद्ध विभागीय कार्यवाही सम्भव है। वहीं, बीएसए ने सम्बन्धित खण्ड शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया है कि प्राविधानानुसार अनुपस्थित तिथि का वेतन/मानदेय काटौती के सम्बन्ध में मानव सम्पदा के सर्विस बुक पर अनिवार्य रूप से अंकित करें। सूची में शामिल ऐसे विद्यालय जो 02 या 02 से अधिक बार अनाधिकृत रूप से बंद पाये गये है, उनके विरुद्ध कार्यवाही हेतु आख्या एक सप्ताह के भीतर अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

# पेड़ से टकराई बाइक, युवक की मौत

**हादसा**

### रिश्तेदार को छोड़कर आ रहा था घर

**बेरूआरबारी।** सुखपुरा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत धनौती निवासी प्रिंस राम (18) पुत्र श्रीकांत राम की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जानकारी के अनुसार बुधवार को हरिजन बस्ती में तिलक का कार्यक्रम था, जिसमें प्रिंस राम बगल के गांव बभनौली से आए किसी रिश्तेदार को रात लगभग दस बजे के बाद छोड़ने गया था। वापसी में बाइक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। इससे उसकी मौत हो गई। गुरुवार की भोर में बगल के गांव गोपालपुर कला से महिलाएं जब रोड पर टहलने आई तो लाश देखकर चिल्लाते हुए अपने गांव में सूचना दी। जब गांव के लोग एकत्रित हुए तो मृतक की शिनाख्त ग्राम पंचायत धनौती निवासी प्रिंस राम पुत्र श्रीकांत राम के रूप में हुई। इधर, ग्रामीणों को घटना की जानकारी तो मौके पर भीड़ जुट गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की तीन बहनों और दो भाईयों में चौथे नंबर का था। मृतक कक्षा 12वीं का छात्र था। मृतक के पिता शक्तिनगर में किसी प्राइवेट कंपनी में कार्यरत है। घटना के बाद मृतक के परिवार में कोहराम मचा है। सभी का रोते-रोते बुरा हाल है। मृतक के दरवाजे पर शोक संवेदना व्यक्त करने वालो का तांता लगा हुआ है।



मृतक के दरवाजे पर जुटी भीड़

## तेज रफ्तार बाइक पलटने से युवक घायल

**बैरिया।** राष्ट्रीय राजमार्ग-31 पर करण छपरा गांव के सामने गुरुवार को सड़क पर अचानक सामने कुत्ता आ जाने से असंतुलित होकर तेज रफ्तार बाइक पलट गयी। इससे मोटरसाइकिल सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। इस घटना में मोटरसाइकिल भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गयी। जानकारी के अनुसार गाजीपुर जनपद के ताड़ी घाट गांव निवासी श्याम प्रसाद सिंह (44) शोभा छपरा स्थित अपने ससुराल आए थे, जहां से वह गुरुवार की सुबह बाइक से बैरिया की तरफ आ रहे थे कि करण छपरा गांव के सामने राष्ट्रीय राजमार्ग-31 पर अचानक उनकी बाइक के सामने कुत्ता आ गया। इससे तेज रफ्तार बाइक असंतुलित होकर पलट गई और वह गंभीर रूप से घायल हो गए। पीछे से आ रहे भाजपा नेता दुर्गविजय सिंह झलन ने उन्हें उठाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोनबरसा पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के दौरान हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने उसे जिला चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया।

## गंगा तट पर मिला अज्ञात महिला का शव

**बैरिया।** स्थानीय थाना क्षेत्र के दुबेछपरा गंगा तट पर 40 वर्षीय अज्ञात महिला का शव बरामद हुआ। शव को देखने से ऐसा लग रहा था कि तीन-चार दिन पूर्व शव गंगा में डूबा होगा या उसकी हत्या करके उसे गंगा में फेंक दिया गया होगा। इस संदर्भ में प्रभारी कोतवाल सुशील कुमार दुबे ने बताया कि शव की पहचान करने के लिए पुलिस ने काफी प्रयास किया है, किंतु स्थानीय लोग नहीं पहचान सके। शव को पहचान के लिए मर्चरी हाउस में रखवाया गया है। निर्धारित समय सीमा समाप्त होने के बाद उसका पोस्टमार्टम कराया जाएगा। पोस्टमार्टम होने के बाद ही मौत के कारणों का पता चल सकेगा। इसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। उक्त महिला लाल छिटदार साड़ी एवं ब्लाउज पहनी हुई है। घटना को लेकर तरह-तरह की चर्चा व्याप्त है।

## सड़क हादसे में घायल युवक की मौत

**बलिया।** नगरा थाना क्षेत्र के परसिया चट्टी पर बुधवार को बोलेरो के धक्के से घायल युवक की इलाज के दौरान मऊस्थित एक अस्पताल में मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये सदर अस्पताल भेज दिया। वहीं, इस घटना के बाद मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार नगरा-बेल्थरारोड मार्ग के परसिया चट्टी पर इंदासो निवासी 30 वर्षीय अजेश चौहान किसी कार्यवश बुधवार को आया था। इसी बीच नगरा की तरफ से तेज गति से आती बोलेरो ने उसे धक्का मार दिया, जिससे युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची एम्बुलेंस जख्मी युवक को पीएचसी ले आयी, जहां चिकित्सक ने स्थिति गम्भीर देख सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। परिजन जख्मी युवक को लेकर इलाज हेतु मऊलेकर चले गए, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गया। पुलिस मुकदमा दर्ज कर बोलेरो को थाने लायी है। वहीं, चालक फरार है।

## मजदूर को पीट कर किया घायल मुकदमा दर्ज

**बैरिया।** स्थानीय थाना क्षेत्र के गंगा उस पार नौरंगा के दियारे में खेत में सरसों काट रहे मजदूर को पांच लोगों ने निर्ममतापूर्वक पीट-पीट कर घायल कर दिया। घायल मजदूर की तहरीर पर पांच लोगों के खिलाफ पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज किया है।

बता दे कि यासीन मोहम्मद पुत्र रसूल मियां निवासी ग्राम नौरंगा खेतिहर मजदूर है। वह बुधवार को अरुण कुमार ठाकुर के खेत में सरसों काट रहा था कि मेड़ का विवाद बताकर चक्की नौरंगा निवासी जयशंकर ठाकुर, शिवशंकर ठाकुर, हरिहर ठाकुर, राहुल ठाकुर एवं छुन्नी ठाकुर ने उसे पकड़कर लात-घुसा, लाठी-डंडे से पीट-पीट कर लहूलुहान कर दिया। इससे उसे गम्भीर चोटे आई। घायल यासीन मोहम्मद को ग्रामीणों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोनबरसा पहुंचाया, जहां सूचना पर प्रभारी कोतवाल सुशील कुमार दुबे पहुंच गए। उन्होंने अपनी देखरेख में उसका इलाज कराया और उसकी तहरीर पर पांच लोगों के विरुद्ध मारपीट एवं बलवा का मुकदमा दर्ज कर लिया। प्रभारी कोतवाल ने बताया कि सभी आरोपियों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# युवक ने चारपहिया वाहन में लगा दी आग



आग में जला चारपहिया वाहन

**लालगंज।** अपनी ससुराल में पहुंचकर युवक ने चारपहिया वाहन में आग लगा दिया और अपने साथी की बाइक पर बैठकर भाग गया। लोगों ने इसकी सूचना पुलिस चौकी पर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों से बात करके जानकारी हासिल किया। प्रत्यक्षदर्शियों की माने तो गुरुवार की सुबह योगेंद्र मिश्र निवासी बलिया चारपहिया वाहन से अपनी ससुराल गोपालपुर पहुंचा और अपनी चारपहिया वाहन में आग लगा दिया। आस-पास के लोगों ने जब हो-हल्ला किया तो वह अपने साथी की बाइक पर बैठकर भाग निकला। ग्रामीणों ने बताया कि गांव की हीना श्रीवास्तव का प्रेम विवाह 2014 में योगेंद्र मिश्र निवासी बलिया के साथ हुआ था। पति-पत्नी और साले के बीच विवाद चल रहा है। पति-पत्नी के बीच मामला न्यायालय में भी चल रहा है। थानाध्यक्ष दोकटी हरिशंकर सिंह ने बताया कि सूचना पर पुलिस पहुंची थी। ससुराल और मायके के बीच विवाद का मामला सामने आ रहा है।

## असामाजिक तत्वों ने घर में लगा दी आग

### दीवार गिराकर घर से बाहर निकले परिवार के लोग

**बैरिया।** घर में सो रहे परिवार को जिंदा जलाने की नीयत आसमाजिक तत्वों ने घर के बाहर से कुंडी बंद कर उसमें आग लगाने का प्रयास किया। आहट मिलने पर परिवार के लोग दीवार गिराकर घर से बाहर निकले और इसकी सूचना 112 नंबर पीआरबी बैन को दिया। मौके पर पहुंची पुलिस घटनास्थल का वीडियो बनाकर वापस लौट आई और उन्हें सुबह थाने बुलाया। थाने में पीड़ित द्वारा तहरीर दी गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

घटना बैरिया थाना क्षेत्र के चांदपुर गांव के पकड़िया टोला की है, जहां होमगार्ड के जवान राजमंगल यादव उर्फ छठू यादव बुधवार की रात में खाना खाकर अपने पूरे परिवार के साथ घर में सो रहे थे। कुछ असामाजिक तत्वों ने घर का कुंडी बाहर से बंद कर दिया और दरवाजे पर रखे गए मटर के बोझ में आग लगा दिया, ताकि इसके साथ-साथ पूरा घर आग से जल जाए और उसमें सो रहे सभी लोग जलकर भस्म हो जाएं, किंतु मटर का बोझ जलने से फटफट की आवाज आने लगी। इससे राजमंगल यादव की नींद खुल गई। देखा कि घर के बाहर आग धधक रही है। उसने एक दीवार को गिराया और पूरे परिवार को बाहर निकाला। घटना की सूचना पुलिस को दी। इस संदर्भ में प्रभारी कोतवाल सुशील कुमार दुबे ने बताया कि तहरीर मिली है। मामले की जांच की जा रही है।

# बाजारों में बिक रहे मिलावटी खाद्य पदार्थ

**गोरखधंधा**

### दुकानों पर पहुंचायी जा रही मिलावटी खोया, पनीर व देशी घी की खेप

**बैरिया।** मिलावटखोरों ने होली पर्व पर मिलावटी सामग्री बेचने की तैयारी कर ली है। होली पर्व आने में अभी एक पखवाड़ा का समय है, किंतु बाजारों में मिलावट का कार्य अभी से शुरू हो गया है। खान-पान से लेकर कच्चे माल एवं डिब्बा बंद पैकेजिंग वाली सामग्री भी भरोसे के काबिल नहीं है। खाद्य सुरक्षा विभाग सबकुछ जानकर अनजान बना हुआ है।

धंधेबाज मिलावटी खाद्य पदार्थ का बड़े पैमाने पर हेराफेरी करने के प्रयास में जुट गए हैं। धंधेबाज सुरेमनपुर रेलवे स्टेशन, बैरिया बाजार एवं रानीगंज बाजार के अलावा टोला शिवन राय, दोकटी, लालगंज, रामगढ़ जैसे छोटे बाजारों में भी मिलावटी खोया, पनीर व देशी घी की खेप पहुंचाने में लगे है। सुबह 10 बजे से पहले ही मिलावटी सामग्रियां बाजार में पहुंच जाती हैं। ग्राहक बाद में पहुंचते हैं। होली में खोया, पनीर, घी की मांग बढ़ जाती है। त्योहार में प्रसिद्ध पकवान गुझिया की दीवानगी घरों से लेकर बाजारों तक में देखने को मिलती है। इस जोश में होश खोने पर भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है। मुनाफाखोरी के चक्कर में धंधेबाज आपकी सेहत की बिल्कुल परवाह नहीं कर रहे हैं। आपके घरों और दुकानों पर रेडिमेड गुझिया तैयार करने के लिए बड़े शहरों से मिलावटी खोया मंगाया जा रहा है। बाजार में खोया का डिमांड बढ़ गया है। बड़े शहरों से थोक भाव में 150 से 160 रुपए प्रति किग्रा खोया की खेप प्रतिदिन बाजारों में खपाई जा रही है। यह ग्रामीण अंचलों के लोगों के स्वास्थ्य के लिए खतरा बना हुआ है। आर्टिफिशियल चमक के साथ खुशबू बिखेरने वाला खोया वास्तव में नकली खोया है। इसे मैदा और केमिकल से तैयार करके मुनाफाखोरी के चक्कर में बाजारों में भेजा जा रहा है। इसे मसलने पर आपको जानकारी हो जाएगी कि यह खोया असली है या नकली।


> मिलावटखोरों के खिलाफ बड़े पैमाने पर कार्रवाई होगी। इसके लिए खाद्य विभाग को पत्र भेजा जा रहा है। किसी भी हाल में मिलावटी खाद्य पदार्थों को नहीं बेचने दिया जाएगा।
>
> **सुनील कुमार, उप जिलाधिकारी, बैरिया**

## आज से शुरू होगी ओवरब्रिज की मरम्मत

**बलिया।** जिलाधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार के निर्देश के क्रम में जनपद में ओवरब्रिज की मरम्मत हेतु तकनीकी टीम का कार्य शुक्रवार से प्रारंभ होगा। सिटी मजिस्ट्रेट बलिया द्वारा पुलिस विभाग से समन्वय कर रूट चार्ट बनाया गया है। ओवरब्रिज के एक ओर आधे हिस्से पर कार्य चलेगा और आधे हिस्सा पर ट्रैफिक चलते रहेंगे। इसके लिए ट्रैफिक पुलिस भी तैनात की जाएगी। इस प्रकार ओवरब्रिज की मरम्मत का कार्य शुरू होने के साथ में ओवरब्रिज के रेलिंग की पेंटिंग भी की जाएगी। इस मौके पर अधिशासी अभियंता लोक निर्माण और अधिशासी अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## दशरथ प्रसाद का निधन, चहुंओर शोक

**बलिया।** सबके दुःख-सुख में बढ़-चढ़ कर सहयोग एवं आजीवन समाज के लिए चलने वाले कुशवाहा सभा बलिया के संस्थापक सदस्य 92 वर्षीय दशरथ प्रसाद कुशवाहा की जगदीशपुर, बलिया स्थित आवास पर गुरूवार की सुबह अचानक मौत की खबर मिलते ही पूरे जनपद में शोक की लहर दौड़ गई। उनके अंतिम दर्शन के लिए लोगों का सुबह से ही तांता लग गया। उनके पुत्र परमात्मानंद कुशवाहा ने बताया कि उनका अंतिम संस्कार शुक्रवार की सुबह नौ बजे बलिया गंगा घाट पर किया जाएगा। शोक संवेदना व्यक्त करने वालो में पूर्व प्रमुख बड़ेलाल मौर्य, प्रेम वर्मा, पवन मौर्य, विनोद वर्मा, ओमप्रकाश वर्मा, दीनानाथ वर्मा, रामाशीष यादव, तिलक मौर्य, रविन्द्र प्रसाद, रामजी वर्मा, अनिल वर्मा आदि शामिल रहे।



दुल्हा एवं दुल्हन की तरह हुआ शिव-पार्वती का श्रृंगार

# श्रृंगार एवं आरती दर्शन में उमड़ा भक्तों का रेला

**बलिया।** महाशिवरात्रि के पर्व पर बाबा बालेश्वर नाथ मंदिर में देर रात तक शिव-पार्वती विवाह का आयोजन हुआ। शादी की सभी रस्मों के बाद घराती एवं बाराती अपने घरों को लौटे। इसके पूर्व श्रृंगार एवं आरती दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का रेला उमड़ पड़ा। संग्राम गिरि ने बाबा बालेश्वर नाथ की आरती की। आरती लेने के लिए श्रद्धालुओं में होड़ मची रही। इसके बाद श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरण किया गया।



बाबा बालेश्वर नाथ की आरती करते संग्राम गिरि

## संक्षेप

### क्षेत्र भ्रमण कर आमजन से रूबरू हुए योगेश्वर सिंह



**बलिया।** सलेमपुर लोकसभा क्षेत्र के नेता एवं समाजसेवी योगेश्वर सिंह का तीन दिवसीय दौरा क्षेत्र के पांचों विधानसभाओं में रहा। इस दौरे से क्षेत्र में यही संदेश रहा कि आने वाले लोकसभा चुनाव में योगेश्वर सिंह इसी तरह से छाये रहेंगे। वह 23 फरवरी को नोएडा से कुसौरा गांव पहुंचे और उसके बाद गांव के लोगों से मिले। उसके बाद विभिन्न विधानसभाओं में जनसम्पर्क के लिये निकल पड़े। सबसे पहले 24 फरवरी को देवड़ी, मनियर, बेरूआरबारी, हनुमानगंज, कठौड़ा में विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल हुए। 25 फरवरी को रोहुआ, छितौनी, हरिहा कला, मिड्ढा, सुखपुरा आदि कार्यक्रमों में शामिल हुए। 26 फरवरी को छितौनी में स्वच्छता समिति कैंप का उद्घाटन और उसके बाद मंदिर में पूजन किया। वहीं, कुसौरा में खेलकूद कार्यक्रमों का उद्घाटन करने के बाद विजेताओं को सम्मानित भी किया।

### रोजगार मेला आज

**बलिया।** राजकीय पालिटेक्निक बांसडीह में 28 फरवरी को प्रेरणा इंजीनियरिंग एजुकेशन ग्रुप प्राइवेट लिमिटेड द्वारा रोजगार मेला अवसर 2.0 का आयोजन किया जा रहा है। इसमें कई नामी गिरामी कंपनियां प्रतिभाग कर रही है। इसमें 2022-25 तक के इंटरमीडिएट, स्नातक, डिप्लोमा और आईटीआई पास आउट छात्रों को रोजगार प्राप्त करने का एक सुनहरा मौका है। यह जानकारी जिला सेवायोजन कार्यालय के माध्यम से प्रधानाचार्य डॉ. रविकांत रंजन ने दिया है।

### अधिवक्ताओं का महासम्मेलन कल

**बलिया।** क्रिमिनल एंड रेवेन्यू बार एसोसिएशन एवं सिविल बार एसोसिएशन के संयुक्त नेतृत्व में एक मार्च को सुबह 10.30 बजे से अधिवक्ताओं के विभिन्न मांगों को लेकर दीवानी कचहरी के प्रांगण में पूरे प्रदेश के संगठन के पदाधिकारियों एवं अधिवक्ताओं का महासम्मेलन होगा। इसमें अधिवक्ता संशोधन विधेयक-2025 वापसी, प्रदेश की तहसीलें एवं मुख्यालय के संगठनों को संगठित कर संयुक्त बार एसोसिएशन के गठन पर चर्चा, अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम आदि मुद्दों पर विस्तृत चर्चा करके मांग पूरी करने हेतु दबाव बनाया जायेगा। यह जानकारी क्रिमिनल एंड रेवेन्यू बार एसोसिएशन के प्रभारी अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह उर्फ पप्पू एवं महासचिव रामविचार यादव ने दी है।

### डीएम ने ग्राम प्रधानों व सचिवों के साथ की बैठक



**बलिया।** जिलाधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार ने भूमि की अनुपलब्धता के कारण पंचायत भवन निर्माण से असंतृप्त 46 ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधानों एवं सचिवों के साथ बैठक की। जिलाधिकारी ने ग्राम प्रधानों एवं सचिवों से कहा कि ग्रामवासियों से वार्ता कर इच्छुक ग्रामवासी से आपसी सहमति से भूमि क्रय कर पंचायत भवन का निर्माण कार्य शुरू कराया जाय। कुछ ग्राम प्रधानों ने पंचायत भवन के निर्माण कार्य में आ रही समस्याओं से अवगत कराया, जिस पर जिलाधिकारी ने अपर जिलाधिकारी अनिल कुमार को समस्याओं को निस्तारित कराने के निर्देश दिए, ताकि पंचायत भवन का निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण कराया जा सके। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ओजस्वी राज, जिला पंचायतराज अधिकारी श्रवण कुमार सहित अन्य अधिकारी, ग्राम प्रधान एवं सचिव मौजूद रहे।

### पीएम आवास योजना के सर्वे में बरती जा रही लापरवाही

**बलिया।** नगरा ब्लाक में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के लिए हो रहे सर्वेक्षण में लापरवाही बरती जा रही है। ब्लाक के 24 ग्राम पंचायतों में अब तक सर्वे ही नहीं हुआ है। शून्य सर्वे पर परियोजना निदेशक आनंद प्रकाश ने तल्ख तेवर अपनाया है। चेताया कि यदि दो दिवस के अंदर अपेक्षित प्रगति नहीं की जाती है तो संबंधित सर्वेक्षणकर्ता का उत्तरदायित्व तय कर कार्यवाही की जाएगी। पीडी ने खंड विकास अधिकारी को पत्र भेजकर कहा कि आप सर्वेक्षण की दैनिक समीक्षा नहीं कर रहे हैं। सर्वे कार्य प्रारंभ हुए एक माह से अधिक का समय व्यतीत हो जाने के बाद भी विकास खंड नगरा की ऐसी 24 ग्राम पंचायतों में सर्वे का कार्य नहीं किया गया है। सर्वे प्रारंभ होने के एक माह के बाद भी आपके विकास खंड के ग्राम पंचायतों में एक भी सर्वे नहीं कराया जाना अत्यंत ही आपत्तिजनक है।

### दुष्कर्म व पॉक्सो ऐक्ट का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**बलिया।** नगरा पुलिस ने दुष्कर्म एवं पाक्सो एक्ट से संबंधित एक अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त किया है। पुलिस ने उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह के कुशल निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी अनिल कुमार झा के सफल पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी रसड़ा आशीष मिश्रा एवं थानाध्यक्ष नगरा कौशल पाठक के कुशल नेतृत्व में पुलिस को सफलता मिली है। दुष्कर्म एवं पाक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त रितेश सिंह पुत्र विद्यार्थी सिंह निवासी सोनापाली, थाना नगरा को मुखबिर की सूचना पर सोनापाली मोड़ के पास से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस टीम में थानाध्यक्ष कौशल पाठक, हेकां. धर्मेन्द्र कुमार, कां. दिवाकर यादव शामिल रहे।

### अराजक तत्वों ने क्षतिग्रस्त की संत रविदास की प्रतिमा

**बलिया।** फेफना थाना क्षेत्र के परिवा में बुधवार की रात अराजक तत्वों द्वारा संत रविदास की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त कर दिये जाने से गांव में तनाव फैल गया। इसकी जानकारी होते ही ग्रामीण प्रतिमा स्थल पर पहुंच कर आक्रोश व्यक्त करने लगे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित किया। जानकारी के अनुसार फेफना थाना क्षेत्र के परिवा गांव में स्थित संत रविदास की प्रतिमा को बुधवार की रात अराजक तत्वों ने तोड़ दिया। गुरुवार की सुबह जब ग्रामीणों ने प्रतिमा को क्षतिग्रस्त देखा तो तत्काल पुलिस को सूचित किया। इधर, मौके पर ग्रामीणों एवं बसपा नेताओं की भीड़ जमा हो गई। सूचना पर उप जिलाधिकारी सदर आत्रेय मिश्र, सीओ सदर मो. उस्मान, प्रभारी निरीक्षक चितबड़ागांव रोहन राकेश सिंह सदल-बल पहुंचे। थानाध्यक्ष फेफना अजस कुमार त्रिपाठी ने बताया कि ग्रामीणों से पूछताछ किया जा रहा है। क्षतिग्रस्त प्रतिमा की मरम्मत करा दी गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जायेगी।

### पीड़िता ने थाने में दी तहरीर जांच में जुटी पुलिस

**बेल्थरारोड।** नगर के वार्ड नम्बर 13 निवासी पूनम कन्नौजिया पत्नी प्रदीप ने बुधवार की देर शाम एक ज्ञात और पांच अज्ञात युवकों पर घर में घुसकर मारपीट करने, जातिसूचक गाली देने, मोबाइल तथा सोने का चेन छीनने का आरोप लगाते हुए उभांव थाने में तहरीर दी है। यह घटना वारदात स्थल के पास स्थित सीसीटीवी कैमरे में कैद हो चुकी है। प्रभारी निरीक्षक राजेन्द्र प्रताप सिंह ने इसकी जांच चौकी प्रभारी बांक बहादुर सिंह को सौंपी है। पीड़िता द्वारा पुलिस को दिए गए तहरीर में उल्लेख किया गया है कि हम अपने पति के साथ सब्जी खरीदकर कार से वार्ड नम्बर 13 कृषि मंडी के समीप स्थित अपने घर पहुंचे थे कि स्कार्पियो से गड़वार थाना क्षेत्र के कुकुरभूक्का निवासी कृष्णानन्द उर्फ राहुल यादव पुत्र हृदयानन्द यादव के साथ पांच अज्ञात लोग आए और घर में घुस कर जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए भद्दी-भद्दी गाली देते हुए हमारे पति प्रदीप को मारने-पीटने लगे। जब उनको बचाने गयी तो हमारा मोबाइल, गले का सोने का चेन व कान की बाली खींच लिए। शोर मचाने पर जान से मारने की धमकी देते हुए स्कार्पियो से भाग निकले। घटना की तहरीर पीड़िता पूनम ने उभांव थाने में देते हुए आवश्यक कार्रवाई की मांग किया है।

# विद्युत विभाग के खिलाफ ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

जनसंदेश न्यूज

**बाराचवर।** क्षेत्र के उतरांव गांव स्थित तिराहे पर गुरुवार को क्षेत्रीय लोगों द्वारा विद्युत सप्लाई ध्वस्त हो जाने पर चक्का जाम कर प्रदर्शन किया गया। मौके पर पहुंची पुलिस तथा बिजली विभाग के कर्मचारियों ने समझा बुझाकर कर जाम को समाप्त कराया। लोगों का कहना था कि ग्रीनफील्ड हाईवे के कार्य में लगे ट्रक द्वारा ग्यारह हजार विद्युत आपूर्ति के खंभे को तोड़ दिया गया जिसके चलते दर्जनभर गांव की विद्युत सप्लाई पिछले पांच दिनों से बंद पड़ी हुई है।

इस संबंध में उपभोक्ताओं द्वारा बार-बार कहे जाने के बाद विद्युत विभाग जब विद्युत सप्लाई चालू नहीं कराया तो इससे जुड़े लोगों ने उतरांव तिराहे पर जमकर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। सूचना पर पहुंची करीमुद्दीनपुर के थानाध्यक्ष व चौकी इंचार्ज सहित विद्युत विभाग के लोगों ने शुक्रवार से काम लगाकर विद्युत सप्लाई सुचार करने का आश्वासन दिया, उसके बाद चक्का जाम समाप्त हुआ।


उतरांव गांव स्थित तिराहे पर विद्युत दुर्व्यवस्था को लेकर प्रदर्शन करते ग्रामीण।

# हादसों में जा रही जान, फिर भी नाबालिगों के हाथ में थमा रहे दोपहिया की कमान

## हादसे के बाद उठ रहा सवाल.. आखिर नाबालिगों को वाहन चलाने की छूट क्यों दे रहे अभिभावक

**गाजीपुर।** जिले में पिछले पखवाड़े सड़क हादसे में तीन भाई-बहनों सहित छह की मौत से सिस्टम के साथ-साथ अभिभावकों पर भी सवाल खड़ा हो रहा है। न तो ट्रिपल राइडिंग पुलिस वाले रोक रहे हैं, न लगातार हो रहे हादसों के बावजूद अभिभावक ही बच्चों को वाहन देने से बाज आ रहे हैं। पिछले पांच साल में हादसों में 258 नाबालिगों की मौत हो चुकी है। इसके बावजूद नाबालिग व युवा ट्रिपल राइडिंग कर फर्राटा भरते फिर रहे हैं। नया कानून लागू होने के बाद एक साल में जिले में अब तक 37 नाबालिगों के चालान हुए हैं। ट्रिपलिंग राइडिंग पर भी 15,670 चालान हुए हैं। कहने को हम सिस्टम को भला बुरा कहते रहें। लेकिन, जवाबदेही तो हमारी भी बनती है कि अपने नाबालिग बच्चों के हाथों में वाहन न थमाएं। अगर घर का नवयुवा दोपहिया लेकर फर्राटा भर रहा है और ट्रिपलिंग कर रहा है तो उसे हिदायत दें।


लंका बस स्टैंड के करीब एक बाईक पर सवार तीन किशोर बच्चे।

नए कानून के बाद नाबालिगों के हाथों में वाहनों की रोकथाम के प्रयास होते रहते हैं। प्रयास बिना चालान समझाने व हिदायत देकर छोड़ने का रहता हैं। जो नहीं मानते या कई बार नियम तोड़ते दिखते हैं, तब चालान किया जाता है। अब नए सिरे से इस दिशा में अभियान छेड़ा जाएगा। ट्रिपलिंग पर लगातार कार्रवाई जारी है।

प्रभारी यातायात

### आए दिन हिदायत देती दिखती पुलिस

नाबालिगों के हाथों में दोपहिया की रोकथाम को लेकर आए दिन यातायात पुलिस स्कूलों के आसपास अभियान चलाती है। स्कूलों में संदेश पहुंचाती है कि बच्चे वाहन लेकर न आएं। यहां तक की चालान की कार्रवाई भी हुई उसके बावजूद ये मानने को तैयार नहीं हैं।

### क्या है नया कानून

1 जून 2024 से यूपी में 18 साल से कम उम्र के बच्चे वाहन चलाते मिले तो वाहन मालिक व अभिभावक पर कार्रवाई का आदेश है। बीएनएस के तहत 25,000 रुपये तक जुमार्ना, वाहन को 12 माह के लिए सीज व अपराध करने वाले बच्चे 25 साल की उम्र तक लाइसेंस लेने के लिए अयोग्य घोषित किए जाएंगे।

### जागरूकता अभियान चलाएगी अभिभावक एसोसिएशन

अभिभावक एसोसिएशन के पदाधिकारी सिद्धार्थ शंकर राय कहते हैं कि हमारे जिले के अभिभावकों से अपील है कि नाबालिग बच्चों के हाथों में स्कूल, कोचिंग या बाजार जाने के लिए दोपहिया वाहन न थमाएं।

## सैनिकों के नाम पर मार्ग का नामकरण एक बेहतरीन पहल

**रेवतीपुर।** स्थानीय ब्लॉक क्षेत्र के उतरौली गांव में करीब साढ़े पांच लाख से नवनिर्मित 125 मीटर लंबे सीसी मार्ग का नामंकरण गांव के पूर्व सैनिक अनिल कुमार सिंह उर्फ बुचन सिंह के स्मृति शेष पर इसका लोकार्पण इंटर कालेज के प्रबंधक राजनरायन सिंह के द्वारा शिलापट्ट का अनावरण कर किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि इंटरकालेज के प्रबंधक राजनरायन सिंह ने कहा कि सैनिकों के नाम पर मार्ग का नामकरण एक बेहतरीन पहल है, उन्होंने कहा कि इसके जरिए हम अपने बहादुर जवानों याद करते हुए हम उन्हें श्रद्धांजलि देते है, कहा कि ग्राम पंचायत में सैनिक के नाम पर बनाए गये इस मार्ग के जरिए आवागमन में भी काफी सहुलियत होगी, उन्होंने कहा कि आज हम सैनिकों की बदौलत ही देश में सुरक्षित है। इस अवसर पर सचिव सुनीता सिंह, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि प्रेम शंकर सिंह, गुड्डू बाबा, विनोद पाण्डेय, लादू सिंह, मुकेश सिंह आदि उपस्थित रहे।

# पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर खड़े ट्रक से भिड़ी कार, पांच लोग घायल

**कासिमाबाद।** क्षेत्र के धरवार कला गांव के पूर्वांचल एक्सप्रेसवे सर्विस लेन पुलिया के पास गुरुवार की सुबह खड़ी ट्रक में एक की भीषण टक्कर होने से कार में सवार पांच लोग बुरी तरह घायल हो गए। जिन्हें ग्रामीणों की मदद से कासिमाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया जहां इलाज के दौरान चिकित्सको ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

जानकारी अनुसार कासिमाबाद कोतवाली क्षेत्र के कासिमाबाद रसड़ा मार्ग पर धरवार कला पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पुलिया के पास गुरुवार की सुबह एक ट्रक चालक वाहन खड़ा कर चाय की दुकान पर चला गया। इसी दौरान कासिमाबाद के तरफ से रसड़ा के जा रहा कार ने पीछे से टक्कर मार दी।टक्कर इतनी तेज थी कि कार के परखच्चे उड़ गए।घटना की तेज आवाज सुनकर कर आसपास के ग्रामीण दौड़ पड़े। जिन्हें इलाज हेतु कासिमाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया जहां चिकित्सको ने सभी घायलों की हालत गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया घायलों की पहचान मनोज सिंह उम्र 36 वर्ष पुत्र श्यामदास सिंह, कविता सिंह उम्र 50 वर्ष पुत्र हृदय सिंह, हृदय सिंह उम्र 50 वर्ष पुत्र शशिपाल सिंह,गीता देवी उम्र 30 वर्ष पति योगेन्द्र सिंह, दुर्गावती सिंह उम्र 45 वर्ष पति योगेन्द्र सिंह निवासी बड़डा छापा गोपालगंज बिहार का होना बताया गया।


धरवार कलां गांव पास हादसा के बाद क्षतिग्रस्त कार को देखते ग्रामीण।


धावा कट्या गांव के पास अनियंत्रित होकर पलटा ट्रक।

### कार-बाइक की आमने-सामने टक्कर में तीन घायल

**मुहम्मदाबाद।** कोतवाली क्षेत्र के फिरोजपुर कला गांव के समीप गुरुवार की सुबह राष्ट्रीय राजमार्ग 31 पर तेज रफ्तार अनियंत्रित बाइक विपरीत दिशा से आ रही कार से टकरा गई। जिससे बाइक चला रहा युवक बुरी तरह से घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार नोनहरा थाना क्षेत्र के बोरसिया निवासी अखिलेश यादव पुत्र विशाल यादव (20) मुहम्मदाबाद की तरफ से अपने गांव जा रहा था। वही गाजीपुर की ओर से बलिया जा रही तेज रफ्तार कार से भिड़ गया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई और कार के अगले हिस्से भी क्षतिग्रस्त हो गया। कार सवार बलिया के बहेड़ी के रहने वाले बताए जा रहे हैं। कार में बैठी युवती फातिमा निजाम को गंभीर चोट आई है। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजवाया जहां पर बेहतर इलाज हेतु उन्हें मेडिकल कॉलेज गाजीपुर रेफर कर दिया गया। कार में कुल तीन लोग सवार थे जिसमें चालक को भी चोटें आई हैं।

### बालू लदा ट्रक अनियंत्रित होकर पलटा

**मनिहारी।** स्थानीय क्षेत्र के धावा कटया गांव के समीप बुधवार की देर रात्रि को बालू लदा ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। जानकारी के अनुसार बालू लदा ट्रक भरौली से सफेद बालू लोडकर हरिहरपुर होते हुए चौरा चौकड़ी की ओर जा रहा था। ऐसे में सड़क पार कर रहे जानवर को बचाने के चक्कर में पलट गया। इसमें वाहन चालक शादियाबाद थाना के कटया गांव निवासी विक्रमा यादव मामूली रुप से जख्मी हो गया। ट्रक पलटनें पर तेज आवाज सुनकर ग्रामीण सड़क के तरफ भागें दौड़े आए तो देखा की ट्रक पलट गया है और उसमे डाईबर फंसा हुआ है।तो ग्रामीणों ने सीसा तोड़ कर डाईबर को बाहर निकाला और निजी चिकित्सक के पास इलाज के लिए लेकर गए जहां प्राथमिक इलाज के बाद डाईबर को घर भेज दिया गया।

## संक्षेप

### फैक्ट्री में मजदूर की गई जान

**मरदह।** थाना क्षेत्र के चौबेपुर तरछा गांव निवासी उड़िसा में फैक्ट्री में काम करने के दौरान योगेश राजभर की हादसे में मौत हो गयी। गुरुवार को युवक का शव गांव में आने पर गांव में शोक की लहर दौड़ गयी।परिवार के लोगो ने बताया कि योगेश राजभर फेक्ट्री में नाइट शिफ्ट में काम करते समय पाइप में दबकर हादसे का शिकार हो गया। हादसे के शिकार योगेश राजभर का शव गाँव मे आने पर काफी तादात में लोगो की भीड़ गांव में जुटी रही। योगेश के दो छोटे बच्चे क्रमशःअरुण 10 वर्ष एवं आदित्य 8 वर्ष के एवं एक पुत्री रिया 12 वर्ष की है।पत्नी चंदा राजभर सहित परिवार के लोगो के रोने बिलखने से सभी गमगीन है। योगेश अपने परिवार के एकलौता कमाऊ सदस्य थे अब परिवार पर भरण पोषण का संकट उतपन्न हो गया है।

### अराजकतत्वों ने जनरल स्टोर की दुकान में लगाई आग

**मरदह।** दुल्लहपुर थाना क्षेत्र के चौथी हरिकरनपुर चट्टी पर लोहे की गुमती में स्थित सुनील दत्त निवासी हरिकरनपुर की जनरल स्टोर की दुकान में बीती रात्रि में अज्ञात अराजक तत्वों ने ज्वलनशील पदार्थ डालकर आग लगा दी। जिससे गुमती में रखा गया फ्रिज,कोल्डड्रिंक सहित दो लाख के लगभग का दुकान में रखा सामान जलकर नष्ट हो गया। रात्रि में दो बजे के लगभग दुकान को जलता देख किसी व्यक्ति द्वारा दुकानदार को अगलगी की सूचना दी गयी। जब तक घर से दुकानदार एवं स्थानीय ग्रामीण मौके पर पहुँचे तब तक सारा सामान जलकर नष्ट हो गया था। पीड़ित दुकानदार ने घटना की सूचना दुल्लहपुर थाने में दी है। घटना को लेकर स्थानीय लोगों में अराजकतत्वों के खिलाफ आक्रोश व्याप्त है।

### बोलेरो ने बाइकों में मारी टक्कर, दो घायल हालत गंभीर

**शादियाबाद।** स्थानीय थाना क्षेत्र स्थित मरदानपुर मोड़ के पास सादात से गाजीपुर की तरफ जा रही अनियंत्रित बोलोरो ने त्रिमुहानी पर दो बाईकों से टकरा गई। जिसमें दो बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की जानकारी होते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी लेते हुए तत्काल घायलों को उपचार के लिए भेजा गया। बाइक सवार अमरेश कुमार पुत्र बालरूप बरईपारा थाना शादियाबाद वहीं दूसरा बाइक सवार प्रदीप राजभर पुत्र राजीव राजभर गांव निवासी सेमरा थाना शादियाबाद दोनो को उपचार के लिए भेजा गया। अमरेश कुमार निवासी बरईपारा को गंभीर चोट लगने से वाराणसी ट्रामा सेंटर इलाज के लिए भेजा गया। फिलहाल बोलोरो समेत चालक को शादियाबाद पुलिस ने तत्काल कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई करने के लिए थाने पहुंची।

### राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए आज निकलेगी जागरूकता रैली

**गाजीपुर।** आठ मार्च को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के व्यापक प्रचार हेतु शुक्रवार को समय पूर्वाह्न 10 बजे जनपद के न्यायाधीश धर्मेन्द्र पाण्डेय द्वारा कचहरी गेट नम्बर-01 से जागरूकता रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया जायेगा।

### भोलेनाथ का रुद्राभिषेक

**गाजीपुर।** नगर के स्टेशन रोड स्थित सहकारी गोदाम के प्रांगण में कार्तिकेश्वर महादेव मन्दिर पर महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर श्रद्धालुओं ने बाबा भोलेनाथ को शहद, दूध, घी, दही, गंगाजल, गन्ने का रस, दूर्वा मिश्रित कर विधि विधान से कार्तिकेश्वर महादेव का रुद्राभिषेक कर पूजा अर्चन के साथ आरती किया। इस दौरान पूरा मन्दिर प्रांगण 'हर-हर महादेव', 'जय शिव शंकर', भोलेनाथ और 'ओम नमः शिवाय' के जयकारे से गूंजता रहा।

### मुख्य चौराहे पर ऑटो चालक और ई-रिक्शा की मनमानी

**मुहम्मदाबाद।** कस्बे के मुख्य चौराहे पर अवैध वाहन स्टैंड बन गया है। शिकायतों के बाद भी अब तक यहां से ऑटो-रिक्शा व ई-रिक्शा को नहीं हटाया गया है। इसके कारण यहां पर दिन में जाम की स्थिति बनी रहती है। दुकानदारों ने कई बार शिकायत कर इन्हें हटवाने की मांग की है, लेकिन अब तक समस्या का निदान नहीं हुआ। यहां चौराहे पर सड़क पर खड़े चालक ऑटो व ई-रिक्शा में सवारियों को चढ़ाते और उतारते हैं। इससे यहां से निकलना मुश्किल होता है। राहगीर जाम से परेशान रहते हैं। पुलिस चौकी प्रभारी ने बताया कि जल्द ही अभियान चलाया जाएगा।

### मौसम के हिसाब से दुकानदारों ने बदला ट्रेड

**गाजीपुर।** नगर के अधिकतर फुटपाथ दुकानदारों ने अपना पेशा बदल कर बेल की शरबत, डाब, शिकंजी, कोल्ड ड्रिंक्स आदि की दुकानें सजा ली हैं। बाकी दिनों में चाय-नाश्ता, लिट्टी-चोखा, इमरती, भुंजा आदि बेचनेवाले इन दुकानदारों का कहना है कि गर्मी के इस मौसम में लोगों की पसंद और मांग को देखते हुए अपना व्यवसाय बदल लिया है। दुकानदार कहते हैं कि गर्मी में इन्हीं चीजों की बिक्री ज्यादा होती है। गर्मी से राहत और गले को तर करने के नाम पर धड़ल्ले से बिक रहे शीतल पेय में मिलावट का खेल चल रहा है। इससे ग्राहकों की सेहत को नुकसान पहुंच रहा है। धोखाधड़ी के खेल से अनभिज्ञ ग्राहक हर दिन ठगे जा रहे हैं।

# जैविक खेती आज के समय की आवश्यकता:अतींद्र

जनसंदेश न्यूज

**रेवतीपुर।** पटकनियां गांव में शासन के निर्देश पर जैविक खेती को बढावा देने और आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से नमामी गंगे योजना अंतर्गत जैविक मेला और प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि उप कृषि निदेशक अतीन्द्र सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

आयोजित इस जैविक मेला और प्रदर्शनी के दौरान मुख्य अतिथि ने 10 प्रगतिशील किसानों को प्रशस्ति-पत्र और अंगवस्त्र देकर उन्हें सम्मानित करते हुए,उनसे अन्य लोगों को भी इस खेती के प्रति जागरूक करने और बढ़ावा देने पर बल दिया। मुख्य अतिथि उप कृषि निदेशक अतीन्द्र सिंह ने बोलते हुए कहा कि इसका मुख्य उद्देश्य किसानों को जैविक विधि से खेती को बढावा देना है, उन्होंने कहा कि जैविक खेती आज के समय की आवश्यकता है,जो न केवल किसानों की आमदनी बढ़ाने में सहायक है,बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वस्थ पर्यावरण भी सुनिश्चित करता है। कहा कि जैविक खेती की आधुनिक तकनीकों, रसायन मुक्त खेती के लाभों और भूमि की उर्वरता को बनाए रखना भी इसका उद्देश्य है, उन्होंने कहा कि रसायन मुक्त खेती आज के दौर में जरुरी है,जैविक विधि के जरिए उत्पाद पौष्टिकता से परिपूर्ण रहता है,जो निरोग बनाए रखने में भी मदद करता है।

इस कार्यक्रम के दौरान किसानों ने भी अपने अनुभव साझा किए और इस तरह के आयोजनों की निरंतरता की आवश्यकता पर बल दिया। मेले के सफल आयोजन से क्षेत्र के किसानों में जैविक खेती के प्रति नया उत्साह और जागरूकता देखने को मिली। इस अवसर पर डाक्टर वीरेंद्र कुमार राव, डाक्टर शशांक सिंह,सोनू कुमार रेड्डी, कुलदीप सिंह, एडीओ एजी सोहन कुमार पटेल आदि अधिकारी और किसान मौजूद रहे।


पटकनियां गांव में जैविक मेला एवं प्रदर्शनी का निरीक्षण करते उप कृषि निदेशक अतींद्र सिंह।

# जर्जर पुलिया से लग रहा घंटों जाम, प्रशासन के पास नहीं कोई रास्ता

जनसंदेश न्यूज

**भांवरकोल।** राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-31 महीनों से लगने वाली जाम की समस्या प्रशासन के प्रयास के बावजूद भी ज्यों का त्यों बनी हुई। जिससे आने जाने वालों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बढनपुरा गांव के पास ओकी नदी कर अंग्रेजों के जमाने में बना पुल जो अति सकरा होने के साथ ही जर्जर होने के कारण इसके दोनों ओर चार किमी तक पश्चिम भारत से पूर्वी भारत के लंबी-लंबी वाहनों का जाम लग जाना अब आम बात बन गया है। सड़क जहां वाहनों से जाम रहता है वहीं कच्ची पटरियां भी इस कदर कट फट गई है कि कब बगल के गड्ढों में मोटरसाइकिल वाले पलटीं मार दें, कहा नहीं जा सकता है। गुरुवार की रात्रि रात बारह बजे से लगातार भयंकर जाम लगा रहा। हालांकि सकरी/जर्जर पुल से एक एक वाहनों को निकालने के लिए एक्सप्रेस वे के कर्मचारियों के अलावा स्थानीय पुलिस /ट्राफिक पुलिस के जवान भी लगे हुए हैं जो एक एक वाहनों को पुलिया से गुजार रहें हैं। जाम का समाधान का फिलहाल एक उपाय यही है कि सकरी पुलिया के पास ही साईड से अस्थाई पुल का निर्माण अविलंब किया जाए। इसके अलावा और कोई समाधान नही है। सकरी पुलिया के कारण ही बलिया के कोटवां नारायणपुर से गाजीपुर के हैदरिया के पास तक वाहनों का जाम लगने के कारण हैदरिया से भरौली तक के कोई 17 किमी की दूरी को तय करने में कभी-कभी तो आठ घण्टे लग जा रहें हैं। सबसे अधिक परेशानी वाराणसी ईलाज हेतु रोगियों को ले जाने वाले एम्बुलेंसों को हो रही है जो जाम में फंस जाने के कारण रोगी के मरने की स्थिति आ सकती है।

# पीएम श्री कम्पोजिट विद्यालय के विद्यार्थियों को सिखाया कम्प्यूटर

जनसंदेश न्यूज

**नगसर।** पीएम श्री कम्पोजीट विद्यालय नगसर नेवाजुराय के शिक्षा क्षेत्र रेवतीपुर का बीएसडी पब्लिक स्कूल रेवतीपुर के साथ टिवनींग सेयरींग कार्यक्रम पीएम श्री योजना अंतर्गत किया गया। तत्पश्चात विद्यालय नगसर नेवाजुराय के प्रधानाध्यापक संजय राय और सहायक अध्यापक रामेंद्र कुमार राय व शशितोष खरवार अपने 50 छात्र-छात्राओं के साथ टिवनींग सेयरींग कार्यक्रम के लिए रेवतीपुर बीएसडी पब्लिक स्कूल पर पहुंचे वहां के अध्यापकों द्वारा स्वागत किया गया। फिर विभिन्न कक्षाओं में वहां के छात्र-छात्राओं के साथ बैठकर गणीत, विज्ञान व अन्य विषयों का तत्परता के साथ अध्ययन कराया गया।

विषयगत अध्ययन के साथ-साथ वहां के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रशिक्षण में प्रतिभाग किया गया। जहां बच्चे लोकसंगीत के अंतर्गत 'बेटी बेचवा' नाटक का मंचन किया। वहीं मृत्युंजय राय ने वहां के खो खो के राष्ट्रीय चैम्पियन छात्रों में खो खो के बारिकियों का सैद्धांतिक रूप से और कम्प्यूटर के इतिहास के साथ एमएस वर्ड बारिकियों से विस्तार पूर्वक समझाकर अभ्यास भी कराया। बीएसडी पब्लिक स्कूल रेवतीपुर के डायरेक्टर विपीन विहारी द्वारा बच्चों को अपने विद्यालय की पत्रिका क्रिसलय देकर बच्चों को प्रेरित किया कि आपको निरंतर अपने पढ़ाई को जारी रखेंगे और अपने पढ़ाई का सर्वांगीण विकास करेंगे और साथ ही यहां से जो कुछ भी सिखाया वह आप सब अपने विद्यालय पर निरंतर सिखते रहेंगे और जरूरत पड़ने पर पीएम श्री विद्यालय को पूरा सहयोग प्रदान किया जाएगा।


बीएसडी पब्लिक स्कूल में कम्प्यूटर की जानकारी देती छात्राएं।

# बढ़े तापमान से प्रभावित होगी गेहूं की उत्पादकता

## गेहूं की फसल को 10 से 17 डिग्री सेल्सियस तापमान की जरूरत

**गाजीपुर।** फरवरी में अचानक बढ़े तापमान का असर गेहूं की उत्पादकता पर पड़ने की आशंका है। इससे गेहूं की अगेती फसल में दूधिया स्टेज में गेहूं के दानों का विकास प्रभावित होगा। साथ ही पछेती गेहूं फसल पर भी विपरीत असर पड़ेगा। जनपद में लगभग 1.40 लाख हेक्टेयर रकबे में गेहूं की खेती है। गेहूं की फसल को इस समय 10 से 17 डिग्री सेल्सियस तापमान की जरूरत है, जबकि जनपद में इस समय 15 से 32 डिग्री सेल्सियस तक तापमान चल रहा है।

इसका सीधा असर गेहूं की उत्पादकता पर पड़ेगा। पूर्व अपर जिला कृषि अधिकारी ओपी सिंह के अनुसार जनवरी और फरवरी में सामान्य से कम बारिश और उच्च तापमान के कारण गेहूं की फसल पर काफी प्रतिकूल असर पड़ेगा। साथ ही सरसों और चने जैसी फसलें भी जल्दी पक सकती हैं।



उन्होंने कहा कि गेहूं की फसल के लिए अगले 10-15 दिनों तक न्यूनतम तापमान 15 डिग्री सेल्सियस से कम रहना चाहिए।

अगर यह स्थिति नहीं रहती है तो उत्पादन में काफी गिरावट आएगी। विशेषज्ञों के अनुसार विशेष रूप से पूर्वी यूपी में प्रति हेक्टेयर दो से तीन क्विंटल तक गेहूं का उत्पादन कम हो सकती है। किसान गेहूं की फसल को बचाने के लिए खेत में हल्की सिंचाई कर नमी बनाए रखें।

# भक्ति की रेखा हृदय, भाग्य की रेखा हाथ

जनसंदेश न्यूज

**भांवरकोल।** स्थानीय विकास खंड क्षेत्र के स्वामी आत्मानंद इंटर कालेज टोडरपुर के प्रांगण में महाशिवरात्रि के अवसर पर हो रहे प्रवचन के दूसरे दिन गुरुवार की दोपहर में अमेठी से पधारे मानस मर्मज्ञ रामदेव स्वामी ने कहा कि भक्ति की रेखा हृदय में होती है जबकि भाग्य की रेखा हाथ की हथेली में होती है। उन्होंने यह भी कहा कि वेद शास्त्र पढ़ने से नही बल्कि पवित्र मन से राम राम मानव को जीवन मरण से मुक्ति पाकर मोक्ष को जीव प्राप्त कर लेता है। यहां तक कि देवाधिदेव शंकर भी राम-राम का ही जप करें जीवन यापन करते है। कहा कि वेद शास्त्रों का निचोड़ ही रामायण है।

जिसे आम लोग भी समझ लेते हैं। अडभंगी शिव ने महाशिवरात्रि के दिन ही जगत को बचाने हेतु हलाहल का पान किया और संयोगवश इसी दिन तारकासुर के अत्याचार से बचाने के लिए सती विवाह भगवान राम के आदेश से किया था। तारकासुर का वध छः सिर वाला ही कर सकता है। इसलिए देवताओं और ब्रह्मा ने समाधिस्थ शंकर को जगाने के लिए कामदेव को मोह-माया पैदा करने का काम सौपा गया। कामदेव अपने काम में सफल तो हुए लेकिन शंकर के प्रकोप से वह जलकर राख हो गया। पति कामदेव के मौत से विधवा रति के विलाप देख कर शंकर ने उसे आशीर्वाद दिया कि जगत में अदृश्य रुप में कामदेव उसे दिखाई देगा। देवताओं ने बताया कि कामदेव ने अपने को बलिदान जगत की कल्याण के लिए किया है।

इसलिए जगत में सर्वत्र कामदेव विद्यमान रहेगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि शंकर के अंग अंग में काल का निवास है जो सांप के रुप में हमे दिखाई देते हैं। इस अवसर पर उन्होंने शिव वरात का वर्णन इस प्रकार किए कि श्रोता मंत्रमुग्ध हो गये। दुल्हे शंकर के विचित्र बरात जैसा आज तक किसी का बरात नही निकला। ऐसा बरात जिसमें देवताओं से लेकर भूत प्रेत, मुख विहिन तो कोई अंग विहिन तो गधे, सियार, कुत्ते के मुख जैसे बाराती भी शामिल थे। प्रवचन समाप्ति के बाद हर साल की तरह इस साल भी विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें देर रात तक हजारों लोगों ने प्रसाद तौर पर भोजन किए। अंत में महाशिवरात्रि समारोह के आयोजन समिति के संरक्षक व प्रधानाचार्य शिवजी यादव ने आंगतुक भक्तगणों व कार्यक्रम को सफल बनाने वाले के प्रति आभार व्यक्त किया।


स्वामी आत्मसात इंटर कालेज टोडरपुर के प्रांगण में प्रवचन करते स्वामी रामदेव महाराज।

# विद्युत कर्मियों ने निजी क्षेत्र में जाने से बचाने का लिया संकल्प

**जनसंदेश न्यूज**

**आजमगढ़।** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश के आह्वान पर आज समस्त जनपदों और परियोजना मुख्यालयों पर बिजली कर्मियों ने निजीकरण के विरोध में प्रदर्शन जारी रखा। बिजली कर्मियों ने अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद को उनके बलिदान दिवस पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए यह संकल्प लिया कि अमर शहीदों के बलिदान से स्वतंत्र हुए भारत में अरबों खरबों रुपए की जनता की परिसंपत्तियों को कौड़ियों के मोल नहीं बिकने देंगे और उत्तर प्रदेश में बिजली का निजीकरण हर हाल में रोका जाएगा।

संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने 55 वर्ष की आयु के बाद संविदा कर्मियों को हटाए जाने के आदेश का तीव्र विरोध करते हुए कहा है कि इन संविदा कर्मियों के सहारे क्षेत्र में बिजली की व्यवस्था चल रही है। इनमें से कई संविदा कर्मी बिजली व्यवस्था बनाए रखने हेतु दुर्घटना में अपंग हो गए हैं।



विरोध प्रदर्शन करते विद्युत विभाग के कर्मचारी।

किसी का हाथ कट गया है, किसी का पैर कट गया है या दुर्घटना में शरीर के अन्य भागों को क्षति हुई है। आज निजीकरण के लिए पावर कार्पोरेशन प्रबंधन इतना उतावला है कि वह संविदा कर्मियों को इस हालत में 55 वर्ष की आयु के बाद घर भेज रहा है। पावर कार्पोरेशन प्रबंधन का यह कृत्य घोर अमानवीय और निन्दनीय है। संघर्ष समिति ने 55 वर्ष की आयु के बाद संविदा कर्मियों को हटाए जाने वाले आदेश को तत्काल निरस्त करने की मांग की है। संघर्ष समिति का मोटे तौर पर मानना है कि भय और उत्पीड़न के वातावरण में जिस तरह स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति का दौर चल रहा है उससे पावर कारपोरेशन को दूरगामी क्षति तो हो ही रही है। आने वाले गर्मियों में जब बिजली की मांग 32000 मेगावाट तक पहुंचेगी तब इसका सबसे अधिक खामियाजा प्रदेश की जनता को भुगतना पड़ेगा।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार एक की मौत, दूसरा घायल

**जनसंदेश न्यूज**

**पटवध (आजमगढ़)।** जीयनपुर थाना कोतवाली अंतर्गत बुधवार की देर रात जीयनपुर चौराहे पर एक बाइक से जा रहे दो युवकों को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे मौके पर एक की मौत हो गई दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय भेज दिया गंभीर रूप से घायल युवक को उपचार के जिला चिकित्सालय भेज दिया।


मृतक की फाइल फोटो।

महताब आलम 19 वर्ष पुत्र बशीर अहमद तथा उसका दोस्त नौशाद उम्र 20 वर्ष पुत्र अज्ञात निवासी मुंशीपुरा नई बस्ती थाना कोतवाली मऊ दोनों किसी शादी में शामिल होने के लिए अपने परिजनों से बताकर शाम को अपने घर से निकले दोनों ज्यों ही जीयनपुर चौराहे के पास पहुंचे तब तक किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही महताब आलम की मौके पर ही मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस में इसकी सूचना परिजनों को दी। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने घायल नौशाद को इलाज के लिए मऊ जिला चिकित्सालय में लाकर भर्ती कराया जहां गंभीर स्थितियों में इलाज चल रहा है वहीं पुलिस ने महताब के शव को अपने कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय भेज दिया। महताब अपने मां-बाप का एकलौता पुत्र था कक्षा 12वीं का पेपर दे रहा था अभी उसका केवल हिंदी का पेपर हुआ था मौत की खबर से परिजनों में कोहराम मच गया।

## अज्ञात कारणों से दुकानों में लगी आग, सामान जलकर राख

**जनसंदेश न्यूज**

**पटवध (आजमगढ़)।** जीयनपुर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत मनिकाडीह बाजार में अज्ञात कारणों से दुकानों में भीषण आग लग गई जिससे दुकानों में रखा लाखों का सामान जलकर राख हो गया। कड़ी मशक्कत के बाद किसी तरह आग पर काबू पर पाया गया।

जीयनपुर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत मनिकाडीह बाजार में बुधवार की रात करीब दो बजे बहादुर के कपड़े प्रेस करने वाली दुकान, फूलचंद के पान की गुमटी, राजू प्रजापति के मिठाई की दुकान, रामकेश मौर्य के सब्जी की दुकान, राजेंद्र प्रजापति की सब्जी की दुकान, राजेश प्रजापति के मिठाई की दुकान में अज्ञात कारणों से आग लग गई। आग की लपटों में दो गैस सिलेंडर भी आ गए जिससे आग ने और भी भीषण रूप अख्तियार कर लिया। लोगों ने आग बुझाने का काफी प्रयास किया। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका परंतु तब तक काफी नुकसान हो चुका था। सबसे ज्यादा नुकसान राजेश प्रजापति की मिठाई की दुकान को पहुंची है। इनके लाखों रुपए के सामान जलकर खाक हो गए हैं। गुरुवार को तहसील प्रशासन की टीम ने मौके पर पहुंचकर दुकानदारों के हुए नुकसान का आकलन किया और उन्हें आर्थिक सहायता प्रदान करने का आश्वासन दिया।


दुकान में आग से जले सामान।

### दुर्घटना में मृत की हुई पहचान, ट्रेलर बरामद

**महराजगंज (आजमगढ़)।** स्थानीय पुलिस ने सड़क दुर्घटना में शामिल एक ट्रेलर को बरामद कर लिया है, जिसने बुधवार की सुबह एक व्यक्ति की जान ले ली थी। पुलिस की तत्परता और सक्रियता से न केवल आरोपी वाहन को जब्त किया गया, बल्कि मृतक की भी पहचान कर ली गयी है। बुधवार को महराजगंज-कप्तानगंज मार्ग पर देवनपुर गांव के पास हादसा हुआ था, जहां एक तेज रफ्तार ट्रेलर ने एक साइकिल सवार राहगीर को टक्कर मार दी थी। हादसे के बाद ट्रेलर चालक वाहन लेकर फरार हो गया था।पुलिस ने जांच के दौरान ट्रेलर की पहचान कर उसे बरामद कर लिया। प्रभारी निरीक्षक विनय कुमार मिश्र ने बताया कि उक्त ट्रेलर महराजगंज थाना क्षेत्र के रामपुर निवासी राजेश यादव पुत्र मंसा यादव के नाम पर है। पुलिस अब वाहन चालक की गिरफ्तारी के प्रयास में जुटी हुई है। लालधर सिंह निवासी लहरपार की मदद से हादसे में मारे गए व्यक्ति की भी पहचान कर ली गई है। पुलिस के अनुसार, मृतक की पहचान जय प्रकाश सिंह पुत्र स्व. राजदेव सिंह 70 वर्ष निवासी लहरपार थाना कप्तानगंज के रूप में हुई।

## समस्याओं का हल नहीं हुआ तो खतरे में पड़ेगा किसानों का अस्तित्व

**बोले राजनेत**

**किसान महापंचायत में विभिन्न समस्याओं पर हुई चर्चा**

**किसान महापंचायत में रखी गयी छह सूत्री मांगे**

**जनसंदेश न्यूज**

**निजामाबाद (आजमगढ़)।** निजामाबाद तहसील क्षेत्र के सेंटरवा बाजार में गुरुवार की दोपहर किसानो की विभिन्न समस्याओं को लेकर किसान महा पंचायत का आयोजन किया गया। किसान महा पंचायत की अध्यक्षता बांकेलाल यादव ने की।

किसान महापंचायत के मुख्य अतिथि जय किसान आंदोलन के प्रदेश अध्यक्ष राजनेत यादव ने संबोधित करते हुए कहा कि आजमगढ़ की धरती समतल व काफी उपजाऊ है। यहां हर प्रकार की फसलें साग, सब्जी, मूंगफली, चना, मटर, अरहर, सूर्यमुखी, मक्का, उड़द, आलू, गेहूं, धान, गन्ना आदि सभी फसले भरपूर होती हैं। लेकिन इस समय जंगली जानवरों जैसे नीलगाय, बन सुअर, छुट्टा गाय सांडों का प्रकोप काफी बढ़ गया है। रात भर रखवाली के बाद भी किसान अपनी फसलें नहीं बचा पा रहे हैं। यहां के किसानों की मक्का, साग, सब्जी, मटर, अरहर, आलू आदि फसले न बच पाने के कारण किसानों का अस्तित्व ही खतरे में पड़ गया है। इसके साथ ही किसान महापंचायत में एमसपी खाद, पानी, बीज, बेतहाशा बिजली बिल वृद्धि, रोजगार, सरकारी अस्पतालों की दुर्दशा आदि समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गयी। इस अवसर पर प्रिंस चौहान, उत्तम यादव, रिंकू यादव, श्यामदेव यादव, रोहित कुमार, विवेकानंद, डा अश्वनी यादव, निजामुद्दीन, भीम, दिनेश चन्द, राजनाथ यादव, हीरालाल, अनिल चौधरी, तारा देवी, शिमला, यादवेन्द्र पटेल आदि लोगों ने संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन जिला युवा अध्यक्ष आशीष पटेल द्वारा किया गया।


किसान महापंचायत को सम्बोधित करते राजनेत यादव।

## केबल फाल्ट के चलते ठप हुई तीन फीडरों की विद्युत आपूर्ति

**परेशानी बढ़ी**

**लगभग 30 हजार उपभोक्ताओं को नहीं मिल रही आपूर्ति**

**बोर्ड परीक्षार्थियों को करना पड़ रहा है दिक्कतों का सामना**

**जनसंदेश न्यूज**

**फूलपुर (आजमगढ़)।** सुदनीपुर विद्युत उपकेंद्र क्षेत्र में केबल फाल्ट के चलते बुधवार 12 बजे से विद्युत आपूर्ति बाधित है। जिसके चलते लगभग 30 हजार उपभोक्ताओं को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय इंजीनियरफाल्ट सही करने में असफल रहे। जिले की टीम को फाल्ट सही करने के लिए बुलाया गया है।

सुदनीपुर उपकेंद्र पर तीन फीडर संचालित हैं जिसमें फूलपुर तहसील, कस्बा और कनेरी फीडर शामिल हैं। बुधवार दोपहर में केबल फाल्ट हो गयी। स्थानीय अभियंता और अवर अभियंता बुधवार से ही फाल्ट सही करने में लगे रहे। लेकिन इन्हें सफलता नहीं मिली। गुरुवार सुबह जिले की टीम मौके पर पहुंची। जिले की टीम ऊदपुर सहित कई जगहों पर चेकिंग कर फाल्ट का पता लगाने में लगी रही।


फाल्ट खोजते विभागीय अधिकारी व कर्मचारी।

इंजीनियरों की असफलता से लगभग 30 हजार उपभोक्ताओं को बिजली नहीं मिल रही है। सबसे अधिक समस्या फूलपुर कस्बा के लोगों को हो रही है।

बिना विद्युत आपूर्ति के जलापूर्ति भी नहीं हो पा रही है। बोर्ड की परीक्षा देने वाले छात्र छात्राओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

जानकारी के लिए अधिशासी अभियंता विद्युत फूलपुर केके वर्मा से सम्पर्क करने की कोशिश की गई तो बामुश्किल फोन उठा तो बोले अभी चलकरदेख रहा हूं क्या दिक्कत है? वहीं उपखण्ड अधिकारी भूप सिह ने बताया रात्रि एक बजे तक चेकिंग की जा रही थी जिसकी वजह से फोन नहीं उठा फाल्ट न मिलने पर मुख्यालय से टीम बुलाई गई है।फाल्ट ठीक करा कर जल्द आपूर्ति बहाल करने का प्रयास किया जाएगा।

## खेल से खिलाड़ियों में होता है प्रतिस्पर्धा का विकास : धनंजय

**जनसंदेश न्यूज**

**बूढ़नपुर (आजमगढ़)।** स्थानीय तहसील क्षेत्र के बाबा प्रथम देव बहरा देव बहिरादेव में 10 दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ गुरुवार को स्वर्गीय चंद्रेश सिंह स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन उनकी पहली पुण्यतिथि के अवसर पर किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व सांसद धनंजय सिंह ने फीता काटकर क्रिकेट मैच का उद्घाटन किया।

मुख्य अतिथि ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि निश्चित रूप से यह बड़ा ही सुनहरा अवसर है इसके माध्यम से क्षेत्र के खिलाड़ियों को एक अवसर मिलेगा जिससे वह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना सकेंगे। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व विधायक इंद्र प्रताप तिवारी उर्फ खब्बू तिवारी ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल से खिलाड़ियों में प्रतिस्पर्धा का विकास होता है। खिलाड़ी खेल की बदौलत अपना और अपने क्षेत्र का नाम रोशन करते हैं कार्यक्रम के आयोजन एडी बेसिक डॉक्टर कौस्तुभ सिंह ने कार्यक्रम में हिस्सा लेने वाले सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया और अपने पिता की स्मृति में इस क्रिकेट प्रतियोगिता के आयोजन को सफल बनाने के लिए सभी खिलाड़ियों का स्वागत किया साथ ही यह भी अस्वस्थ किया कि इस तरह का आयोजन आगे भी होता रहेगा। बूढनपुर नगर पंचायत के अध्यक्ष प्रतिनिधि गुडलक सिंह ने बताया कि यह प्रदेश स्तरीय क्रिकेट टूनामेंट प्रतियोगिता है जिसमें उद्घाटन में मदियापार और सेलरहापट्टी के बीच खेला गया। सेलरहापट्टी की टीम ने मदियारपार की टीम को पांच रनों से पराजित किया।


पूर्व सांसद धनंजय सिंह का स्वागत करते आयोजक मंण्डल के सदस्य।

उन्होंने बताया कि विजेता टीम को एक बुलेट बाइक एक लाख रुपया नगद पुरस्कार दिया जाएगा वहीं उपविजेता टीम को एक स्प्लेंडर बाइक 50 हजार रुपया नगद दिया जाएगा वैसे तो सभी खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया जाएगा इस मौके पर जंग बहादुर सिंह, कन्हैया सिंह, अखंड प्रताप सिंह, अमित सिंह, महेश सिंह, वीरभद्र प्रताप सिंह, देवेंद्र सिंह, जगदंबा प्रसाद सिंह, चंद्रजीत तिवारी, नीरज तिवारी, मंसाराम, बालमुकुंद सिंह सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

## समीक्षा बैठक में ओम प्रकाश राजभर ने सपा पर कसा तंज

**अतरौलिया (आजमगढ़)।** अतरौलिया स्थित निरीक्षण भवन में पंचायती राज मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने पहुंच कर अधिकारियों व पदाधिकारी संग समीक्षा बैठक की। उन्होंने पत्र-प्रतिनिधियों से वार्ता करते हुए सपा पर तंज कसते हुए कहा कि कुंभ के सफल आयोजन पर प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री को धन्यवाद देता हूं। दोनों लोगों के कुशल नेतृत्व में सूझबूझ व तैयारी के साथ सकुशल कुंभ को सफल कराना, पूरी दुनिया में इतना बड़ा कार्य पहली बार हुआ है। 66 करोड़ लोगों को स्नान करा देना और उनको सुरक्षित अपने घर पहुंचा देना, यह भूमिका निभाना कोई खिलवाड़ नहीं। उन्होंने कहा कि विपक्ष इस पर भी सवाल उठाता है, विपक्ष का काम ही वही है, विपक्ष कुछ सही बात भी कर लिया करे। सपा के रावण वाले बयान पर तंज करते हुए कहा कि रावण को क्यों बदनाम कर रहे हैं वह अपने अंदर देखें, मानव के भेष में भी मानव का हक लूट रहे है। 27 प्रतिशत आरक्षण किसी को दिए क्या, यह खुद लुटेरे हैं अति पिछड़ों का हक लूट 12 प्रतिशत वोट मुसलमान का लेकर उन्हें झुनझुना पकड़ा दिए। वोट के लिए बोलते हैं कि आ जाओ जब वोट अति पिछड़ों का ले लेते हैं फिर सरकार बनाकर गाना सुनाते हैं कि मेरे अंगने में तुम्हारा क्या काम है। उन्होंने कहा कि आजमगढ़ के दसों विधानसभा को तैयार कर रहे हैं। सभी विधानसभा के कार्यों की समीक्षा हम करते रहते हैं। 2027 में 10 सीटों पर यहां तैयारी कर रहे हैं जो अहंकार और घमंड है लोगों को गुमराह कर वोट लेने का उनका हिस्सा कौन देगा। पीडीए का नारा देने वाले से पूछता हूं कि 27 प्रतिशत आरक्षण सामाजिक न्याय समिति की रिपोर्ट तैयार है। सपा के जुबान पर नहीं आ रहा है कि 27 प्रतिशत आरक्षण बताकर सबको उनका हक दिया जाए।


प्रेसवार्ता को संबोधित करते ओम प्रकाश राजभर।

## बिना मानक पूरा किये नही चलेंगे प्राइवेट अस्पताल : सीएमओ

### राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत कायाकल्प अवार्ड समारोह का हुआ आयोजन

**जनसंदेश न्यूज**

**अतरौलिया (आजमगढ़)।** अतरौलिया स्थित अमर शहीद राजा जय लाल सिंह सौ सैया संयुक्त चिकित्सालय में गुरुवार को कायाकल्प अवार्ड समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अशोक कुमार रहे। कार्यक्रम में सर्वप्रथम मुख्य अतिथि का मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. यश के ध्रुव द्वारा माल्यार्पण व अंग वस्त्र देकर स्वागत किया। इस सम्मान समारोह में सभी डॉक्टर, स्टाफ नर्स,सिक्योरिटी गार्ड, सफाई कर्मचारी समेत सभी लोगों को प्रशस्ति पत्र व शील्ड देकर सम्मानित किया गया। कायाकल्प अवार्ड के अंतर्गत उपस्थित लोगों को प्रदेश में पहला स्थान लाने के लिए प्रेरित किया गया।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अशोक कुमार ने कहा कि सभी स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा काफी अहम रोल अदा किया गया, उनकी मेहनत को देखते हुए उन्हें अवार्ड और ट्रॉफी दी गई है। कायाकल्प योजना भारत सरकार की है जिसमें क्वालिटी सस्पेंस किया जाता है।



स्वास्थ्य कर्मी को सम्मानित करते मुख्य चिकित्साधिकारी।

अतरौलिया सौ बेड को कंसिलेशन प्राइज 3 लाख रुपये का मिला है। सबके उत्साहवर्धन के लिए यहां आए हैं, आगे भी अच्छा कार्य कर एन्क्वास क्वालीफाई करें इसके लिए 30 लाख रुपए अस्पताल को मिलेगा। जो लोग बाहर प्रैक्टिस करते हैं उसके लिए एक जिला स्तरीय कमेटी गठित की गई है जिसमें पुलिस अधीक्षक, जिलाधिकारी जो उसके अध्यक्ष हैं, एलआईयू, हंड्रेड बेड के अधीक्षक व प्रिंसिपल सभी लोगों को जिम्मेदारी दी गयी है सभी लोगो से एफिडेविट लेना है कि कोई भी व्यक्ति बाहर प्रेक्टिस नहीं करेगा, जो भी बिना मानक पूरा किये अस्पताल संचालित हो रहे हैं उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। टीम गठित की गई है और एलआईयू को लगाया गया है कि इनकी जांच कर रिपोर्ट प्रेषित करें कि कहीं सरकारी अस्पताल का डॉक्टर तो प्राइवेट अस्पताल में नहीं देख रहा है।

जो भी शिकायत आएगी उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। महिला चिकित्सक की कमी पर बोले की शासन स्तर से अभी और भी डॉक्टर आने वाले हैं जल्द ही यहां महिला चिकित्सक की तैनाती होगी। यहां पर काफी सुविधा उपलब्ध है,सीटी स्कैन व एमआरआई की सुविधा नहीं है जिसकी जरूरत है उसका प्रस्ताव बनाकर भेजे जाएंगे। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर यश के ध्रुव ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर सभी डॉक्टर, स्टाफ नर्स, कर्मचारी, उपलब्ध है।

## संक्षेप

### व्रत करने से नहीं, लेने से समृद्ध होगा सनातनः बाबा विशाल



**लालगंज (आजमगढ़)।** विकास खंड लालगंज के मई खरगपुर स्थित आत्म अनुसंधान आश्रम के जय विजय सभागार में महाशिवरात्रि के पर्व पर आयोजित गोष्ठी में देर शाम श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए परम पूज्य बाबा विशाल भारत ने कहा कि व्रत करने से नहीं व्रत लेने से सनातन समृद्ध होगा। महाशिवरात्रि के अवसर पर पूरा शौर्य मंडल शिव शिवा मय रहता है। लेकिन लौकिक जगत में तो माता-पिता ही वास्तविक शिव एवं शिव हैं। अतः सभी लोग वास्तविक शिव एवं शिवा अर्थात माता-पिता का सम्मान करना सीखें। उन्होंने कहा कि काल्पनिक शिव एवं शिवा के चक्कर में सभी लोग वास्तविक शिव एवं शिवा को भूलते जा रहे हैं। झूठ से कभी प्रमाण नहीं मांगा जाता, हमेशा सत्य से ही प्रमाण मांगा जाता है। उन्होंने कहा कि इस धरती की यह स्थिति है कि सत्य को हमेशा प्रयत्न पूर्वक छुपा कर रखने का प्रयास किया गया है। उन्होंने कहा कि संपत्ति विपत्ति का कारण होती है। जब तक आप अपना कल्याण नहीं चाहेंगे तब तक कोई भी आपकी मदद नहीं कर सकता। गोष्ठी में कैलाश नाथ तिवारी, सतीश चंद तिवारी, नरेंद्र सिंह, देवेंद्र सिंह, ऋषिकांत राय, ध्रुव सिंह, वेद प्रकाश श्रीवास्तव, समंत सेगर, डॉ. पूनम तिवारी, डॉ. आशा लता सिंह ने अपने-अपने विचार रखे। दिनेश तिवारी ने मंगलाचरण गायन तथा डॉ. रामनयन सिंह सेवा निवृत प्रधानाचार्य ने गोष्ठी का संचालन किया।

### प्राचीन इच्छापूर्ति श्री गौरीशंकर मंदिर पर हुआ भंडारा



**आजमगढ़।** शिवरात्रि के दूसरे दिन सिधारी स्थित प्राचीन इच्छापूर्ति श्री गौरीशंकर मंदिर में शुक्रवार को ट्रस्ट समिति की ओर से भंडारे का आयोजन किया गया। भोलेनाथ के भक्तों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण कर शिवरात्रि का व्रत तोड़ा। भगवान भोलेनाथ की महिमा का गुणगान करते हुए पूरे विधि अनुसार व्रत को पूरा किया। भंडारे का प्रसाद ग्रहण कर भक्तों ने उपवास तोड़ा। हालांकि भंडारा संचालकों ने सभी को भंडारे का प्रसाद दिया। इस दौरान हर हर महादेव के जयकारों से पूरा मंदिर परिसर गूंज उठा। देर रात तक भंडारा चलता रहा।इस अवसर पर मुख्य ट्रस्टी कुसुम लता सिंह, प्रबंधक बाबी सिंह रेड़ा, प्रकृति सिंह, पुन्नु सिंह रेड़ा, राबी सिंह रेड़ा, पंडित अजय पेंयुली जी बद्रीनाथ वाले, नायक यादव, मुनीम जी, जितेंद्र भारद्वाज, जितेंद्र अस्थाना, विश्वजीत सिंह, नीतू सिंह, हर्षवर्धन सिंह, भूमि सिंह, बब्बन यादव, राजेश यादव, कवलधारी, रमाशंकर, बालेश्वर यादव, कामता यादव रामचंद्रआदि मौजूद रहे।

### भगवती छिन्नमस्ता चालीसा का हुआ लोकार्पण



**आजमगढ।** दुर्वासा धाम पर कवि पं. सुभाष चन्द्र तिवारी कुन्दन द्वारा रचित 'भगवती छिन्नमस्ता चालीसा' का लोकार्पण हुआ। श्री मौनी बाबा आश्रम के श्री श्री 108 श्री शुभम दास जी महाराज ने चालीसा का लोकार्पण करते हुए इसे जनकल्याणकारी बताया और सराहनीय लेखन के लिए कुन्दन को बधाई दी। श्री दशम महाविद्या अनुसंधान पीठ के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में पीठ के संस्थापक श्री दुर्वेश्वरानंद संजय महाराज ने अपने उद्धोधन में पं. सुभाष चंद्र तिवारी कुन्दन की रचनाओं की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि चालीसा में दशों महाविद्या की स्तुति अत्यंत प्रभावशाली है, इसके प्रतिदिन पाठ से जीवन की अनेक बाधाएं दूर हो सकती हैं।इस मौके पर बगलामुखी आश्रम के पीयूष राजन हठयोगी, महंत संजय पांडेय, आचार्य रमाशंकर पांडेय, रासबिहारी सिंह, कुलबुल सिंह, जनार्दन सिंह, राहुल चैबे, अरविंद पांडेय, दीपचंद आदि उपस्थित रहे।

### आज दिखा चांद तो कल से माह-ए-रमजान

**लालगंज (आजमगढ़)।** माह-ए-रमजान दस्तक देने को तैयार है यदि आज चांद दिख गया तो कल से रोजा प्रारंभ हो जाएगा। एक बार फिर मुस्लिम समुदाय को अपने किए गए गुनाहों से माफी का मौका मिलेगा। रोजेदारों को चांद के दीदार का इंतजार है फिर रोजे और इबादत का सिलसिला शुरू होगा कुरान तिलावत की सदाएं तेज होगी बाजार भी अपनी तैयारी कर रहा है। तरह-तरह के खजूर की दुकान सज गई है। मेवा की मांग भी बढ़ गई है। रमजान की आमद के मद्दे नजर हाफिज ए कुरान कमर कस चुके हैं। मदरसे में कुरान का अभ्यास का दौर जारी है। उधर माहे रमजान में पढ़ी जाने वाली विशेष समाज तरबी के लिए मस्जिदों को तैयार किया जा रहा है अगर आज चांद दिख गया तो कल से रोजा प्रारंभ हो जाएगा। चांद नजर आने के बाद ही नमाज का सिलसिला प्रारंभ हो जाएगा मस्जिदों की साफ सफाई की जा रही है। हाजी मोहम्मद अली मोहम्मद ने बताया कि रमजान का महीना शनिवार से प्रारंभ हो सकता है अगर आज चांद दिख गया तो रोज कल से प्रारंभ हो जाएगा।

### अखण्ड जाप के बाद हुआ भण्डारा

**फूलपुर (आजमगढ़)।** शिवरात्रि के पावन अवसर पर बाबा परमहंस जी मन्दिर परिसर में बाबा अड़बंगी दास के नेतृत्व में ऊँ नमः शिवाय का अखण्ड जाप का आयोजन कलश स्थापना कर अखण्ड ज्योति जलाकर किया गया। उसके बाद ओम नमः शिवाय की पंच अक्षर मंगलकारी मंत्र का शुभारंभ किया गया। गुरुवार को हवन पूजन के साथ पूणार्हुति के पश्चात भंडारा का आयोजन में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर राजेश मोदनवाल चुटटूर, सुरेश गुप्ता, संतोष, प्रदीप, गुड्डू, बबलू आदि मौजूद रहे।

### पुरानी रंजिश में मारपीट, दो घायल

**पटवध (आजमगढ़)।** तरवां थाना क्षेत्र के बिशुनपुर गांव में पुरानी रंजिश को को लेकर मारपीट में दो युवक घायल हो गए। तरवां थाना क्षेत्र के बिशुनपुर गांव निवासी दीपक सिंह 34 वर्ष पुत्र हरेंद्र सिंह बुधवार की शाम लगभग 6 बजे गांव में सरसों को मशीन पर देकर अपने भांजे रिशु सिंह 22 वर्ष पुत्र अजय सिंह गिड़उर बरदह के साथ घर जा रहा था। जैसे ही कुछ दूर गया था तभी गांव के कुछ लोग पुराने विवाद को लेकर लाठी डंडे से मारने लगे जिससे दोनो घायल हो गए। घायलों को परिजन जिला अस्पताल ले आए जहां इलाज चल रहा है।

### छत से गिरकर युवती घायल

**पटवध (आजमगढ़)।** सिधारी थाना क्षेत्र के तेवखर गांव में छत पर लकड़ी लेने गई युवती छत से नीचे गिरकर घायल हो गई। हालत गंभीर देखते ही परिजन जिला अस्पताल ले आए। सिधारी थाना क्षेत्र के तेवखर गांव निवासी साधना कुमारी 23 वर्ष पुत्री भोला राम बुधवार की रात लगभग 7.30 बजे छत पर लड़की लेने गई थी। लकड़ी लेकर छत से आते समय छत से नीचे गिर कर घायल हो गई। हालत गंभीर देखते हुए परिजन जिला अस्पताल ले आए जहां इलाज चल रहा है।

### समाजसेवा कर विद्यालय का नाम रोशन करेंगी नर्सिंग की छात्राएं : संगीता

**ठेकमा (आजमगढ़)।** आजाद नर्सिंग कालेज भरथीपुर सरैया पल्हना में में एएनएम नर्सिंग की अंतिम वर्ष की छात्राओं के लिए छात्र मिलन एवं विदाई समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व सांसद लालगंज संगीता आजाद रही। अध्यक्षता पूर्व विधायक लालगंज आजाद अरिमर्दन तथाकार्यक्रम का संचालन नर्सिंग कॉलेज की प्राचार्य माधुरी मौर्य एवं दीपिका चैहान ने किया। इस अवसर पर प्रथम वर्ष के छात्राओं को अपने कार्य एवं दायित्वों के प्रति शपथ दिलाई गई और अंतिम वर्ष के छात्राओं की फ्रेशर पार्टी विदाई समारोह के रूप में आयोजित की गई जिसमें छात्राओं द्वारा स्वागत गीत, विदाई गीत, सरस्वती गीत के साथ-साथ सामाजिक कुरीतियों पर एकांकी प्रस्तुत की गई जो अति मनमोहक रही। पूर्व सांसद संगीता आजाद ने कहा कि एएनएम अंतिम वर्ष की छात्राओं को समाज सेवा के लिए काफी कुछ इस कालेज ने अच्छा गुण सिखाया है यहां से निकलने के बाद छात्राएं सेवा भाव की भावना से ओतप्रोत होंगी और समाज की सेवा कर इस नर्सिंग कॉलेज का नाम रोशन करेंगी। प्रबंधक एवं पूर्व विधायक आजाद अरिमर्दन ने अंतिम वर्ष की छात्राओं को आशीर्वाद एवं शुभकामनाएं प्रदान करते हुए कहा कि मेरी यही शुभकामनाएं है कि आप लोग जिस उद्देश्य से इस नर्सिंग कोर्स को पूर्ण की हैं उसे आगे जाकर समाज सेवा निस्वार्थ भाव से करके अपने नर्सिंग कॉलेज का नाम आगे बढ़ाएं। इस अवसर पर डॉ. चंद्रशेखर, सुनील कुमार, प्रिंस खान, डॉ. योगेश कुमार, अरविंद कुमार आदि उपस्थित रहे।



# डीएम, एसपी ने जिला कारागार का किया निरीक्षण

**जाना हाल**

**कैदियों से वार्ता कर दी जा रही सुविधाओं की ली जानकारी, देखी सुविधाएं**

जनसंदेश न्यूज

**सोनभद्र।** जिलाधिकारी बीएन सिंह व पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने गुरुवार को जिला कारागार का निरीक्षण किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने जिला कारागार के कैदियों से मिलकर उनसे वार्ता कर उपलब्ध करायी जा रही सुविधाओं के बारे में बारी-बारी से जानकारी प्राप्त की। डीएम ने कैदियों से वार्ता करते हुए कारागार द्वारा उपलब्ध कराये जा रहे भोजन, नास्ता, स्वास्थ्य चिकित्सा, पीने के पानी का जायजा लिया। महिला कैदियों को मिल रही सुविधाओं की जानकारी लेते हुए कहा कि जो महिला कैदी काफी बुजुर्ग हैं, उनके स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखा जाये। उन्होंने जिला कारागार के हातों के बैरकों में बारी-बारी से स्वयं जाकर कैदियों की स्थिति को देखा और वार्ता कर उनके परिवारों को मिलने में हो रही दिक्कतों के बारे में पूछा, तो कैदियों द्वारा बताया गया कि यहां इस प्रकार की कोई समस्या नहीं होती है। जिलाधिकारी ने जिला जेल के चिकित्सालय का निरीक्षण कर चिकित्सकों से कैदियों को दी जा रही स्वास्थ्य सुविधा के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए रोजाना बैरक अस्पताल में चिकित्सकों के आने-जाने की स्थिति का जायजा लिया। इस मौके पर जेल अधीक्षक सौरभ श्रीवास्तव, प्रभारी जेलर शशांक पटेल, डिप्टी जेलर अखिलेश पाण्डेय, गंगा प्रसाद समेत अन्य सम्बन्धितगण उपस्थित रहे।


जिला कारागार में कैदियों से वार्ता करते डीएम

### ईवीएम, वीवी पैट गोदाम कक्ष का लिया जायजा

**सोनभद्र।** डीएम बीएन सिंह व पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने कलेक्ट्रेट परिसर में स्थापित ईवीएम व वीवी पैट गोदाम का मासिक निरीक्षण किया। इस दौरान गोदाम की सुरक्षा के साथ ही आवश्यक व्यवस्था का जायजा लिया गया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी के निर्देश के क्रम में जिलाधिकारी द्वारा मासिक व त्रैमासिक निरीक्षण किया जाता है, जिसकी रिपोर्ट भी मुख्य निर्वाचन अधिकारी को भेजी जाती है। निरीक्षण के दौरान गोदाम में लगे सीसीटीवी के माध्यम से बारी-बारी से ईवीएम व वीवीपैट के कक्षों की स्थिति का जायजा लेते हुए सुरक्षा में लगे सुरक्षा बलों से वार्ता कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि गोदाम परिसर के आस-पास के झाड़ियों का कटान कराने के साथ ही साफ-सफाई भी करा दी जाये। इस मौके पर सहायक निर्वाचन अधिकारी जगरूप सिंह पटेल, नरेन्द्र मिश्रा समेत अन्य सम्बन्धितगण उपस्थित रहे।

# नौ दिवसीय रासलीला शुरू, मयूर नृत्य देख मंत्रमुग्ध हुए श्रद्धालु

जनसंदेश न्यूज

**सोनभद्र।** नगर स्थित रामलीला मैदान में बुधवार की रात नौ दिवसीय कृष्ण रासलीला का शुभारंभ समिति द्वारा किया गया। रासलीला के प्रथम दिन कलाकारों ने श्रीकृष्ण के जन्म का सजीव मंचन किया। जिसको देखकर श्रद्धालु हर्षित हो उठे। वृंदावन से आए कलाकारों की सुंदर प्रस्तुति ने माहौल को आनंदित बनाए रखा। श्रीकृष्ण जन्म के अलावा कलाकारों ने श्री कृष्ण मयूर नृत्य की सुंदर प्रस्तुति दी गई। रासलीला की शुरुआत में आरती हुआ, जिसमें श्रद्धालुओं ने भाग लेकर पूजन-अर्चन किया।

मंचन में नंद के घर जब भगवान कृष्ण के जन्म का उल्लास था तो ब्रज में नंद के घर जमकर खुशियां मनाई गई। बधाई गीत से पूरा वातावरण गुंजायमान हो उठा। हर तरफ नंद घर गोपाल आयो, जय कन्हैया लाल की जयघोष लगाए गए। मंचन की मनमोहक प्रस्तुति ने दर्शकों को शुरू से अंत तक पंडाल में रोके रखा। इस मौके पर जितेंद्र सिंह, रामप्रसाद यादव, पवन जैन, कृष्ण मुरारी गुप्ता, सचिन गुप्ता, धीरज जालान, बचाऊ पांडे, राकेश गुप्ता, प्रमोद गुप्ता, अशोक श्रीवास्तव, हर्षवर्धन, बृजेश शुक्ला, अनिल पांडे, डा. अशोक यादव, प्रशांत जैन समेत तमाम लोग उपस्थित रहे।


मयूर नृत्य करते रासलीला कलाकार

## संक्षेप

### डायट में तीन दिवसीय रिमीडियल प्रशिक्षण का हुआ शुभारंभ

**दुद्धी।** स्थानीय थाना क्षेत्र के विंढमगंज-कोन के बीच जंगल में दो बाइकों की टक्कर में 9वीं के छात्र की मौत हो गयी। बताया गया कि गुरुवार को एक बाइक से कोन थाना क्षेत्र के रेनुइयादामर गांव निवासी सुरेन्द्र 20 पुत्र शर्मा चेरो अपने गांव के ही अंकुश राय 15 पुत्र प्रेमचंद राय के साथ दुद्धी बीए की परीक्षा देने निकला। विंढमगंज से चार किमी दूर कोन के बीच जंगल में दोनों बाइक सवार में टक्कर हो गयी। जिससे दोनों बाइक सवार बुरी तरह घायल हो गए। घायलों को राहगीरों ने विंढमगंज पीएचसी पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने गंभीर हालत देख अंकुश राय को सीएचसी रेफर कर दिया। लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस शव कब्जे में लेकर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी।


दीप प्रज्वलन प्रशिक्षण का शुभारंभ करते बीएसए

### वार्ड सदस्य पति का निधन, शोक

**सोनभद्र।** नगर पालिका परिषद के वार्ड दो छपका लोढ़ी महाल की सदस्य हीरावती देवी के पति राजकुमार का गुरुवार को वाराणसी में इलाज के दौरान मौत हा गयी। इसकी खबर लगते ही अध्यक्ष रूबी प्रसाद की अध्यक्षता में शोक सभा कर मृतक आत्मा की शान्ति तथा परिवार को दुःख सहन करने की शक्ति देने की ईश्वर से प्रार्थना की गयी। वहीं दो मिनट का मौन रखने के बाद कार्यालय बन्द कर दिया गया।

### व्यापारी पुत्र का निधन, दी श्रद्धांजलि

**दुद्धी।** बर्तन व्यापारी नागेंद्र कसेरा के तृतीय पुत्र पंकज कसेरा की दुर्घटना में मौत की खबर लगते ही व्यापारियों में शोक की लहर दौड़ गयी। स्थानीय कस्बे की एक दुकान पर गुरुवार को व्यापारियों ने शोक सभा कर मृत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। इस मौके पर उद्योग व्यापार मंडल कमेटी अध्यक्ष अमरनाथ, बंधन लाल, बंटी जायसवाल, रोहित सिंह, लल्लन कसेरा, राकेश कसेरा, अशोक कुमार, आलोक कुमार, चिंटू कसेरा, दीपू अग्रहरि, मनोज कुमार, रविंद्र जायसवाल, शिवम सोनी समेत तमाम लोग मौजूद रहे। संचालन मनोज कुमार ने किया।

### अखिल भारतीय एथलीट में अमन ने जीता गोल्ड

**ओबरा।** अखिल भारतीय खेल प्राधिकरण पटियाला में अखिल भारतीय अंतर साई अण्डर 16 एथलीट चैम्पियनशिप में ओबरा निवासी अमन चौधरी ने गोल्ड जीतकर जिले का मान बढ़ाया है। अन्डर 16 में 80 मीटर हर्डल व पेटाथलान में अमन ने गोल्ड अपने नाम करते हुये सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का भी खिताब अपने नाम किया। इसके पूर्व गाजियबाद में आयोजित प्रदेशिक प्रतियोगिता में स्वर्ण जीतने के बाद दिल्ली में आयोजित नार्थ जोन की अण्डर 16 प्रतियोगिता में भी गोल्ड जीत कर नेशनल प्रतियोगिता के लिये क्वालीफाई किया था। अमन ने अखिल भारतीय पटियाला में स्वर्ण अर्जित किया। राष्टीय खिलाड़ी जियाउद्दीन चैधरी, राज नाथ सिंह, एएन राय ने कहा कि अमन के लगन और मेहनत के बदौलत उसका चयन वाराणसी के सांई हास्टल में हुआ है।


मेडल के साथ विजेता खिलाड़ी

# योग को जन-जन तक पहुंचाने की जरूरतः जिला जज

जनसंदेश न्यूज

**सोनभद्र।** बार एसोसिएशन नियमित योग कक्षा का 11वां वार्षिकोत्सव व सोनभद्र बार एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी का सम्मान समारोह बुधवार को धूमधाम से दुर्गेश योगी व संदेश योगी के मार्गदर्शन में मनाया गया। मुख्य अतिथि जनपद न्यायाधीश रविंद्र विक्रम सिंह व विशिष्ट अतिथि एल्डर कमेटी चेयरमैन कृपा नारायण मिश्र रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि ने अन्य अतिथियों के साथ दीप प्रज्वलन कर किया।

मुख्य अतिथि ने कहा कि पतंजलि योग परिवार योग के क्षेत्र में निरंतर प्रगति करे। कहा कि योग को जन-जन तक पहुंचाने की जरूरत है। आयोजक पतंजलि योग समिति जिला प्रभारी रवि प्रकाश त्रिपाठी ने कहा कि पतंजलि योग परिवार के पदाधिकारी तथा योग साधक, अपने अखंड प्रचंड पुरुषार्थ के बल पर योग की अलख जगा रहे हैं। जनपद में सराहनीय कार्य करते रहने के लिए प्रभा पांडेय को महिला जिला प्रभारी ममता, राज्य सोशल मीडिया प्रभारी पल्लवी, पूनम द्वारा दुद्धी तहसील का सह तहसील प्रभारी का दायित्व दिया गया। इस मौके पर धीरज योगी, सुरेश, शिवमूरत योगी, अवधेश योगी, रवि प्रकाश त्रिपाठी, वीरेंद्र योगी, मयंक दुबे, शेष मणी तिवारी, मिठाई लाल सोनी, मोहर देव पांडेय, राजेश शर्मा, चंद्र बहादुर सिंह, गोविंद नारायण सिंह, देवेंद्र कुमार श्रीवास्तव, प्रभात सिंह पटेल, शारदा मौर्य, संजय पांडेय, बलराम मौर्य समेत तमाम लोग उपस्थित रहे।

# आदिवासियों ने उम्भा गांव में की बड़ा देव की पूजा


बड़ा देव की पूजा करते आदिवासी

**सोनभद्र।** घोरावल विधानसभा क्षेत्र के उम्भा गांव स्थित हेलीपैड के पास बुधवार को महाशिवरात्रि पर्व पर आदिवासियों ने बड़ा देव की पूजा की। इस दौरान गोंडवाना गणतंत्र पार्टी की ओर से आदिवासी सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें भारी संख्या में लोग शामिल हुए। सर्वप्रथम बड़ा देव पूजन के बाद मौके पर मौजूद गोंगपा कार्यकताओं के साथ ही आदिवासियों को हल्दी, चावल से तिलक लगाकर स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष रामाशंकर पोया ने कहा कि महाशिवरात्रि पर महाराज शंभु छल से विष मुद्रा/ वेहोशी में हो गए थे बाद में वे होश में हुए थे। विशिष्ट अतिथि जिलाध्यक्ष रामनरेश पोया ने कहा कि महाशिवरात्रि पर्व पर बड़ा देव महाराज की पूजा आदिवासियों द्वारा लंबे अरसे से की जाती है। वहीं प्रवक्ता संतोष ने आदिवासियों की विभिन्न समस्याओं पर विचार व्यक्त किया। इस क्रम में समाधान के बारे में भी विधिक जानकारी दी गई। अध्यक्षता कैलाश नेताम व संचालन राजेंद्र मरपची ने किया। इस मौके पर आरके अर्मो, रीनू भारतीय, जगरनाथ ओरकरे, रामनन्दन सिंह नेटी, रामराज गोड़, वंशराज गोड़, रामकुमार नेताम, राजेन्द्र टेकाम, शेरा सिंह आयाम, सेवालाल कोल, भगवान दास आदि मौजूद रहे।

### भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा फल वितरण व मध्याह्न भोजन

**बीजपुर।** शिक्षा क्षेत्र म्योरपुर में लूट खसोट का खेल बदस्तूर जारी है। कंपोजिट विद्यालय बीजपुर की प्रभारी प्रधानाध्यापक आशारानी को निलंबित कराकर एक अध्यापक को प्रभारी प्रधानाध्यापक बनाने के लिए और उपस्थिति पंजिका में हाजिरी बढ़ाने के लिए शिक्षकों तक को दूसरे स्कूल में फेक दिए जाने की चेतावनी क्यों दी गई। फिरहाल विद्यालय में बीते मंगलवार को मध्याह्न भोजन बंद होने की स्थिति आ जाने के बाद ग्राम प्रधान और विद्यालय की एसएमसी अध्यक्ष ने पूरे मामले की जानकारी और निगरानी करना प्रारम्भ कर दिया। बताया जा रहा है कि पूर्व प्रधानाध्यापक आशारानी के निलंबित करने के बाद एबीएसए द्वारा संकुल शिक्षक को प्रधानाध्यापक बनाकर विद्यालय संचालन कराया गया। संकुल शिक्षक द्वारा 18 जनवरी से 24 फरवरी तक बच्चों के रजिस्ट्रेशन संख्या को शत प्रतिशत छूते हुए सर्वाधिक 85 से 90 प्रतिशत तक बच्चों की हाजिरी एमडीएम पंजिका और एमडीएम कॉलम में भरा गया। विद्यालय के टीचर बच्चों की उपस्थिति पंजिका पर भी फर्जी हाजिरी लगाएं, इसका दबाव बनवाने के लिए संकूल शिक्षक द्वारा बीते14 फरवरी को एबीएसए को विद्यालय में बुलाकर पहले चेतावनी फिर 15 फरवरी को नोटिस दिलवाया गया। एबीएसए संकुल शिक्षक के साथ मिल कर एमडीएम के धन बंदरबाट के लिए फल बंटने वाले सोमवार के दिन सबसे ज्यादा फर्जीवाड़ा करते हुए एमडीएम पंजिका पर संख्या बढ़ाकर हाजिरी भरी गयी। मंगलवार को विद्यालय पहुंचे अभिभावकों ने बताया कि जिस फल दुकान से विद्यालय में फल लाया जाता है, उसके रजिस्टर और विद्यालय के एमडीएम पंजिका में बच्चों की संख्या में अन्तर है। फल दुकान के मालिक ने बताया कि विद्यालय से जितना कहा जाता है, उतना केला भेजा जाता है। प्रधान प्रतिनिधि विश्राम गुप्ता ने बताया की मामले की जानकारी मिली है। इस बारे में शिक्षकों से भी जानकारी लूंगा। वहीं एसएमसी अध्यक्ष सुधा देवी ने कहा कि शासन स्तर से मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए, नहीं तो सरकारी स्कूल से लोगों का विश्वास उठ जाएगा।

# चन्द्रशेखर आजाद के बलिदान दिवस पर आयोजित हुए कार्यक्रम

जनसंदेश न्यूज

**सोनभद्र।** शहीद स्थल प्रवंधन ट्रस्ट करारी के तत्वावधान में अमर शहीद चन्द्रशेखर आजाद के बलिदान दिवस पर गुरुवार को तिरंगा झंडा रोहण, राष्ट्र गान व सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुआ। आयोजन के अध्यक्ष रामयश त्रिपाठी ने उनके स्थापित प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीपदान कर कार्यक्रम का आगाज किया। वाणी वंदना करते हुए दिवाकर द्विवेदी मेघ ने मां तूं आओगी हमें विश्वास है, तेरी दया हो जाये तो तम नाश है सुनाया।

प्रदुम्न त्रिपाठी ने तिरंगा तुझे हम कभी झुकने नहीं देंगे, मिट जायेंगे खुद तुझे मिटने नहीं देंगे जिनके खून से जल रहे चिराग ए वतन है उनकी कसम शमां बुझने नहीं देंगे सुनाकर राष्ट्र वंदना किया। संचालन अशोक तिवारी ने किया। इस मौके पर दिलीप सिंह दीपक, दयानंद दयालू, प्रभात सिंह चंदेल, धर्मेश चौहान, सुधाकर पांडेय, शिवदास, रामनरेश पाल, अनमोल मणि त्रिपाठी, फारुख अली हाशमी, रिषभ त्रिपाठी, पुरुषोत्तम कुशवाहा, संगीता तिवारी, बृजकिशोर देव पाण्डेय, बलिराम, गनेश, त्रिभुवन नाथ त्रिपाठी समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

## आजाद के विचारों को आत्मसात करने का संकल्प

**ओबरा।** देश के अमर सपूत क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद की पुण्यतिथि पर राष्ट्रीय नवनिर्माण सेना ट्रस्ट और राष्ट्रीय नवनिर्माण योग सेना के कार्यकताओं ने संयुक्त रूप से दो जगहों पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान चंद्रशेखर आजाद के बलिदान को याद करते हुए उनके विचारों को आत्मसात करने का संकल्प लिया गया। पहला कार्यक्रम गांधी मैदान एवं दूसरा स्थानीय चोपन रोड स्थित कार्यालय पर किया गया। राष्ट्रीय नवनिर्माण योग सेना झल्लन शर्मा की अध्यक्षता में गांधी मैदान में आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय योग गुरु श्री झल्लन शर्मा एवं कार्यालय पर आनंद पटेल दयालु उपस्थित रहे।श्री पटेल ने कहा कि देशभक्ति की भावना बचपन से ही बच्चों में जागृत होनी चाहिए। इसके लिए हर क्लास के पाठ्यक्रम में क्रांतिकारियों की किताबें अनिवार्य रूप से शामिल की जाएं। वही राष्ट्रीय योग संरक्षक धनराज सिंह ने कहा कि चंद्रशेखर आजाद जैसे वीरों के बलिदान को हमेशा याद रखना चाहिए और हर व्यक्ति को क्रांतिकारी विचारधाराओं को आत्मसात करने की जरूरत है। इस दौरान सिब्बू शेख, विकास कुमार गौड, दिनेश केसरी, लाल बहादुर यादव, विनोद जायसवाल, रामबाबू सोनकर, विनोद चौहान, बबलू आदिभलोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन महताब आलम ने किया।

# सुरबहार, ध्रुपद से कलाकारों ने दी शिवांजलि

**आयोजन**

**भक्तों ने संगीत की रसधार से बाबा का किया अभिषेक**

**डाला।** महाशिवरात्रि के अवसर पर बुधवार को नगर स्थित अचलेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में अचलेश्वर महादेव मंदिर फाउंडेशन द्वारा ध्रुपद रजनी सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष फुलवंती देवी रही। कार्यक्रम की शुरूआत में दीप्रज्वलन मंदिर न्यास के संस्थापक महंत मुरली तिवारी, भाजपा नेत्री नम्रता सिंह, प्रोफेसर अलका निगम, सुरेश सिंह, मंगल जयसवाल और डॉ एडी त्रिपाठी ने किया। इसके बाद कलाकारों ने प्रस्तुती दी। नॉर्थ यूरोप लिथुवनिया देश की सिमोना चलिकोवेस्ते ने ध्रुपद गायन प्रस्तुत किया। पद्मश्री ऋत्विक सान्याल और अमेलिया से ध्रुपद गायन की गुरु शिष्य परंपरा के तहत संगीत की शिक्षा प्राप्त की। सिमोना ने अपनी पहली प्रस्तुति में राग बिहाग सर्वप्रथम आलाप और जोड़ गाकर गणेश और शिव पर पारंपरिक बंदिश गाया। उनके साथ तानपुरे पर जापान की इको वातानावे ने संगत दी। मुंबई से आये पंडित पुष्पराज कोष्ठी के शिष्य भूषण कोष्ठी का सुरबहार वादन पर प्रारंभ हुआ।

श्री कोष्ठी ने राग भोपाली में आलाप जोड़, झाला बजाया तत्पश्चात चार ताल में गत बजाया। उस्ताद जिया मोइनुद्दीन डागर की परंपरा की छाप वादन में स्पष्ट तौर पर दिखाई दी। वरिष्ठ पखावज वादक विवेकानंद कुरंगले ने बेहद सधी संगत की। पखावज का वादन सुन श्रोता मुग्ध हो गए।


नृत्य प्रस्तुत करती कलाकार

आखिरी प्रस्तुति भरतनाट्यम की नृत्यांगना आरती थापा ने पहली प्रस्तुति में शंकर श्रीहरि, राग हंसानंदी में प्रस्तुत दी। नृत्य कलाओं के अदभुत लोक संस्कृति के विविध रूप देखने को मिले। सुरों की त्रिवेणी में महादेव के भक्त मगन दिखाई दिए। महाशिवरात्रि पर भक्तों ने संगीत की रसधार से बाबा का अभिषेक किया। कला साधकों ने मंदिर प्रांगण में ध्रुपद तीर्थ से संगीत की ऐसी त्रिवेणी प्रवाहित की। इससे बाबा भोलेनाथ भी मगन हो उठे। इसके बाद श्रद्धालुओं ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर पंडित ओम प्रकाश तिवारी, धनंजय सिंह राकिम, पंडित राजेश मिश्र, सूर्य प्रकाश तिवारी, सनोज तिवारी, नीरज पाठक, राजवंश चौबे, संतोष बबलू, चंद्रवती तिवारी, इंदु यादव, नीति समेत तमाम लोग उपस्थित रहे। संचालन चंद्र प्रकाश तिवारी ने किया।

# वनाधिकार के तहत लाभान्वित हो रहा आदिवासी समाजः संजीव

**चर्चा**

**विधानसभा में चल रहे सत्र में बोले राज्य मंत्री रखी जनपद की समस्याएं**

जनसंदेश न्यूज

**डाला।** ओबरा विधायक व राज्यमंत्री संजीव सिंह गोंड़ ने मंगलवार को विधानसभा में चल रहे सत्र में राज्यपाल अभिभाषण पर चर्चा के दौरान प्रयागराज में दिव्य व भव्य महाकुंभ पर आस्था की बात रखते हुए छत्तीसगढ़ राज्य में जाकर वहां के मुख्यमंत्री व राज्यपाल को आमंत्रण सौंपने पर चर्चा की। इसके अलावा सोनभद्र की समस्याओं तथा हुए विकास कार्यों के बारे में बताया।

राज्यमंत्री ने कहा कि जनपद सोनभद्र जंगल, पहाड़ों के बीच आच्छादित आदिवासी बाहुल्य है। वे आदिवासी समाज से ही आते हैं। पूर्व में भारत सरकार ने सोनभद्र के आदिवासियों को वनाधिकार कानून के तहत पट्टा देने का अधिकार दिया था। इसके बाद 2010 में यहां के 72 हजार लोगों ने पट्टा पाने के लिए दावा दाखिल किया, लेकिन पिछली सरकार ने फाइल दबाकर रखा था। 2017 में जब भाजपा सरकार बनी उसमें मुझे जनजाति मंत्रालय का दायित्व मिला तो उसके बाद हमने दबी हुई फाइलों को निकालकर क्रियान्वित किया। अभी तक 72 हजार में 22 हजार फाइलों का निस्तारण हो चुका है। कहा कि 20 हजार पट्टे निरस्त कर दिए गए हैं, बाकी जो बचे हैं, उनका बहुत जल्द निस्तारण किया जाएगा।

कहा कि सोनभद्र खनिज संपदा से भरा है। यहां बड़ी-बड़ी चिमनियां व कल कारखाने भी हैं, लेकिन इन कारखानों में यहां के पढ़े लिखे नौजवानों को जगह नहीं दी जाती। जिसके लिए मुख्यमंत्री के विशेष प्रयासों से इन समस्याओं को चिन्हित कर निदान किया जा रहा है।

### राज्यमंत्री ने सदन में रखी यह मांग

**डाला।** राज्यमंत्री ने मांग किया कि दुरुह क्षेत्र जुगैल, पनारी, कुलडोमरी, चिरुई, पल्हारी, सोमा में इंटरमीडिएट कालेज व महाविद्यालय की आवश्यकता है। विद्यालय नहीं होने से यहां शिक्षा का अभाव है। मध्य प्रदेश की सीमा को जोड़ने वाले मीतापुर- बरगवां मार्ग पर सोननदी पर पुल तथा बैरपुर कन्हरा मार्ग पर नदी पर जनहित में पुल बनना आवश्यक है। कहा कि ओबरा विधानसभा क्षेत्र के अनपरा में सौ बेड का पुराना अस्पताल है। वहां डाक्टर की कमी के साथ एक्स-रे मशीन व वेंटिलेटर की व्यवस्था नहीं है। बजट में जनपद सोनभद्र के विकास के लिए विशेष प्रयास किया गया है। बीते वर्ष की अपेक्षा अधिक बजट सोनभद्र को मिला है।

### पत्रकारों पर दर्ज एफआईआर की मीडिया एसोसिएशन ने की भर्त्सना

**सोनभद्र।** इलेक्ट्रॉनिक एवं डिजिटल मीडिया एसोसिएशन के कोर कमेटी की गुरुवार को बैठक हुई। इस दौरान संगठन से जुड़े मसलों पर चर्चा करने के साथ ही, शक्तिनगर में पत्रकारों के खिलाफ दर्ज की गई एफआईआर और पत्रकारों को सही रिपोर्टिंग से रोकने की हो रही कोशिश पर गहन चर्चा की गई। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक शक्तिनगर के कार्य व्यवहार की कड़ी निंदा करते हुए पत्रकारों के खिलाफ दर्ज किए गए एफआईआर को रद्द किए जाने की मांग उठाई गई। शक्तिनगर के वरिष्ठ पत्रकारों के जरिए मिली जानकारी और कोर कमेटी के बीच बनी सहमति के क्रम में निर्णय लिया गया कि शुक्रवार को संगठन का एक प्रतिनिधिमंडल पुलिस अधीक्षक से मुलाकात करेगा और प्रकरण को लेकर पत्रक सौंपते हुए एफआईआर रद्द करने और प्रभारी निरीक्षक के खिलाफ कार्रवाई की मांग करेगा । इस मौके पर विमल जालान, रविंद्र केसरी, शशिकांत चौबे, शान्तनु बिश्वास, विवेक श्रीवास्तव, कौशलेंद्र पांडेय, पीयूष तिवारी, अरविंद तिवारी, ब्रजेश पाठक, राजन चौबे, आलोक पति तिवारी, आनंद चौबे आदि की मौजूदगी बनी रही।

# हवन पूजन के साथ अखण्ड रामचरितमानस पाठ का समापन

जनसंदेश न्यूज

**बीजपुर।** रिहंदेश्वर महादेव मंदिर एनटीपीसी रिहंदनगर में महाशिवरात्रि के अवसर पर आयोजित रामचरित मानस अखण्ड पाठ का समाप गुरुवार को हवन, आरती एवं प्रसाद वितरण के साथ हुआ। रामचरित मानस पाठ में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। अवनीश पांडे एवं सोनी पांडे मुख्य यजमान रहे। पुरोहित शास्त्री ने श्रद्धालुओं को बताया कि रामचरित मानस जीवन में नैतिकता, धर्म और राष्ट्र के प्रति प्रेम करना सिखाता है। मानस भारतीय संस्कृति का अहम हिस्सा है, तुलसी के राम सर्वशक्तिमान होते हुए भी मर्यादा पुरुषोत्तम हैं।

मानस की प्रत्येक चौपाई, दोहा, सोरठा और छंद लोगों को अच्छी सीख देती है। रामचरित मानस में भगवान राम के जीवन से जुड़े सभी प्रसंगों का विस्तृत वर्णन है। यह हमलोगों के लिए अनुकरणीय है।


हवन में आहुति डालते श्रद्धालु

इस मौके पर परियोजना प्रमुख अनिल श्रीवास्तव, वर्तिका महिला मंडल की अध्यक्षा शिखा श्रीवास्तव, महाप्रबंधक संजय असाटी, वर्तिका महिला मंडल की उपाध्यक्षा नीलू असाटी, अपर महाप्रबंधक बीके पांडे, धन्वंतरि चिकित्सालय की मुख्य चिकित्साधिकारी मोनीषा कुलश्रेष्ठ, योगेश त्रिपाठी, प्रभात रंजन दीन, आदित्य कुमार सौरभ, प्रमोद द्विवेदी, रामजी द्विवेदी, रामानंद यादव, हरिओम मिश्रा, एसबी पाठक समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

### संदिग्ध परिस्थितियों में अधेड़ की मौत

**ओबरा।** स्थानीय थाना क्षेत्र अंतर्गत अग्रवाल नगर में किराए के मकान में रह रहे एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में गुरुवार को मौत हो जाने से सनसनी फैल गयी।जानकारी के अनुसार 45 वर्षीय राजेश यादव पुत्र स्वर्गीय रामविलास यादव का शाम लगभग 5 बजे मकान मालिक द्वारा घर के कमरे में बेड पर पड़ा शव देखा गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार मृतक के सिर में चोट के निशान तथा आंख पर कांच के टुकड़े धसे हुए थे।मौजूद लोगों ने बताया कि मृतक नगर पंचायत में सफाई कार्यो की देखरेख भी करता था।मृतक की दो लड़की बताई जा रहे थी, साथ ही पत्नी तीसरे बच्चे की डिलीवरी को लेकर देवरिया गई हुई थी।घटना के समय कोई भी घर का सदस्य मौजूद नहीं था। लोग कयास लगा रहे थे कि किस परिस्थिति में राजेश की मौत हुई है यह कह पाना मुश्किल है।समाचार दिए जाने तक पुलिस को घटना की सूचना दे दी गई थी।

# अनियंत्रित कार पेड़ से टकराई हादसे में व्यापारी की मौत

जनसंदेश न्यूज

**कमालपुर।** कस्बा निवासी व्यवसायी ओमप्रकाश रस्तोगी (उम्र 65 वर्ष) की एक कार दुर्घटना में मौत हो गई है। वहीं एक अन्य व्यापारी की अचानक मृत्यु हो गई, जिससे गुरुवार को कमालपुर कस्बे में दो-दो व्यापारियों की मौत का असर दिखा लोगों के गमगीन से होने से बाजार बंद रहा। वहीं सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा।

बताते हैं कि ओम प्रकाश रस्तोगी अक्सर मारकंडेय महादेव जाकर जलाभिषेक करते थे। इसी कार्य के लिए वह 26 फरवरी को महाशिवरात्रि के मौके पर जलाभिषेक करने के लिए अपने पांच व्यापारियों के साथ गए थे। वहां पर पूजा अर्चना खत्म करके जब घर वापस आ रहे थे तभी कार का एक्सीडेंट हो गया। मारकंडेय महादेव से रात्रि 2 बजे के आसपास लौटते समय बभनियांव गांव के पास अनियंत्रित होकर कार सड़क के किनारे लगे पेड़ से टकरा गई। बताया जा रहा है कि हादसे के समय कार में कुल पांच लोग सवार थे। जिसमें कार ओमप्रकाश रस्तोगी (65 वर्ष) चला रहे थे। अचानक कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। पेड़ से टकराने के बाद स्टेयरिंग में दबने से मौके पर ओम प्रकाश रस्तोगी की मृत्यु हो गई, जबकि बाकी चार व्यवसाईयों में कौशल रस्तोगी (58 वर्ष) गोलू जायसवाल (30 वर्ष), गोलू रस्तोगी (28 वर्ष), मोनू रस्तोगी (35 वर्ष) आंशिक रूप से घायल बताए जा रहे हैं।


मृतक व्यवसायी (फाइल फोटो)

घायलों का निजी चिकित्सालय में प्राथमिक उपचार कर घर वापस छोड़ दिया गया है। वहीं मृतक ओमप्रकाश ओमप्रकाश रस्तोगी की डेड बॉडी पंचनामा कर पुलिस ने परिजनों को सौंप दी है। दूसरी तरफ कस्बा के दवा व्यापारी टुनटुन मिश्रा की आकस्मिक मौत से व्यापारियों में अशोक की लहर दौड़ गई। आज कमालपुर कस्बे में दो-दो व्यापारियों की मौत होने से बाजार बंद रहा। वहीं सड़कों पर सन्नाटा देखने को मिला।

## बंदरों के हमले से बचने के प्रयास में छत से गिरी महिला, मौत

**बबुरी।** क्षेत्र के परनपुरा गांव में बुधवार की देर शाम बंदरों के हमले से बचने के प्रयास में 65 वर्षीय महिला की छत से गिरकर मौत हो गई। इस घटना से पूरे गांव में भय और आक्रोश का माहौल है। जानकारी के अनुसार परनपुरा गांव निवासी हरिचंद्र की पत्नी भागमनी देवी (65 वर्ष) बुधवार की दोपहर अपने घर की छत पर सरसों सुखाने के लिए डालकर आई थीं। देर शाम जब वे उसे समेटने गईं तभी बंदरों का एक झुंड अचानक उन पर हमला करने लगा। जान बचाने के लिए उन्होंने भागने की कोशिश की, लेकिन सरसों पर पैर फिसल गया और वे असंतुलित होकर छत से नीचे गिर कर गम्भीर रूप से घायल हो गयी। घटना के बाद परिजन उन्हें गंभीर हालत में देख तुरंत अस्पताल ले जाने का प्रयास किया, लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। इस घटना से स्वजन में कोहराम मच गया। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में बंदरों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। कई बार ये बंदर घरों में घुसकर सामान नुकसान पहुंचाते हैं और लोगों पर हमला कर देते हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से बंदरों के आतंक को रोकने के लिए उचित कदम उठाने की मांग की है।

# बिजली के निजीकरण के खिलाफ भाकपा माले ने भरी हुंकार

**चंदौली।** बिजली के निजीकरण के विरोध में भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्स वादी के कार्यकताओं ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट व अधिशासी अभियंता विद्युत कार्यालय पर प्रदर्शन किया। इस दौरान नाराज भाकपा माले कार्यकताओं ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। अंत में मुख्यमंत्री के नाम संबोधित 10 सूत्रीय मांग पत्र जिलाधिकारी निखिल टी फुंडे को सौंपा। मांग किया कि सरकार बिजली का निजीकरण बंद करे। साथ ही गरीबों के बिजली बिल को माफ करते हुए दो सौ यूनिट बिजली मुफ्त की किया जाए। प्रदर्शन के दौरान कार्यकताओं की कलेक्ट्रेट गेट पर पुलिस से नोक झोंक भी हुई। कार्यकताओं ने कहा कि मांगों को नहीं माना गया तो आंदोलन को और तेज करेंगे।

अधिशासी अभियंता विद्युत कार्यालय पर जनसभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि डबल इंजन की सरकार बिजली का निजीकरण करके गरीबों के घरों को अंधेरा कर रही है। महंगाई और बेरोजगारी की वजह से कराह रही जनता बिजली के और अधिभार को नहीं झेल पाएगी। कहा कि 1948 में ही बाबा साहब डा. भीमराव आंबेडकर ने संविधान की प्रस्तावना में ही लिखा था कि बिजली एक सामाजिक जरूरत की चीज है उसे बिना लाभ हानि के सरकार की जिम्मेदारी है कि जनता को मुहैया कराए, लेकिन सरकार संविधान की धज्जियां उड़ा रही है। बिजली के निजीकरण से आम उपभोक्ताओं और कर्मचारियों दोनों को परेशानी होगी। वक्ताओं ने कहा कि सरकार अपने वादे के मुताबिक 200 यूनिट बिजली मुफ्त करने से मुकर रही है। बिजली का निजीकरण करके किसानों की खेती की लागत को बढ़ाया जा रहा है। निजी क्षेत्र में बिजली जाने से पूंजीपति मालामाल होंगे और जनता तबाह होगी। प्रदर्शन व जनसभा में लालचंद सिंह यादव, सीपीएम राज्य कमेटी सदस्य गुलाब चंद, जिला सचिव शंभूनाथ सिंह यादव, मिठाईलाल, रामप्यारे, राजेंद्र यादव, चौथी पासवान, जयनाथ सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे। अध्यक्षता परमानंद मौर्य व संचालन जालंधर ने किया।


बिजली के निजीकरण के खिलाफ पैदल मार्च करते भाकपा माले के लोग।

## संक्षेप

### मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई



डेवढ़िल में ग्रामीणों को मतदान को लेकर जागरूक करते छात्र-छात्राएं।

**डीडीयू नगर।** सात दिवसीय विशेष राष्ट्रीय सेवा योजना छत्रधारी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में सातवें दिन स्वयंसेवकों को बौद्धिक कार्यक्रम के उपरान्त मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। जिसमें ग्राम प्रधान रमेश खरवार, अशोक कुमार सिंह एवं संजय सिंह गांववासी उत्साहित दिखाई दीए। दोपहर में स्वयंसेवकों ने भोजन ग्रहण किये। फिर शेष कार्य पूरा करने में लग गए। सायं 5:00 बजे सभी स्वयंसेवकों अल्पाहार व चाय दिया गया। फिर अपने अपने शिविर स्थानों में बौद्धिक कार्यक्रम के लिए चले गये।

### चलती ट्रेन मे यात्री को थप्पड़ मारने वाला युवक गिरफ्तार

**डीडीयू नगर।** स्थानीय डीडीयू मंडल के के डेहरी ऑन सोन स्टेशन पर एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा एक अज्ञात यात्री को थप्पड मारने का वीडियो वायरल होने लगा। सूचना पर आरपीएफ पोस्ट-डेहरी ऑन सोन ने थप्पड़ मारने वाले को पकड़ आगे की कार्रवाई में जुट गई। इस बाबत प्रभारी निरीक्षक राम विलास ने बताया कि थप्पड़ मारने वाले शख्श की तकनिकी शेल से पहचान की गई। सम्बंधित यूट्यूबर की पहचान रितेश कुमार, उम्र करीब-22 वर्ष, पिता-शिव कुमार राम, निवासी-बड़वाँ बसंतपुर, थाना-फेसर, जिला-गया के रूप मे हुई। विधिक कार्यवाही करते हुए रितेश कुमार की गिरफ्तार की गई, जिसने अपनी गलती स्वीकार करते हुए बताया फॉलोअर बढ़ाने के लिए उसने एक यात्री को थप्पड़ मारने का अपना वीडियो इंस्टाग्राम से वायरल कर दिया। उक्त युवक को सम्बंधित कागजातों के साथ न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

### श्रद्धापूर्वक मना मोती राम शास्त्री का परिनिर्वाण दिवस

**चंदौली।** आचार्य मोती राम शास्त्री सामाजिक चेतना मंच की ओर से 28 फरवरी को आचार्य मोतीराम शास्त्री का 19वां परिनिर्वाण दिवस हिनौता जगदीशसराय गांव में मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भंते चन्द्रदेव बुद्ध वंदना से की। उक्त अवसर पर बड़ी संख्या में पुरुष महिला आचार्य जी के चित्र पर पुष्प अर्पित किया। मुख्य अतिथि दुलारे राम कन्नौजिया ने उनके जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला। कहा कि शास्त्री जी ने अछूतों की लड़ाई लड़ी और उनका हक और अधिकार दिया। मानव समाज में सामाजिक परिवर्तन की लड़ाई के नायक के रूप में कार्य करते हुए अपना सम्पूर्ण जीवन समाज को समर्पित कर दिया। उक्त अवसर पर वंशराज राम, संजय, दिलीप पासवान, विरेंद्र कुमार, निर्मला गौतम, सुनील गौतम, प्रभावती देवी, कमला देवी ने विचार रखा। अध्यक्षता महेंद्र राम व संचालन रिक्खी राम गौतम ने किया।


### दर्जनों बच्चों में कॉपी व कलम का वितरण

**नियामताबाद।** प्राथमिक विद्यालय तारापुर में तनवीहुल गाफलिन फाउंडेश की ओर से दर्जनों बच्चों में कॉपी व कलम का वितरण किया गया। तनवीहुल गाफलिन के सदर सोहेल खान ने कहा कि प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालय में अधिकतर गरीब परिवार के ही बच्चे शिक्षा ग्रहण करते हैं। इसको ध्यान में रखते हुए शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए और इनका हौसला बढ़ाने के लिए हम लोगों द्वारा छोटा सा प्रयास किया जा रहा है।शिक्षा हमारा अधिकार है ।शिक्षित समाज की कल्पना ही हमारी सोच है। शिक्षा ही ऐसा यंत्र है जो समाज में बदलाव लाने की क्षमता रखता है राज करना सिखाती है। सोना चांदी सारे गहने चोरी हो सकती है। लेकिन शिक्षा ऐसी चीज है जो कभी कोई भी इसे कोई नहीं चुरा सकता । प्रतिभा हमेशा कामयाबी की रास्ता प्रशस्त करती है।इसीलिए हमारा फाउंडेशन शिक्षा पर जोर देता है ।आने वाले समय में हम सभी विद्यालय पर शिक्षा का कार्यक्रम करेंगे ।इस मौके पर फाउंडेशन के सदस्य साबिर काश्मी,चित्रांश विश्वकर्मा, आशिफ, इकबाल,मोहित शर्मा, इस्तेखार अली, लालू प्रधान, इरशाद,विजय कुमार, दिलशाद आलम, सूरज सिंह मौजूद रहे।

### मामूली विवाद में किड़िहिरा में दो पक्षों में हुई मारपीट

**शहाबगंज।** थाना क्षेत्र के किड़िहिरा गांव में बुधवार की रात में मामूली विवाद में दो पक्षों में मारपीट हो गया। जहां एक पक्ष के तीन लोग घायल हो गए। घायलों का इलाज प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर कराया गया। पीड़ित पक्ष ने लिखित तहरीर थाने पर दिया। पुलिस मुकदमा दर्ज कर अगली कार्यवाही में जूट गई। गांव निवासी काशी का गांव अन्य व्यक्ति से विवाद हो गया। जहां दोनों पक्ष में मारपीट के दौरान एक पक्ष के बबीता 40वर्ष, काशी 45,आकाश 10 वर्ष को गंभीर चोटें आई।जिनका इलाज प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर कराया गया। वहीं पीड़ित पक्ष के तहरीर के आधार पर पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच में जुट गई।

### संस्कृत बोर्ड के हाईस्कूल व इंटरमीडियट की परीक्षा शुरू



**चहनियां।** क्षेत्र के प्रभुपुर स्थित संपूर्णानंद संस्कृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में गुरुवार को संस्कृत यूपी बोर्ड के प्रथम दिन की परीक्षा आयोजित की गयी। प्रथम पाली मे उत्तर मध्यमा कक्षा 10 के कुल 149 परीक्षार्थियों की परीक्षा होनी थी, जिसमें 128 परीक्षार्थी उपस्थित 21 अनुपस्थित रहे, वही पूर्व मध्यमा कक्षा 11 मे 172 परीक्षार्थियों की परीक्षा होनी थी जिसमे 132 परीक्षार्थी उपस्थित व 40 अनुपस्थित रहें। वही शाम को दूसरी पाली मे उत्तर मध्यमा द्वितीय वर्ष कक्षा 12 मे कुल 88 परीक्षार्थियों की परीक्षा होनी थी, जिसमें 82 परीक्षार्थी उपस्थित तथा 6 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इसकी जानकारी प्रधानाचार्य अजयश्याम त्रिपाठी ने दिया।

# सुविधा एक्सप्रेस में पकड़ा गया फर्जी टीटीई

जनसंदेश न्यूज

**डीडीयू नगर।** स्थानीय रेलवे स्टेशन पर बुधवार की अप सुविधा एक्सप्रेस में ड्यूटीरत चलटिकट परीक्षकों ने एक फर्जी टीटीई को पकड़ लिया। इसकी सूचना टीईटी ने रेलवे पुलिस कंट्रोल को दे दिया। स्थानीय रेलवे स्टेशन पर ट्रेन पहुंचने पर जीआरपी और आरपीएफ के जवान पहुंच गये। इस दौरान जीआरपी ने कोट, ईएफटी एक्ससेज फेयर टिकट बुक और आईडी के साथ पकड़े गये टीटीई को पकड़ कर जीआरपी थाने ले आई। जीआरपी ने पूछताछ कर उसके खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर आगे की कार्रवाई में जुट गई।

पटना से सीएसटी जा रही सुविधा एक्सप्रेस में ड्यूटीरत चलटिकट परीक्षक संजीव कुमार ने स्लीपर कोच में एक फर्जी टीटीई को पकड़ा। इस दौरान फर्जी टीटीई का आईडी गले में लटका कर रखा था। जिसपर संकल्प स्वामी पुत्र देवव्रत दानापुर डिवीजन अंकित था। इसके अलावा नेम प्लेट और ईएफटी एक्ससेज फेयर टिकट बुक बरामद हुआ। रेलवे बोर्ड के चलटिकट परीक्षक ने इसकी सूचना डीडीयू कंट्रोल रूम को दे दिया। ट्रेन के स्थानीय रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या छह पर बुधवार की शाम चार बजे के करीब पहुंची। ट्रेन के स्टेशन पर पहुंचते ही जीआरपी और आरपीएफ के जवान पहुंचकर फर्जी टीटीई को गिरफ्तार कर लिया।इस बाबत जीआरपी प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार सिंह ने बताया कि फर्जी टीटीई बिहार खगड़िया निवासी मृत्युजंय है। आरोपी एमबीए कर चुका किया है। इसके खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।



जीआरपी व आरपीएफ द्वारा पकड़ा गया फर्जी टीटीई।

## प्रदर्शन करने वालों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**डीडीयू नगर।** मुगलसराय कोतवाली क्षेत्र के हृदयपुर गांव में किसान की मौत के बाद प्रदर्शन करने वाले दो प्रधान और सपा नेता सहित तीन नामजद और हाइड्रा बीस अज्ञात के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने मौके पर गुमटी तोड़ कर सामान चुराने, हाइड्रा (क्रेन) का शीशा तोड़ने आदि के मामले में कार्रवाई की है। मंगलवार की सुबह हृदयपुर गांव में हाइड्रा की चपेट में आने से साइकिल सवार किसान की मौत हो गई थी। घटना के बाद सपा नेता चंद्रशेखर यादव, गांव के प्रधान मनोज यादव, छित्तमपुर गांव के प्रधान धर्मेंद्र यादव के नेतृत्व में ग्रामीणों ने मृतक के परिजनों को 50 लाख रुपए मुआवजा, परिवार के एक सदस्य को नौकरी देने की मांग करते हुए धरना प्रदर्शन किया था। लगभग सात घंटे प्रदर्शन के बाद डीएफसीसी के अधिकारियों से वार्ता के बाद नौ लाख रुपए मुआवजा और परिवार के एक सदस्य को संविदा पर नौकरी देने के आश्वासन मिला। इसके पूर्व गांव में तनाव को देखते हुए मुगलसराय के साथ बबूरी थाना, महिला थाना पुलिस मौजूद रही। मुगलसराय कोतवाल विजय बहादुर सिंह ने बताया कि दो प्रधान, एक सपा नेता सहित तीन नामजद और 20 अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# तेज रफ़्तार बाइकों की आमने-सामने टक्कर में एक युवक की मौत

**चंदौली।** सैयदराजा थाना क्षेत्र के जेठमल पुर गांव के समीप सर्विस रोड बृहस्पतिवार को दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर में एक युवक की मौत हो गई वहीं दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए मौके पर जुटे आस-पास के लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को भी मौके पर पहुंची पुलिस ने भर्ती कराया और युवक के शौक को कब्जे में पोस्टमार्टम के लिए भेज आगे की कार्रवाई में जुट गई। बताते हैं कि झारखंड प्रान्त के झांसी गांव निवासी रमजान उल्लाह खान 40 वर्ष मुगलसराय सैमसंग कंपनी में काम करता था।

जिसके सिलसिले में सैयदराजा गया हुआ था सैयदराजा से वापस लौटते समय जैसे ही वो जेठमल पुर सर्विस रोड पर पहुचा की सामने से आ रही तेज रफ़्तार बाइक से टक्कर हो गई। घटना में दूसरे बाईक बैठे सैयदराजा क्षेत्र के फुटिया निवासी कोमल मौर्य 50 वर्ष व राजकुमार सिंह,40 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गए। वही रमजान के सर में गंभीर चोटे आई जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटनास्थल पर जूट आस पास के लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी घटनास्थल पर पहुची पुलिस ने तत्काल घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया जहा उनका इलाज चल रहा है। वही रमजान के शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस बाबत थानाध्यक्ष विन्देश्वरी पांडेय ने बताया कि बाइक की आमने-सामने टक्कर में एक युवक की मौत हो गई है। साथ ही दो लोग घायल हो गए हैं। जिनका इलाज कराया जा रहा है। युवक के शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# स्कूली बच्चों में संस्था ने बांटा कॉपी व कलम

**नियामताबाद।** प्राथमिक विद्यालय तारापुर में तनवीहुल गाफलिन फाउंडेशन की ओर से दर्जनों बच्चों में कॉपी व कलम का वितरण किया गया । तनवीहुल गाफलिन के सदर सोहेल खान ने कहा कि प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालय में अधिकतर गरीब परिवार के ही बच्चे शिक्षा ग्रहण करते हैं। इसको ध्यान में रखते हुए शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए और इनका हौसला बढ़ाने के लिए हम लोगों द्वारा छोटा सा प्रयास किया जा रहा है।शिक्षा हमारा अधिकार है ।शिक्षित समाज की कल्पना ही हमारी सोच है। शिक्षा ही ऐसा यंत्र है जो समाज में बदलाव लाने की क्षमता रखता है राज करना सिखाती है । सोना चांदी सारे गहने चोरी हो सकती है। लेकिन शिक्षा ऐसी चीज है जो कभी कोई भी इसे कोई नहीं चुरा सकता । प्रतिभा हमेशा कामयाबी की रास्ता प्रशस्त करती है।इसीलिए हमारा फाउंडेशन शिक्षा पर जोर देता है ।आने वाले समय में हम सभी विद्यालय पर शिक्षा का कार्यक्रम करेंगे ।इस मौके पर फाउंडेशन के सदस्य साबिर काश्मी,चित्रांश विश्वकर्मा, आशिफ, इकबाल,मोहित शर्मा, इस्तेखार अली, लालू प्रधान, इरशाद,विजय कुमार, दिलशाद आलम, सूरज सिंह मौजूद रहे।


प्राथमिक विद्यालय तारापुर में कॉपी-कलम का वितरण करते फाउंडेशन के सदस्य।

## महाकुंभ के कारण श्रद्धालुओं की स्टेशन पर रही भीड़

**डीडीयू नगर।** महाशिवरात्रि पर महाकुंभ के आखिरी अमृत स्नान के दूसरे दिन भी लौटने वाले स्नानार्थियों से डीडीयू स्टेशन भरा रहा। हालांकि भीड़ बुधवार की अपेक्षा कम रही। बृहस्पतिवार को प्रयागराज से आने वाली कुंभ स्पेशल सहित मेल, एक्सप्रेस ट्रेनों में खचाखच भीड़ देखने को मिली। हालांकि अप की ओर जाने वाली ट्रेनों में भीड़ नाम मात्र की रही। इससे विभागीय कर्मचारियों में राहत दिखी। लौटने वाली भीड़ को लेकर जीआरपी, आरपीएफ और जिला पुलिस की मुस्तैद रही। प्रयागराज में महाकुंभ के बुधवार को समापन के बाद लौटने वाली श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ गई है। इस दौरान डीडीयू पर बृहस्पतिवार को भी लौटने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ रही। इस दौरान कुंभ स्पेशल ट्रेनों का आवागमन जारी है। ताकि श्रद्धालुओं को जल्द से जल्द गंतव्य तक भेजा सकें। इसके लिए रेल प्रशासन युद्ध स्तर पर लगा है। इसके अलावा श्रद्धालु डाउन की रूटीन की मेल और एक्सप्रेस ट्रेनों में भी सवार होकर घर वापसी कर रहे हैं । रेलवे सूत्रों के अनुसार बृहस्पतिवार को रेल प्रशासन ने प्रयागराज से 26 और वाराणसी से 04 स्पेशल ट्रेनों को पीडीडीयू भेजा। इसमें 09 पटना की और 07 गया रेल रुट पर स्पेशल ट्रेनों को भेजा गया। वही पीडीडीयू से 35 स्पेशल ट्रेनों को प्रयागराज भेजा गया।

# नियमित व स्पेशल ट्रेनों के साथ ही चलाई गई 1726 ट्रेनें

जनसंदेश न्यूज

**डीडीयू नगर।** प्रयागराज महाकुंभ के दौरान यात्रियों के आवागमन के लिए डीडीयू स्टेशन से होते हुए नियमित और पहले से घोषित स्पेशल ट्रेनों के साथ ही 1726 स्पेशल ट्रेनें चलाई गई। यात्रियों की अत्यधिक संख्या को संभालने के लिए अतिरिक्त सुरक्षा बलों के साथ रेलकर्मियों की नियुक्ति की गई। डेढ़ माह के महाकुंभ के सकुशल समाप्त होने पर अधिकारियों ने भी राहत की सांस ली है।

पीडीडीयू मंडल से 13 जनवरी से 26 फरवरी तक महाकुंभ के दौरान पीडीडीयू जंक्शन को केंद्र में रखते हुए लगातार स्पेशल ट्रेनें गई। भीड़ को देखते हुए महाकुंभ के दौरान पीडीडीयू से प्रयागराज की ओर 806 जबकि प्रयागराज से पी डीडीयू की ओर 781 महाकुंभ स्पेशल ट्रेनें चली। इसी तरह डीडीयू से वाराणसी की ओर 69 तथा वाराणसी से पीडीडीयू की ओर 70 महाकुंभ स्पेशल ट्रेनें चलाई गई। वहीं डीडीयू से गया की ओर 425 तथा गया की ओर से 361 महाकुंभ स्पेशल ट्रेनें डीडीयू की तरफ आई। वहीं पीडीडीयू से पटना की ओर 382 तथा पटना की ओर से 348 महाकुंभ स्पेशल ट्रेनें पीडीडीयू की तरफ आईं। स्टेशनों पर यात्रियों के सुविधाजनक एवं सुरक्षित आवागमन को लेकर विशेष व्यवस्थाएं की गई थी। विशेष कंट्रोल रूम सहित स्टेशनों पर मंडल रेल प्रबंधक राजेश गुप्ता के निर्देशन में रेल अधिकारियों की ओर से लगातार निगरानी की गई। मंडल में पी डीडीयू जंक्शन के साथ ही गया, सासाराम, डेहरी ऑन सोन आदि स्टेशनों पर सकुर्लेटिंग एरिया में विशेष होल्डिंग एरिया की व्यवस्था की गई।




यात्रियों को त्वरित चिकित्सकीय सहायता के साथ टिकट काउंटर, एटीवीएम, यूटीएस एप, मोबाइल यूटीएस के माध्यम से पर्याप्त टिकटिंग व्यवस्था, पर्याप्त खान पान व्यवस्था, लगातार सीसीटीवी मॉनिटरिंग, सहायक सुरक्षात्मक उद्घोषणा, हेल्प काउंटर, मोबाइल चार्जिंग सहित निरंतर साफ सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित की गई। इसके लिए तैनात अधिकारियों के साथ लोको पायलट, गार्ड, सुरक्षाकर्मी, टिकट चेकिंग स्टाफ, सफाई कर्मी सहित सभी विभागों के रेल कर्मियों, स्काउट एवं गाइड द्वारा निरंतर सेवा भाव के साथ अपना योगदान दिया गया। मंडल रेल प्रबंधक राजेश गुप्ता ने बताया कि महाकुंभ में रेलवे ने स्नानर्थियों की सुविधा के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाई गई।

# लोकायुक्त के निर्देश पर मनकपड़ा में विकास कार्यों की हुई जांच

जनसंदेश न्यूज

**इलिया।** क्षेत्र के मनकपड़ा गांव में गुरुवार को लोकायुक्त के निर्देश पर उपजिलाधिकारी दिव्या ओझा के देखरेख में जांच टीम पहुंची। जहां गांव में चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण किया। जहां जांच टीम ने शिकायत दर्ज कराएं हुए कार्यों का बारिकी से जांच किया। वही कुछ पत्रावली मौके पर उपलब्ध नहीं होने पर एक दिन सभी पत्रावली उपलब्ध कराने को कहां गया। गांव के बहादुर मौर्य ने लोकायुक्त के यहां शिकायत दर्ज कराया था कि गांव में सीसी रोड़ के साथ सीसी नाली बनाने का कार्य किया जाना था, लेकिन सीसी रोड़ बनाकर पुरा पैसा निकाल लिया गया। इनके अलावा शौचालय के पैसे का गबन कर लिया गया।

शिकायत की गंभीरता को देखते हुए लोकायुक्त ने जांच करने के लिए टीम गठित कर गांव में जाकर जांच कर रिपोर्ट देने की बात कही। लोकायुक्त के निर्देश पर एसडीएम दिव्या ओझा, डीडीओ सपना अवस्थी, जेई पीडब्ल्यूडी सुचित पटेल गांव में पहुंचे। जहां शिकायतकर्ता द्वारा आपत्ति किए गये कार्यो का बारिकी से जांच किया। जांच टीम सीसी रोड निर्माण कार्य से संतुष्ट नजर आई लेकिन एक शौचालय मौके पर नहीं बना पाया गया, जिस पर लाभार्थी को एक सप्ताह में शौचालय बनाने की हिदायत दिया। वही शिकायत कर्ता बहादुर मौर्य के दरवाजे पर लगा हैण्डपम्प का मुंडा गायब देख शिकायतकर्ता के खिलाफ नोटिस जारी कर सरकारी सम्पत्ति को क्षति पहुंचाने का मुकदमा दर्ज करने का निर्देश एसडीएम ने दिया। वही जिला विकास अधिकारी सपना अवस्थी ने बताया कि सभी कार्यों का गहना से जांच किया गया। जांच रिपोर्ट लोकायुक्त को प्रेषित कर दी जायेगी। इस दौरान बीडीओ दिनेश सिंह, ग्राम प्रधान प्रेमनारायण, सचिव साहब सिंह सहित आदि कर्मचारी उपस्थित रहे।


मनकपड़ा गांव में जांच करने पहुंची एसडीएम व डीडीओ।

## फगुआ महोत्सव कराने के लिए की चर्चा

**डीडीयू नगर।** नगर की सामाजिक सांस्कृतिक संगठन अस्मिता नाट्य संस्थान की बैठक सुभाष पार्क में बुलाई गई। जिसमें होली पर एक हास्य कार्यक्रम फगुआ महोत्सव के आयोजन के सन्दर्भ में विचार किया गया। इस कार्यक्रम में नृत्य,संगीत, अभिनय एवं कविताओं का समागम होगा। बैठक को संबोधित करते हुए अस्मिता नाट्य संस्थान के महासचिव विजय कुमार गुप्ता ने बताया कि होली भाई चारे का त्यौहार है ।इस त्यौहार में सभी एक दूसरे से मिलकर खुशी मनाते हैं। संरक्षक सदानंद दुबे ने कहा कि फगुआ महोत्सव होने से जिले के दूर दराज की कलाकारों को उनकी प्रतिभा दिखाने का मौका मिलेगा ।बैठक की अध्यक्षता डॉक्टर राजकुमार गुप्ता व संचालन देवेश कुमार ने किया बैठक में घनश्याम विश्वकर्मा, प्रमोद कुमार अग्रहरि, संजय शर्मा, डब्लू राय, दिनेश शर्मा, विजय यादव, गुड्डू विश्वकर्मा, कृष्ण मोहन गुप्ता, राकेश अग्रवाल, विपिन अग्रहरी, संजीवन यादव, विवेक चौहान अरुण कुमार, हेमंत विश्वकर्मा, अंजू चौहान, मधु सिंह, हेलेन डिसूजा, मिस जूही आदि लोग शामिल रहे। आभार कृष्ण कांत गुप्ता ने व्यक्त किया।

# शिक्षक के खिलाफ एफआईआर दुर्भाग्यपूर्ण

जनसंदेश न्यूज

**सकलडीहा।** सकलडीहा पीजी कॉलेज में बीएड की परीक्षा चल रहा है। सुचितपूर्ण परीक्षा को लेकर कॉलेज प्रशासन कटिवद्ध है। गुरूवार को कॉलेज प्रशासन की ओर से प्रेस वार्ता करके एक शिक्षक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराये जाने की घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताया। कॉलेज प्रशासन उच्चाधिकारियों से मिलकर निष्पक्ष जांच की मांग किया है। परीक्षा के दौरान हंगामा मचाने वाले छात्रों के खिलाफ कार्रवाई की मांग दोहराया। वही कॉलेज के छात्रों ने एसडीएम से मिलकर न्यायिक जांच की मांग किया है। महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ विश्वविद्यालय की ओर से सकलडीहा पीजी कॉलेज को जनपद के कुल आठ महाविद्यालयों का नोडल परीक्षा केंद्र और संकलन केन्द्र बनाया है।

बीते कई दिनों से महाविद्यालय में बीएड की परीक्षा संचालित हो रहा है। परीक्षा की सुचिता को लेकर महाविद्यालय प्रशासन की ओर से सख्ती बरती जा रही है। महाविद्यालय की आंतरिक उड़ाका दल ने दो दर्जन से अधिक लोगों को रिस्टीकेट किया है। बीते दिनों सहायक केंद्राध्यक्ष अनुशासन समिति के समन्वयक एवं आंतरिक उड़ाका दल के रूटीन चेकिंग के दौरान कुछ परीक्षार्थियों द्वारा झड़प हुई।

जिसके बाद कॉलेज प्रशासन की ओर से कुछ छात्रों के खिलाफ प्राथमिकी भी दर्ज कराई गई। कॉलेज प्रशासन ने आरोप लगाया कि इसी दुर्भावना से ग्रस्त होकर कॉलेज के एक शिक्षक के खिलाफ छात्रों ने एफआईआर दर्ज कराया जो दुर्भाग्यपूर्ण है। वही छात्रो ने शिक्षक की ओर से छात्रा के साथ किये गये दुर्व्यवहार का मजिस्ट्रेटी जांच के लिये एसडीएम को पत्रक सौपा। इस बाबत प्राचार्य प्रोफेसर प्रदीप कुमार पांडेय ने कहा कि अनुशासन हीनता बर्दास्त नहीं किया जायेगा। परीक्षा की सुचिता से कोई समझौता नही होगा।

# स्पोर्ट्स



मैक्सिको में मैक्सको ओपन टेनिस में खेलते हुए अमेरिका के लियेनर टिन।

# आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी सेमीफाइनल में जगह बनाने के इरादे से उतरेंगे ऑस्ट्रेलिया और अफगानिस्तान

**लाहौर।** स्टीव स्मिथ की कप्तानी में ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम शुक्रवार को आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी में अफगानिस्तान को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाने उतरेगी। ऑस्ट्रेलियाई टीम के लिए हालांकि ये इतना आसान नहीं होगा क्योंकि अफगानिस्तान टीम ने जिस प्रकार से इंग्लैंड को हराया है उससे पता चलता है कि अब वह दूसरे दर्जे की टीम नहीं रही। अफगान टीम ने पहले भी आईसीसी टूनामेंटों में कई बड़ी टीमों को हराया है। जिसको देखते हुए ऑस्ट्रेलियाई टीम उसे हल्के में लेने की भूल नहीं करेगी। अफगानिस्तान का लक्ष्य भी इस मैच में जीत का सिलसिला जारी रखते हुए सेमीफाइनल में जगह बनाना रहेगा। उसने इंग्लैंड के खिलाफ 300 से अधिक रन बनाकर मैच जीता है। उसने पिछले साल हुए टी20 विश्व कप में भी सेमीफाइनल में जगह बनायी थी। ऐसे में ये मैच रोमांचक होना तय है। इस मैच में ऑस्ट्रेलिया का बल्लेबाजी क्रम भले ही बेहद मजबूत हो पर उसे अपने तीन प्रमुख तेज गेंदबाजों मिचेल स्टार्क, पैट कमिंस और जोश हेजलवुड की कमी खलेगी। ऑस्ट्रेलिया ने पहले मैच में इंग्लैंड को हराया था।

दो बार की पूर्व चैंपियन ऑस्ट्रेलिया 15 साल के बाद चैंपियन्स ट्रॉफी का खिताब फिर से जीतना चाहेगी। टीम ने 2006 और 2009 में लगातार दो खिताब जीते पर साल 2013 और 2017 में वह फाइनल में नहीं पहुंची जिसके बाद इस प्रतियोगिता का आयोजन बंद कर दिया गया। शीर्ष तेज गेंदबाजों की अनुपस्थिति में ऑस्ट्रेलिया जानता है कि उसकी ताकत बल्लेबाजी में है। टीम के पास ट्रेविस हेड, स्टीव स्मिथ, मार्नस लाबुशेन और ग्लेन मैक्सवेल जैसे खिलाड़ी हैं जो विरोधी गेंदबाजी आक्रमण को बिखेरने में सक्षम हैं। नियमित खिलाड़ियों की अनुपस्थिति ने कंगारु टीम को कमजोर किया है लेकिन इसने युवा खिलाड़ियों को प्रभावित करने, टीम में अपनी जगह पक्की करने का अवसर है जिसका वह लाभ उठाना चाहेंगे। उसके पास अच्छे बल्लेबाज हैं। वहीं गेंदबाजी की कमान बेन ड्वार्शुइस, स्पेंसर जॉनसन, नाथन एलिस और एडम जंपा के पास रहेगी। ये जानते हैं कि आगे बढ़ने इस मैच में जीत जरुरी है। ड्वार्शुइस और जॉनसन हालांकि पहले मैच में इंग्लैंड के खिलाफ उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर पाए जबकि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मैच बारिश के कारण नहीं हो पाया था। ऐसे में इनका लक्ष्य इस मैच में अधिक से अधिक रन बनाना रहेगा। जम्पा के रूप में टीम के पास एक अनुभवी स्पिनर है जो पाक के हालातों का लाभ उठा सकता है। वहीं दूसरी और उसकी बल्लेबाजी की कमान इंग्लैंड के खिलाफ 177 रन की पारी खेलने वाले इब्राहिम जादरान करेंगे। पिछले साल टी20 विश्व कप में अफगानिस्तान ने ऑस्ट्रेलिया का हराया था और इस बार इसेस दोहराना चाहेगा। उसके पास गेंदबाजी में अजमतुल्लाह उमरजई जैसे गेंदबाज है जिसन इंग्लैंड के खिलाफ पांच विकेट लेकर अपनी टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। टीम की कप्तानी हशमतुल्लाह शाहिदी कर रहे हैं। उसके पास राशिद खान जैसा स्टार स्पिनर है जो पिच से लाभ उठा सकता है।

## दोपहर 2.30 बजे से होगा मैच



### दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं


**ऑस्ट्रेलिया** : स्टीव स्मिथ (कप्तान), सीन एबट, एलेक्स कैरी, बेन ड्वार्शुइस, नाथन एलिस, जेक फ्रेजर-मैकगर्क, आरोन हार्डी, ट्रेविस हेड, जोश इंग्लिस, स्पेंसर जॉनसन, मार्नस लाबुशेन, ग्लेन मैक्सवेल, तनवीर संघा, मैथ्यू शॉर्ट और एडम जम्पा।

**अफगानिस्तान** : हशमतुल्लाह शाहिदी (कप्तान), इब्राहिम जादरान, रहमानुल्लाह गुरबाज, सेदिकुल्लाह अटल, रहमत शाह, इकराम अलीखिल, गुलबदीन नायब, अजमतुल्ला उमरजई, मोहम्मद नबी, राशिद खान, नांग्याल खरोती, नूर अहमद, फजलहक फारूकी, फरीद मलिक, नवीद जादरान।

## बारिश के कारण रद हुआ पाकिस्तान और बांग्लादेश मैच

**मेजबान बिना जीते बाहर रावलपिंडी में लगातार दूसरा मुकाबला बेनतीजा रहा, फेंस निराश होकर लौटे**

**रावलपिंडी।** आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी में गुरुवार को यहां पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच होने वाला मैच बारिश के कारण रद्द हो गया। इसा मैच में पहले ही बारिश की आशंकाएं जतायी जा रहीं थीं जो सही निकली। बारिश के कारण टॉस में देरी हुई और जब बारिश नहीं रुकी तो अंपायरों ने इसे रद्द घोषित कर दिया। दोनों ही टीमें पहले ही टूनामेंट से बाहर हो गयीं थीं। इसलिए ये मैच केवल एक औपचारिकता भर था। इस मैच के नहीं हो पाने से मेजबान पाक टीम अब ग्रुप ए से टूनामेंट में अंतिम स्थान पर आ गयी है क्योंकि मैच नहीं होने से दोनो ही टीमों को एक-एक अंक मिला पर नेट रन रेट में अधिक होने के कारण बांग्लादेश तीसरे और पाकिस्तान चौथे और अंतिम स्थान पर रही। इस टूनामेंट में पाक टीम को पहले मैच में न्यूजीलैंड जबकि दूसरे मैच में भारतीय टीम ने हराया। था। वहीं बांग्लादेश को पहले मुकाबले में भारत और दूसरे में न्यूजीलैंड से हार का सामना करना पड़ा। कीवी टीम पहले और भारतीय टीम दूसरे स्थान पर है। दोनो के ही बराबर अंक हैं पर कीवी टीम का नेट रन रेट अधिक है।



## सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति ग्रामीणों को किया जागरूक

**धानापुर।** कस्बा स्थित शहीद हीरा सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर के अंतर्गत आयोजित किए जा रहे है विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों की श्रृंखला में गुरुवार को स्वयंसेवकों ने सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाने के लिए रैली निकाली। इस रैली में बैनर, पोस्टर, और स्लोगन के जरिए लोगों को यातायात नियमों के बारे में स्वयंसेवकों ने बताया। रैली महाविद्यालय में बनाए गए शिविर स्थल से आरम्भ होकर वार्ड संख्या 12 मलिन बस्ती से होते हुए धानापुर बस स्टैंड तक गई। स्वयंसेवकों ने दफ्तियों पर सड़क सुरक्षा से जुड़े लिखे स्लोगन के साथ नारा लगाकर बस्ती के लोगों तथा कस्बा में राहगीरों और वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक तथा यातायात के नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया। डॉ. दिनेश कुमार ने बताया कि इस रैली के आयोजन का मकसद, वाहन चालकों में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना और सड़क दुर्घटनाओं को कम करना है। उन्होंने कहा कि विशेष रूप से दोपहिया वाहन चालकों में हेलमेट के प्रति जागरूकता लाना है। क्योंकि वर्ष 2024 में घटित सड़क दुर्घटना प्रकरणों का अवलोकन करने पर सबसे ज्यादा मृत्यु दोपहिया वाहन में हुई है जिसका मुख्य कारण सिर में गंभीर चोट आने से होना

## संक्षेप

### वीरता और साहस के पर्याय थे चन्द्रशेखर आजाद



उसरी गांव में चन्द्रशेखर आजाद का शहादत दिवस मनाते ग्रामीण।

**शहाबगंज।** क्षेत्र के उसरी गांव में गुरुवार को चंद्रशेखर आजाद का शहादत दिवस मंगल पांडे अमृतसरोवर के शहीद उद्यान पर मनाया गया। पंडित चंद्रशेखर आजाद को याद करते हुए लोकतंत्र रक्षक सेनानी रामनिवास पांडेय ने कहा कि वीरता और साहस के पर्याय चंद्रशेखर आजाद 200 सालों से गुलाम भारत को अंग्रेजों से आजाद कराया। आजाद बचपन से ही स्वतंत्रता संग्राम के प्रति उत्साह दिखाया और अंग्रेजों से भारत को स्वतंत्रता दिलाने के लिए गांधी जी के साथ मिलकर अंग्रेजों से लड़े वह कहते थे दुश्मन की गोलियों का हम सामना करेंगे हम आजाद हैं और आजाद ही रहेंगे। इलाहाबाद के अल्फ्रेड पार्क में मुखबिरी का शिकार होकर चंद्रशेखर आजाद अंग्रेजो के बीच फंस गए आखरी दम तक लड़े गोली खत्म होने के बाद आखिरी गोली से खुद को मारकर भारत माता को अपना बलिदान दे दिया। अब जरूरत इस बात की है कि हर भारतीयों को पंडित चंद्रशेखर आजाद से प्रेरणा लेकर अपने राष्ट्र के प्रति समर्पित होने की आवश्यकता है इस अवसर पर मुख्य रूप से लोकतंत्र सेनानी रामनिवास पांडेय, वीरेंद्र पांडेय पवन पांडेय ,मृत्युंजय पांडेय,सुनील पासवान अमरनाथ पांडेय सोनू शर्मा लाल व्रत शर्मा राजेंद्र पासवान मिश्री राम दशरथ गुप्ता आल्हा गुप्ता टोनी पासवान बाजारू आदि लोग उपस्थित थे।

### छात्राओं ने डोर टू डोर शिक्षा और स्वास्थ्य के प्रति किया जागरूक



नागेपुर गांव में राष्ट्रीय सेवा योजना के कैंप शिविर के तहत ग्रामीणों को जागरूक करते छात्राएं।

**सकलडीहा।** सकलडीहा पीजी कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया है। गुरूवार को छठवें दिन छात्रों की ओर से गोंद लिये गांवों में डोर टू डोर संपर्क करके ग्रामीण और महिलाओं को शिक्षा और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। इस दौरान सामाजिक और आर्थिक सर्वेक्षण कर रिपोर्ट तैयार किया। सकलडीहा पीजी कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर प्रदीप कुमार पांडेय ने कहा कि शिक्षा डिग्री ही नही समाज को सशक्त बनाने का मजबूत कड़ी है। शिक्षा से ही गांव और गिरॉव के लोग सबल हो सकते है। राष्ट्रीय सेवा योजना का कार्यक्रम डोर टू डोर लोगों को शिक्षा और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने का पुनित पहल है। शिविर के छठवां दिन नागेपुर, टिमिलपुर, सकलडीहा बस्ती में सामाजिक -आर्थिक सर्वेक्षण का कार्य स्वयं सेवकों द्वारा किया गया। घर -घर जाकर स्वास्थ्य, शिक्षा, चिकित्सा और बुनियादी सुविधाओं से संबंधित जानकारी प्राप्त की। उसके बाद उसकी रिपोर्ट तैयार किया। द्वितीय सत्र में समाजशास्त्र के प्रोफेसर दयाशंकर सिंह यादव की ओर से सामाजिक कुरीतियों पर विचार रखा रखा गया। वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ जितेंद्र यादव ने अतिथि का स्वागत किया। संचालन डॉ. श्यामलाल सिंह यादव ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ अनिल तिवारी ने किया।

### एनआर वर्ल्ड स्कूल में मना वार्षिकोत्सव

**डीडीयू नगर।** क्षेत्र के हनुमानपुर स्थित एन आर वर्ल्ड स्कूल में वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि तरुण कुमार सिंह, वंदना सिंह तथा मुख्य निर्देशिका निरुपमा राय द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के आगे दीप प्रज्वलित करके तथा माल्यार्पण कर प्रारंभ किया गया। मुख्य निर्देशिका निरुपमा राय द्वारा सभी अतिथिगण को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय की प्रबंध निदेशिका निशा राय द्वारा विद्यालय के कर्मचारियों को अवार्ड दिया गया विद्यालय के नन्हे मुन्ने बच्चों ने अपने नृत्य के माध्यम से विद्यालय जाने के महत्व को बताया और सभी दर्शकों को खुश मिजाज माहौल से सराबोर कर दिया। इस दौरान पूजा राय, जानवी राय, रेखा राय, सोनम वर्मा, निर्मला जोसेफ, प्रतिभा त्रिपाठी, सितू पाण्डेय, राहुल सर तथा अन्य शिक्षकगण ने भरपूर सहयोग देकर कार्यक्रम को सफलतापूर्वक पूर्ण किया।

# शुभमन बीमार और रोहित हुए चोटिल न्यूजीलैंड के खिलाफ खेलना तय नहीं

**चोटिल रोहित शर्मा ने प्रैक्टिस नहीं की गिल भी शामिल नहीं हुए, 2 मार्च को भारत का न्यूजीलैंड से मुकाबला**

**दुबई।** भारतीय क्रिकेट टीम आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी के सेमीफाइनल में पहुंच गयी है। उसे अब अपने अंतिम लीग मैच में 2 मार्च को न्यूजीलैंड से खेलना है। कीवी टीम भी सेमीफाइनल में आ गयी है। ऐसे में ये मैच केवल औपचारिकता है और इसके परिणाम से टूनामेंट पर प्रभाव नहीं पड़ेगा। इस मैच से पहले भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा के चोटिल होने और उपप्तान शुभमन गिल के बीमार होने की खबरें हैं। इसी कारण रोहित और शुभमन बुधवार को हुए अभ्यास सत्र में भी शमिल नहीं हुए थे। वहीं तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी सहित अन्य सभी खिलाड़ियों ने अभ्यास किया।

शमी ने काफी गेंदबाजी की जिससे उनके लय हासिल करने की उम्मीद है। पाकिस्तान के खिलाफ मैच में शमी शुरूआती तीन ओवरों के बाद मैदान से बाहर चले गये थे। रोहित और शुभमन को लेकर टीम प्रबंधन ने अभी तक कोई बयान नहीं दिया है। वहीं ऐसा माना जा रहा है कि रोहित अभी हैमस्ट्रिंग की चोट से उबर रहे हैं, उन्हें ये चोट पाकिस्तान के खिलाफ भारत के दूसरे लीग मैच के दौरान लगी थी। वह पाकिस्तान की पारी के दौरान कुछ समय के लिए ड्रेसिंग रूम में चले गए थे लेकिन फिर मैदान पर लौट आए।

एक रिपोर्ट के अनुसार रोहित अभी अपनी चोट को लेकर सावधानी बरत रहे हैं जिससे कि सेमीफाइनल तक पूरी तरह से फिट हो जायें। भारतीय टीम पहले ही सेमीफाइनल में पहुंच गयी है। ऐसे में रोहित को न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे लीग मैच में आराम भी दिया जा सकता है।




### आर्चर ने सबसे तेज पचास विकेट लेकर एंडरसन का रिकार्ड तोड़ा

**लाहौर।** इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर ने अफगानिस्तान के खिलाफ हुए मैच में तीन विकेट लेने के साथ ही एक अहम उपलब्धि अपने नाम की है। इस मैच में हालांकि इंग्लैंड टीम को 8 रनों से हार झेलनी पड़ी जिससे वह सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर हो गयी। आर्चर ने पावरप्ले में रहमानुल्लाह गुरबाज 6, सिद्दिकल्लाह अटल 4 और रहमत शाह 4 को आउट किया। आर्चर ने गुरबाज को बोल्ड करने के साथ ही एकदिवसीय क्रिकेट में सबसे तेजी से 50 विकेट पूरे किये। उन्होंने 30 एकदिवसीय मैचों में ये रिकार्ड बनाया है। इसी के साथ ही आर्चर ने पूर्व दिग्गज तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन का रिकॉर्ड भी तोड़ दिया। एंडरसन ने 31 मैचों में 50 विकेट लिए थे। इस सूची में तीसरे स्थान पर पूर्व इंग्लिश गेंदबाज स्टीव हार्मिसन हैं। उन्होंने 32 एकदिवसीय में अपने 50 विकेट लिए थे। स्टीवन फिन ने 33 डेरेन गाफ ने 34 और स्टुअर्ट ब्रॉड ने 34 मैचों में ये आंकड़ा हासिल किया। वहीं एकदिवीसय इतिहास में सबसे तेज 50 विकेट लेने का रिकॉर्ड पूर्व श्रीलंकाई स्पिनर अजंता मेंडिस के नाम दर्ज है।

# स्वंयभू कालेश्वरनाथ मंदिर और मेला में दूसरे दिन उमड़ी भीड़



सकलडीहा में निकाली गयी शिव बारात में शामिल लोग।





स्वंय भू कालेश्वर महादेव मंदिर के बाहर दर्शन-पूजन के लिए उमड़े श्रद्धालु।

**जनसंदेश न्यूज**

**सकलडीहा।** महाशिवरात्री के दूसरे दिन चतुर्भुजपुर स्थित स्वंयभू बाबा कालेश्वरनाथ मंदिर और संत डगरियाय सरकार के आश्रम में भक्तों की भीड़ उमड़ा रहा। वही मेला में खरीदारों की भीड़ भरा रहा। सुरक्षा को लेकर कोतवाली पुलिस पूरे दिन डटी रही। महाशिवरात्रि के अवसर पर चतुर्भुजपुर में तीन दिवसीय मेला का आयोजन होता है। इसके साथ ही शिवभक्त मंदिर और डंगरिया सरकार के आश्रम मे मत्था टेकते है। चतुर्भुजपुर स्थित कालेश्वरनाथ मंदिर क्षेत्र का प्राचीन मंदिर है। यही कारण है कि जनपद सहित आसपास के जिले और बिहार प्रान्त से बड़ी संख्या में लोग यहा ट्रेन और निजी वाहन से जलाभिषेक के लिए पहुचते है। दूसरे दिन भी मंदिर और मेला में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ा था। इस दौरान मेला के अवसर पर विभिन्न प्रकार की झांकी भी आयोजकों की ओर से निकाला गया था। इस मौके पर केतवाल हरिनारायण पटेल, दरोगा राणा यादव, देव चौबे सहित अन्य पुलिस कर्मी और प्रधान मौजूद रहे।

## बैराठ में गौरी महादेव का हुआ श्रृंगार, सजाया गया शिवलिंग

**चहनियां।** क्षेत्र के बैराठ में महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर गौरी शंकर महादेव मंदिर में आयोजन किया गया। इस मंदिर को उज्जैन के महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग की तर्ज पर अद्भुत रूप से सजाया गया। मध्य रात्रि में आरती का आयोजन हुआ, जिसमें श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी पड़ी। भक्ति और आरती की अनूठी छटा इस विशेष आयोजन में मंदिर प्रांगण ढोल-नगाड़ों की गूंज से गूंजायमान हो उठा। आरती के समय पूरा वातावरण हर-हर महादेव के जयकारों से भर गया। आरती के दौरान शिवलिंग को दूल्हे की तरह विधिवत रूप से दिव्य श्रृंगार किया गया, जो श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बना। भक्तों का उत्साह और बढ़ गया। मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं ने पारंपरिक वेशभूषा में भजन-कीर्तन कर अद्भुत आध्यात्मिक माहौल बनाया। श्रद्धालुओं का उमड़ा जनसैलाब महाशिवरात्रि के इस विशेष आयोजन में हजारों श्रद्धालु पहुंचे और भगवान शिव के दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित किया। भक्तों ने रुद्राभिषेक, दुग्धाभिषेक और विशेष अनुष्ठान में भाग लेकर महादेव की कृपा प्राप्त करने के लिए पूजा-अर्चना की। पूरा माहौल शिवमय हो गया और श्रद्धालुओं ने अपनी श्रद्धा और आस्था के साथ शिव आराधना की।मंदिर के पुजारी फलहारी बाबा, शरदचंद यादव, जितेंद्र यादव, अभय यादव सबिंदर यादव राजेंद्र गिरी चंदन गुप्ता, प्रदीप राय, संतोष पांडेय, रविशंकर यादव की ओर से श्रद्धालुओं के लिए विशेष रुद्राभिषेक, महामृत्युंजय जाप और भजन संध्या का आयोजन किया गया। वहीं आरती के बाद महाप्रसाद का वितरण हुआ, जिसमें भक्तों ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य अर्जित किया।

## पैसे के लेन-देन को लेकर मारपीट, तीन घायल

**बबुरी।** क्षेत्र के पांडेयपुर बाजार में गुरुवार की दोपहर तालाब की पट्टे के पैसों के लेन-देन को लेकर कुछ लोगों ने दूसरे पक्ष के तीन लोगों को लाठी डंडे और चौन से मारपीट कर बुरी तरह घायल कर दिया। जिसपर पीड़ित पक्ष ने बबुरी थाने में पहुंच कर तहरीर दी। जानकारी के अनुसार चंदाइत गांव स्थित तालाब के पट्टे में सिकंदरपुर रतरांव गांव निवासी अम्बिका बिन्द के साथ चंदाइत गांव निवासी भरत सोनकर की हिस्सेदारी है। मछली पालन व पट्टे के हिस्सेदारी के तौर पर भरत ने अम्बिका को तीन लाख बत्तीस हजार रुपए दिए थे। बाद में अम्बिका, अनुबंध को तोड़ कर भरत को हिस्सेदारी देने से मना करने लगा जिसपर भरत अपने पैसे वापस मांग रहा था। गुरुवार की दोपहर भरत किसी काम से पांडेयपुर बाजार गया हुआ था, कि उसी समय अम्बिका भी वहीं पहुंच गया। भरत ने पैसे का तकाजा किया तो दोनों में बहस होने लगी। बहस बढ़ते बढ़ते मारपीट में बदल गयी। इस बीच मारपीट की खबर सुनकर भरत के परिजन बाजार आ पहुंचे और बीच बचाव करने लगे तब तक दुसरे पक्ष के लोगों ने पहुंच कर लाठी डंडे से सभी पर वार कर दिया। घटना में भरत सोनकर, राजू सोनकर तथा रोहित सोनकर बुरी तरह घायल हो गये। स्वजन ने घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया जहां उनका इलाज चल रहा है।

## बॉलीवुड न्यूज

### एंड पिक्चर्स लेकर आ रहा है धमाकेदार ऐक्शन थ्रिलर 'वेदा'



**मुंबई ।** जॉन अब्राहम और शरवरी आपको एक ऐसे सफर पर ले जाने के लिए तैयार हैं, जहां हर पल में धड़कनें तेज हो जाएंगी। एंड पिक्चर्स पर देखिए 'वेदा' का प्रीमियर शुक्रवार, 28 फरवरी को रात 10 बजे। यह सिर्फ एक एक्शन ड्रामा नहीं, बल्कि इंसाफ, हौंसले और सच्चाई की लड़ाई है। डायरेक्टर निखिल आडवाणी की इस दमदार फिल्म को जी स्टूडियोज, एम्मे एंटरटेनमेंट और जेए एंटरटेनमेंट ने प्रोड्यूस किया है। फिल्म में जॉन अब्राहम की असरदार मौजूदगी, शरवरी का संजीदा अंदाज और अभिषेक बनर्जी, तमन्ना भाटिया और आशीष विद्यार्थी का बेहतरीन अभिनय देखने को मिलेगा। सच्ची घटनाओं से प्रेरित वेदा एक संघर्षशील दलित लड़की की कहानी है, जो जातिगत अन्याय और अपराधों के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद करती है। एंड पिक्चर्स हमेशा से अपने दर्शकों को ऐसे किस्से सुनाता आया है, जो सोचने पर मजबूर करें, हिम्मत दें और दिलों को छू जाएं। 'वेदा' भी ऐसी ही कहानी है, जो आपको जोश से भर देगी और नई चर्चा छेड़ देगी। डायरेक्टर निखिल आडवाणी ने कहा, "जॉन और मैं हमेशा ऐसी कहानियां कहना चाहते हैं, जो असरदार हों और लोगों के दिलों को छू जाएं। 'वेदा' में हमने एक ऐसी कहानी पेश की है, जो समाज की कड़वी सच्चाइयों को उजागर करती है, लेकिन साथ ही साथ उम्मीद की रोशनी भी दिखाती है। फिल्म इमोशन्स, एक्शन और गहरा संदेश पेश करती है। हर एक्टर ने अपने किरदार में जान डाल दी है और अब मैं बेसब्री से इसके प्रीमियर का इंतजार कर रहा हूं।

### 'सेलिब्रिटी मास्टरशेफ' के जजों को कर दिया हैरान




मुंबई । सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन का सेलिब्रिटी मास्टरशेफ लगातार रोमांचक कुकिंग चैलेंजेस के साथ दर्शकों का मनोरंजन कर रहा है। इस बार प्रतियोगियों को एक नया और अनोखा टास्क दिया गया। इटली वाया इंडिया! चुनौती यह थी कि उन्हें इटली के झंडे के किसी एक रंग को दर्शाने वाली डिश बनानी थी—वह भी सिर्फ 90 मिनट में। सेलिब्रिटी कुक तेजस्वी प्रकाश ने सफेद रंग को चुना और पूरे दिल से एक खास रिसोट्टो तैयार किया। जज शेफ रणवीर बरार ने पहला निवाला लिया और उससे पूछा, "जब आपने इसे चखा, तो क्या आपको अपनी माँ की याद आई? क्या आप उन भावनाओं को इस डिश में उतारने में सफल हुईं?" इसके बाद उन्होंने नाटकीय अंदाज में चम्मच टेबल पर बजाया और कहा, "यह आपकी अब तक की सबसे बेहतरीन डिश है। आश्चर्य यहीं खत्म नहीं हुआ—जज फराह खान इतनी प्रभावित हुईं कि उन्होंने तेजस्वी का हाथ चूमकर उनकी तारीफ की। उन्होंने कहा, "यह अब तक का सबसे बेहतरीन रिसोट्टो है, जो मैंने खाया है।

### इंतजार खत्म,सलमान खान के 'सिकंदर' का टीजर रिलीज



**मुंबई।** इंतजार हुआ खत्म! आखिरकार सिकंदर का मच अवेटेड टीजर रिलीज हो चुका है, और ये बिल्कुल वैसा ही है जैसा फैंस उम्मीद कर रहे थे बल्कि सच कहा जाए तो उससे भी ज्यादा दमदार है। सलमान खान अपनी फुल फॉर्म में नजर आ रहे हैं, उनके साथ रश्मिका मंदाना की जोड़ी भी एकदम फ्रेश लग रही है। फिल्म को साजिद नाडियाडवाला ने प्रोड्यूस किया है और डायरेक्टर ए.आर. मुरुगादॉस ने इसे जबरदस्त अंदाज में पेश किया है।टीजर में एक्शन का तड़का, दमदार डायलॉग्स और इमोशंस की सही खुराक मिल रही है, जो फैंस को सीट से हिलने नहीं देगी। पहले ही सीन से सिकंदर आपको पकड़ लेता है! सलमान खान की दमदार स्क्रीन प्रेजेंस एक अलग ही लेवल पर है—उनके जबरदस्त डायलॉग्स और धुआंधार एक्शन सीक्वेंस देख आप सीट से उछल पड़ेंगे। भाई की एनर्जी, जबरदस्त बैकग्राउंड स्कोर के साथ मिलकर एक ऐसा माहौल बनाती है, जो रोंगटे खड़े कर दे। ये फिल्म सिर्फ एक एक्शन एंटरटेनर नहीं, बल्कि एक ऐसा एक्सपीरियंस होने वाला है जो सालों तक याद रखा जाएगा। ये टीजर एक धमाकेदार एक्शन, जबरदस्त ड्रामा और इमोशनल गहराई से भरी कहानी का वादा करता है, जो सिकंदर को 2025 की सबसे ज्यादा इंतजार की जाने वाली फिल्मों में से एक बना रहा है। सलमान खान, साजिद नाडियाडवाला और ए.आर. मुरुगादॉस की तिकड़ी किसी ड्रीम टीम से कम नहीं, और टीजर साफ दिखाता है कि ये फिल्म हर मायने में गेम-चेंजर साबित होने वाली है।



महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर ब्रह्म कुमारी विश्वविद्यालय उपकेंद्र, गोरारी (खेतासराय) में भव्य आयोजन किया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने श्रद्धा और भक्ति के साथ शिव जयंती का उत्सव मनाया।

# जौनपुर



# कंटेनर का टायर फटने से लगी आग, लाखों का सामान जला

जनसंदेश न्यूज

**खुटहन।** बनुआडीह गांव में शाहगंज वाया प्रयागराज मार्ग पर गुरुवार की भोर सामान लोड कर जा रहे कंटेनर के पीछे का टायर फट जाने से आग लग गई। आग की उठती लपटें देख चालक वाहन से कूदकर अपनी जान बचाई। कंटेनर सहित उस पर लदा बजाज कंपनी का लाखों की कीमत का आटो पाट्र्स जल गया। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने आग बुझाई।



इसी थाना क्षेत्र के दरना गांव निवासी रिंकू यादव कंटेनर का चालक है। वह नागपुर से आटो पाट्र्स लोड कर नेपाल जा रहा था। रात में उक्त बाजार के पास अचानक पिछला टायर तेज आवाज के साथ फट गया। वह गाड़ी रोक रहा था कि टायर में आग लग गई। वह वाहन से कूदकर आग पर पानी फेंक बुझाने का प्रयास करता रहा लेकिन आग बढ़ती हुई पीछे ट्राली में लदे सामानों तक पहुंच गई। कागज और दफ्ती के बंडलों में पैक किया गया सामान भी धू-धू कर जलने लगा। मौके पर फायर ब्रिगेड की टीम आने तक लाखों का सामान जल गया। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

# फांसी पर लटकती मिली छात्रा की लाश

**दुःखद**

**लाइन बाजार थाना क्षेत्र के कन्हैपुर गांव का मामला**

**जौनपुर।** नगर के लाइन बाजार थाना क्षेत्र के पुलिस लाइन के निकट कन्हैपुर गांव निवासी बीए की छात्रा ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दुपट्टे के सहारे लटकती छात्रा की लाश को नीचे उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

बताया जाता है कि जलालपुर थाना क्षेत्र के बहरीपुर गांव निवासी चंद्रभान यादव की 20 वर्षीया पुत्री कुमारी चंचल यादव पुलिस लाइन के बगल मोहल्ले में किराए का कमरा लेकर पढ़ाई किया करती थी। गुरुवार सुबह काफी देर बाद यह जानकारी हुई की छात्रा की लाश कमरे में दुपट्टे के सहारे फांसी पर लटकी हुई है। देखते ही देखते वहां आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई। कुछ ही देर बाद घटना की जानकारी होते ही लाइन बाजार पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने छात्रा की लाश को फांसी के फंदे से उतारकर लाश को अपने कब्जे में ले लिया। मौके पर स्थानीय लोगों की भीड़ काफी देर तक लगी हुई थी। इसी बीच पुलिस द्वारा मृतक छात्रा के परिजनों को यह जानकारी दी गई। जानकारी मिलते ही परिजन मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने मौत का सही कारण पता लगाने के लिए लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। चंचल यादव पढ़ने के लिए किराए का कमरा लेकर रह रही थी और वह बीए की छात्रा थी। उसके फांसी पर लटकने का कारण अब तक पता नहीं चल सका है। पुलिस मामले की छानबीन करने में जुटी हुई है।

## संक्षेप

### ब्रह्मकुमारी संगठन ने धूमधाम से मनाई महाशिवरात्रि

**खेतासराय।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर ब्रह्म कुमारी विश्वविद्यालय उपकेंद्र, गोरारी (खेतासराय) में भव्य आयोजन किया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने श्रद्धा और भक्ति के साथ शिव जयंती का उत्सव मनाया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रबन्धक अनिल उपाध्याय व व्यापार मण्डल के नगर अध्यक्ष संजय विश्वकर्मा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन और शिव वंदना के साथ किया। संस्था से जुड़े सदस्यों ने शिव महिमा का वर्णन किया और ईश्वरीय ज्ञान पर आधारित प्रवचन दिए। इस अवसर पर श्री उपाध्याय ने कहा कि महाशिवरात्रि आत्मा के परमात्मा से मिलने का दिव्य अवसर है, जहां हम आत्मिक शुद्धता और आध्यात्मिक उन्नति के मार्ग पर आगे बढ़ सकते हैं। भक्तों ने शिव ध्वज फहराकर ईश्वरीय सत्ता के प्रति अपनी आस्था प्रकट की। आयोजन में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग शामिल हुए और उन्होंने शिव जयंती का पुण्य लाभ प्राप्त किया। संस्थान के पदाधिकारियों ने शिवरात्रि के महत्व को समझाते हुए कहा कि यह पर्व केवल एक परंपरा नहीं, बल्कि आत्म-जागृति और सद्गुणों को अपनाने का संदेश देता है। अंत में प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस अवसर पर ब्रह्म कुमारी रूही, रुचि, सुनीता, गौरी, सुषमा, अजीत, नारायण, डॉ. जगदीश समेत आदि लोग उपस्थित रहे।

### चन्द्रशेखर आजाद की पुण्यतिथि पर दी गई श्रद्धांजलि



**सुइथाकला।** गुरूवार को क्षेत्र के तमाम विद्यालयों में स्वतंत्रता संग्राम के अमर बलिदानी चन्द्रशेखर आजाद की पुण्यतिथि पर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान प्रार्थना सभा में उनकी अमर गाथा से बच्चों को अवगत कराया गया। इस कड़ी में प्रार्थना सभा के दौरान क्षेत्र के कम्पोजिट विद्यालय रामनगर और भरारी में क्रमशः प्रभारी प्रधानाध्यापक देवेन्द्र कुमार सिंह व नरेन्द्र बहादुर सिंह के नेतृत्व में एक गोष्ठी आयोजित की गई जिसमें अमर बलिदानी चन्द्रशेखर आजाद की प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्पार्चन कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। तत्पश्चात विद्यालय के गुरूजनों के द्वारा उनके अमर गाथा से बच्चों को अवगत कराया गया। तत्पश्चात लोग शिक्षण कार्य में लग गए। इस दौरान शिक्षक सन्तोष यादव, मुन्नीलाल,बेचन राम, रेणुका, पूनम, विद्या, अजय, अनिल व अमरनाथ समेत बच्चे और बच्चियों मौजूद रही।

### अपोलो जेएनएम अस्पताल नए भवन में स्थानांतरित



**मछलीशहर।** नगर में एक दशक से संचालित अपोलो जेएनएम अस्पताल अब नवनिर्मित भवन में स्थानांतरित हो गया है। वृहस्पतिवार को पूर्व विधायक सुषमा पटेल और ब्लाक प्रमुख गोपेश यादव ने फीता काटकर नए भवन में प्रवेश किया। उक्त अवसर पर पूर्व विधायक सुषमा पटेल ने लोगो को सम्पूर्ण सुविधा एक छत के नीचे देने के लिए अस्पताल संचालक को बधाई दी है। ब्लाक प्रमुख गोपेश यादव ने भी अपने संबोधन में क्षेत्रवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा देने वाले अस्पताल संचालक को बधाई दी है। उक्त अस्पताल के संचालक दिनेश कुमार पटेल ने बताया कि अस्पताल में अब एक छत के नीचे लोगो को सभी सुविधा बेहतर तरीके से मुहैया कराई जाएगी। उक्त अस्पताल इससे पहले कृपाशंकर नगर में किराए के मकान में चल रहा था। कार्यक्रम में मुम्बई से आए उद्योगपति राजेश यादव, बड़ेलाल के अलावा बड़ी संख्या में आशा स्वास्थ्य कर्मी, डाक्टर, ग्राम प्रधान, बीडीसी और क्षेत्र के गणमान्य लोग शामिल हुए।

### राम जानकी मंदिर पर भजन संध्या कार्यक्रम का आयोजन

**जंघई।** राम जानकी मंदिर कुटी पर बुधवार देर शाम को एक भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और उन्होंने भजनों का आनंद लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ राम जानकी मंदिर कुटी के महंत चंद्रमा दास महाराज ने किया। कार्यक्रम संचालन विजय कृष्णा यादव केन्द्रीय विद्यालय शिक्षक ने किया। इस मौके पर सुभाष सिंह ने अपनी सुंदर प्रस्तुति से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस कार्यक्रम में चंद्रमदास महाराज, वीरेंद्र यादव, अखिलेश यादव, अरुण यादव, किशन पाठक, आकाश सिंह, रोहित तिवारी, हरिशंकर यादव, बच्चन मिश्रा, अखिलेश मिश्रा सहित कई अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

### 20 फीट नाले में गिरी सीमेंट लदी डीसीएम

**मुफ्तीगंज।** केराकत कोतवाली थाना क्षेत्र के मुफ्तीगंज नाले में सीमेंट से भरी डीसीएम 20 फीट नाले में पलट गयी। बनारस से सीमेंट लादकर जौनपुर लेकर जा रही डीसीएम के ड्राइवर को भोर में झपकी आ गयी। ट्रेलर को बचाने में 20 फीट नाले में पलट गयी लेकिन ड्राइवर बाल बाल बच गया। सीमेंट की बोरी फट जाने से कई हजार रुपए का सीमेंट खराब हो गया।

### सुधाकर सिंह फाउंडेशन ने 100 मरीजों का कराया निःशुल्क इलाज

**गौराबादशाहपुर।** सुधाकर सिंह फाउंडेशन महाविद्यालय जौनपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना विशेष शिविर के पंचम दिवस के अवसर पर एक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की टीम ने आए हुए मरीजों की जांच कर दवाएं दी। इससे पहले प्रधान राहुल कुमार सिंह ने फीता काटकर स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य के अतिरिक्त प्राध्यापक और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक एवं महिलाएं उपस्थित रहीं।

### सब्जी नर्सरी संबंधी जानकारी से अवगत हुए अनुसूचित किसान

**सुइथाकला।** गुरुवार को विकास खण्ड अन्तर्गत नरवारी गांव में अनुसूचित उप परियोजना के तहत क्षेत्र के अनुसूचित जाति के किसानों को सब्जी की नर्सरी संबंधी जानकारी से अवगत कराया गया। इस दौरान लगभग 30 किसानों में कोल्ड ट्रे और वर्मी पिट का वितरण किया गया। कृषि विज्ञान केन्द्र बक्शा द्वारा नरवारी गांव के किसान राघवेन्द्र शुक्ल के आवास पर गुरुवार को एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। बतौर विशेषज्ञ बक्शा से आए उद्यान वैज्ञानिक राजीव कुमार सिंह द्वारा कम जगह में सब्जी की खेती कार्य सफलतापूर्वक किस उच्च तकनीक से किया जाय उसके गुणों को किसानों के बीच साझा किया गया। साथ ही उन्होंने बताया कि सब्जी की खेती जमीन की अपेक्षा कोल्ड ट्रे में सुगमता से की जाती है। इस दौरान पंजीयन कराए कुल 30 किसानों में से 25 किसानों को कोल्ड ट्रे और शेष को वर्मी पिट का वितरण किया गया। इस दौरान शैलेश, कौशलेंद्र, राहुल, रोशन, प्रवीण समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

# कुटीर पीजी कॉलेज में रोवर्स रेंजर्स प्रशिक्षण शिविर का समापन



जनसंदेश न्यूज

**पराऊगंज।** रोवर्स-रेंजर्स पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का भव्य समापन समारोह आयोजित किया गया। शिविर के दौरान रोवर्स-रेंजर्स प्रभारी आलोक कुमार प्रजापति एवं डॉ. प्रियंका उपाध्याय ने मुख्य अतिथि एवं सहयोगी प्राध्यापको का स्वागत किया और उन्हें शिविर का अवलोकन कराया।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. राघवेन्द्र कुमार पाण्डेय ने निरीक्षण किया और प्रतिभागियों की उत्कृष्ट तैयारियों की सराहना की। सांस्कृतिक कार्यक्रमों से सजी शाम समापन समारोह में छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिससे माहौल उल्लासमय हो गया। इस दौरान राकेश मिश्र जिला संगठन आयुक्त एवम रोहित प्रशिक्षक के रुप में शिविर संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर डा. पूनम सिंह, डा. वंदना मिश्र, डा. रागिनी अनामिका सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# तीन वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार

जनसंदेश न्यूज

**बदलापुर।** सिंगरामऊ पुलिस टीम ने क्षेत्र के जगदीशपुर से तीन वारण्टी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय भेज दिया है। बताते चले कि पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ द्वारा चलाए जा रहे वांछित वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत क्षेत्राधिकारी प्रतिमा वर्मा के कुशल पर्यवेक्षण में सिंगरामऊ थानाध्यक्ष यजुवेन्द्र कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने उपनिरीक्षक राम सेवक यादव अपनी पुलिस टीम के साथ गिरफ्तारी की है।

उक्त गिरफ्तारी अपर मुख्य न्यायायिक मजिस्ट्रेट जौनपुर चतुर्थ द्वारा निर्गत वारण्ट मुकदमा संख्या 768/19 बनाम पाँचूराम निषाद के तहत की गई, जिसमें धारा 323/504/325 भादवि के तहत आरोप में अभियुक्त पांचू राम निषाद, जगन्नाथ निषाद और हरिदत्त निषाद शामिल हैं। पुलिस ने उक्त सभी अभियुक्तों को उनके घर के सामने से गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही कर रही है।

# एनएसएस से शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक विकास होता हैः डॉ. राबिन

**जौनपुर।** मोहम्मद हसन पीजी कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर के पांचवें दिन का आयोजन डॉ. अबू मोहम्मद आईटीआई परिसर में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता आरपी सिंह ने की। कार्यक्रम के प्रथम चरण में मुख्य अतिथि डॉ. अनुराग मिश्रा एवं विशिष्ट अतिथि डॉ. प्रभाकर सिंह, डॉ. जान्हवी श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

द्वितीय चरण के मुख्य अतिथि वरिष्ठ पत्रकार सुजीत शुक्ला और विशिष्ट अतिथि पत्रकार रुद्र प्रताप सिंह थे। इसके अतिरिक्त, कृष्णा हार्ट केयर के चिकित्सा हड्डी विशेषज्ञ डॉ. राबिन सिंह ने भी स्वास्थ्य एवं फिटनेस के महत्व पर विचार साझा किए। अतिथियों ने अपने संबोधन में कहाकि राष्ट्रीय सेवा योजना युवाओं में देश सेवा, सामाजिक उत्तरदायित्व और नेतृत्व क्षमता विकसित करने का एक सशक्त माध्यम है। एनएसएस के माध्यम से विद्यार्थी न केवल समाज सेवा की भावना को आत्मसात करते हैं, बल्कि वे शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक रूप से भी सशक्त होते हैं।



कार्यक्रम में छात्राओं ने सरस्वती वंदना और देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति दी, जिससे समूचे वातावरण में उत्साह और ऊर्जा का संचार हुआ। इस अवसर पर सभी अतिथियों का बुके, पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र और स्मृति चिह्न देकर सम्मान किया गया।

कार्यक्रम का संचालन अहमद अब्बास खान ने किया। इस अवसर पर डॉ. जीवन यादव, डीएलएड प्रभारी आरपी सिंह, डॉ. ममता सिंह, डॉ अनिरुद्ध सिंह, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राकेश कुमार बिंद, डॉ. विवेक विक्रम सिंह, डॉ. नीलेश सिंह, डॉ. अमित जायसवाल, डॉ. प्रेमलता गिरी, डॉ. आकांक्षा श्रीवास्तव, डॉ. अंकिता श्रीवास्तव प्रवीण यादव सहित कई शिक्षाविद् एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इसके अलावा सुमित, हर्ष, आंचल, स्नेहा, श्रेया, खुशी, एकता, राजन, अंशुमान सहित सैकड़ों स्वयंसेवकों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों ने युवाओं से समाज सेवा में सक्रिय भूमिका निभाने और राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि एनएसएस जैसी योजनाएँ विद्यार्थियों को समाज के प्रति जागरूक और जिम्मेदार नागरिक बनने की प्रेरणा देती हैं।

# तिलकधारी स्नातकोत्तर महाविद्यालय के संस्थापक दिवस पर मेधावी हुए सम्मानित

**जौनपुर।** तिलकधारी स्नातकोत्तर महाविद्यालय के बलरामपुर सभागार में वृहस्पतिवार को संस्थापक दिवस समारोह मनाया गया। इस अवसर पर अनेक गणमान्य लोगों ने संस्थापक स्वनामधन्य स्वर्गीय ठाकुर तिलकधारी सिंह की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें सादर नमन किया।



इस मंगल अवसर पर महाविद्यालय के प्रबंधक राघवेंद्र प्रताप सिंह एवं अध्यक्ष प्रबंध समिति मत्स्य वैज्ञानिक प्रोफेसर श्रीप्रकाश सिंह ने सभी संकायों के स्नातक तथा स्नातकोत्तर कक्षाओं के सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र एवं छात्राओं को गोल्ड मेडल और प्रशस्ति पत्र से पुरस्कृत किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उनका उत्साह वर्धन किया और आशीर्वचनों से अभिसिंचित किया। महाविद्यालय के प्राचार्य कृषि अर्थशास्त्री कैप्टन (प्रोफेसर) ओपी सिंह ने कार्यक्रम में पधारे हुए गणमान्य अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। प्रोफेसर श्रद्धा सिंह और डॉ. माया सिंह के कुशल निर्देशन में छात्र-छात्राओं ने अनेक मनोहारी सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम का संचालन प्रोफेसर सुषमा सिंह ने किया। आभार प्राचार्य कैप्टन (प्रोफेसर) ओपी सिंह ने किया। इस अवसर पर प्रो. अरुण कुमार सिंह प्राचार्य, प्रो. आलोक कुमार सिंह प्राचार्य, पूर्व प्राचार्य प्रो. समर बहादुर सिंह, मुख्य अनुशास्ता प्रो. विजय कुमार सिंह, प्रो. धर्मेंद्र कुमार सिंह, प्रो. हिमांशु सिंह तथा डॉ. शैलेंद्र सिंह के साथ महाविद्यालय के सभी संकायों के विद्वान प्राध्यापक, विदुषी प्राध्यापिकाएं तथा समस्त कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

# मनबढ़ युवक ने पिता और भाई को पीटकर किया घायल

**जफराबाद।** क्षेत्र के उत्तरगावा गांव में गुरुवार को एक मनबढ़ युवक ने पिता व भाई को लाठी डंडे से पीटकर घायल कर दिया। सूचना पर जब मौके पर पुलिस पहुंची तो उक्त आरोपी युवक घर से फरार हो गया। उक्त गांव निवासी प्रमोद बनवासी मामूली पारिवारिक विवाद को लेकर अपने पिता जेठू बनवासी को मारने पीटने लगा। बीच बचाव करने आये भाई सदाबृज को भी गाली-गलौज देते हुए लाठी डंडे से पीट दिया जिससे जेठू (57 वर्ष) व सदाबृज (25 वर्ष) चोटिल हो गए। पीड़ितों ने घटना की सूचना डायल 112 पुलिस को दिया। पुलिस ने दोनो घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए चिकित्सालय भेजवाया।

# गुमटी से खुलेआम बिक रहा है गांजा



**जलालपुर।** स्थानीय थाना क्षेत्र में इन दोनों खुलेआम गांजा बिक्री का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो जलालपुर-मड़ियाहूं मार्ग पर स्थित पुरेव गांव का बताया जा रहा है। बताया गया कि अवैध रूप से गांजे की बिक्री एक गुमटी की दुकान से बेखौफ जारी है। चौंकाने वाली बात यह है कि यह नशीला पदार्थ एक इंटर कॉलेज और डिग्री कॉलेज से मात्र चार सौ मीटर की दूरी पर खुलेआम बेचा जा रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार, गांजा आसानी से उपलब्ध होने के कारण गांव के युवाओं के साथ-साथ स्कूली छात्र भी इस खतरनाक लत के शिकार हो रहे हैं। ग्रामीणों ने कई बार इस अवैध कारोबार के खिलाफ आवाज उठाई, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। गांव के कुछ जागरूक नागरिकों ने इस अवैध कारोबार का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर साझा कर दिया, जो तेजी से वायरल हो रहा है। आक्रोशित ग्रामीणों की मांग है कि प्रशासन जल्द से जल्द सख्त कार्रवाई करे और इस अवैध व्यापार पर पूरी तरह रोक लगाए।

# श्री शिव मंदिर का 42वां वार्षिकोत्सव संपन्न

**जफराबाद।** स्थानीय कस्बे के नासही मोहल्ले में टैक्सी स्टैण्ड के पास स्थित श्री शिव मंदिर का 42वां वार्षिकोत्सव एवं महाशिवरात्रि का पर्व गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी बुधवार को सुंदरकांड पाठ, भजन-कीर्तन व भण्डारे के आयोजन के साथ आयोजक प्रेम चन्द्र प्रजापति द्वारा धूमधाम से मनाया गया।

उक्त शिव मंदिर पर सुबह स्थानीय भक्तों के द्वारा जलाभिषेक व पूजा पाठ किया गया। सायं 7 बजे से श्रीमद् हनुमान चालीसा पाठ एवं सुन्दर काण्ड पाठ, भजन कीर्तन व भण्डारे का आयोजन हुआ। भजन-कीर्तन का समापन प्रातः 5 बजे बजरंगबली एवं भगवान शिव की आरती व प्रसाद वितरण के साथ हुआ। भजन कीर्तन के कार्यक्रम में पूर्वांचल के मशहूर गायक विवेक मिश्र ₹वरदान₹ ने एक से बढ़कर एक शिव भजन प्रस्तुत कर जलवा बिखेर दिया। क्षेत्रीय कीर्तनकार



शिव प्रकाश मास्टर, प्रेमचन्द बेनबंशी, राजेन्द्र साहू, फुलारे राम प्रजापति, ज्ञान प्रकाश साहू ₹ग्यानू₹ नीरज मौर्य, सूर्यम मोदनवाल आदि ने शिव के लीलाओं पर आधारित भजन पेश कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया गया। कार्यक्रम में आये हुए भक्तों व कीर्तनकारों का स्वागत प्रेमचन्द प्रजापति के द्वारा तथा आभार प्रकट उनके सुपुत्र व पत्रकार बृजनन्दन स्वरूप द्वारा किया गया। इस मौके पर डा. राधेश्याम प्रजापति, तेज बहादुर गिरी एडवोकेट, बद्रीनारायण श्रीवास्तव, डा. राममूरत, राजकेशर एडवोकेट, सुनील प्रजापति, प्रमोद बरनवाल, प्रकाश रंजन श्रीवास्तव, कुलदीप श्रीवास्तव, विजय कुमार, अनुपम गिरी, अशोक चौरसिया, मनीष साहू, सुरेश गुप्ता, विकास सेठ, बसावन अग्रहरि, उमाकांत गिरी सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# साक्षात्कार के दौरान बॉडी लैंग्वेज का भी होता है मूल्यांकन : प्रो. अजय प्रताप



**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के केंद्रीय ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट सेल द्वारा गुरुवार को साक्षात्कार के दौरान बॉडी लैंग्वेज विषयक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान के दौरान व्यावहारिक मनोविज्ञान विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर अजय प्रताप सिंह ने प्रतिभागियों को बॉडी लैंग्वेज की विभिन्न बारीकियां से परिचित कराया।

उन्होंने कहा कि किसी भी अभ्यर्थी के लिए संचार कौशल बहुत ही महत्वपूर्ण पहलू है। जब हम साक्षात्कार की प्रक्रिया में सम्मिलित होते है तो हमारे ज्ञान के साथ-साथ हमारे बॉडी लैंग्वेज का भी मूल्यांकन होता है। उन्होंने कहा कि बॉडी लैंग्वेज की साक्षात्कार में महत्वपूर्ण भूमिका है। कंपनियां साक्षात्कार के दौरान कई बॉडी लैंग्वेज के विशेषज्ञों को साक्षात्कार टीम में विशेष रूप शामिल करती हैं जो आपको बारीकी से देखते हैं। उन्होंने कहा कि साक्षात्कार के दौरान आई कॉन्टेक्ट का बहुत बड़ा महत्व है जब भी आप इंटरव्यू दे रहे हो तो सभी बोर्ड मेंबर के तरफ देखकर धैर्य के साथ जवाब देना चाहिए। केंद्रीय ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट सेल के निदेशक प्रोफेसर अविनाश पाथर्डीकर ने प्रो. अजय प्रताप सिंह का स्वागत किया एवं विषय के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर विभिन्न संकायों के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# राजनीति के लिए सनातन को बदनाम कर रही सपा : अरविंद

जनसंदेश टाइम्स

**मुंगराबादशाहपुर।** समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने राजनीति के चक्कर में आस्था का महाकुंभ व सनातन को बदनाम करने का काम किया है जिनको प्रदेश की जनता कभी माफ नहीं करेगी। ये बातें पकड़ी मोहल्ला में सुहेलदेव भारतीय समाजवादी पार्टी के युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष रूद्र राजन राजभर के आवास पर कार्यकर्ताओं की बैठक में राष्ट्रीय महासचिव व पूर्व मंत्री अरविंद राजभर ने कही।

उन्होंने आगे कहा कि विश्व भर के लोगों ने प्रयागराज महाकुंभ में आस्था की जहां डुबकी लगाई वहीं सपा को महाकुंभ में कमियां ही कमियां देखने को मिली। सपा पर तंज कसते हुए कहा कि सपा वालों ने हमारी पार्टी का उपयोग किया। आगामी चुनाव में हम सपा को हराने का स्वाद चखाने का काम करेंगे। अरविंद राजभर ने बताया कि आगामी विधानसभा चुनाव में आजमगढ़ की 10 विधानसभा सीटों पर सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के विधायक होंगे।



आजमगढ़ में युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष रूद्र राजन राजभर के नेतृत्व में हजारों युवाओं का संगम हुआ था। वह केवल ट्रेलर था अभी पिक्चर बनाना बाकी है। बैठक के पूर्व युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष रुद्र राजन राजभर के नेतृत्व कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय महासचिव अरविंद राजभर का स्वागत किया। इस दौरान तुसार सिंह, अंकित पाण्डेय, अखिलेश मौर्या, पंकज गुप्ता, साजिद अली, अब्दुल, दीपक राजभर व सुमित आदि लोग मौजूद रहे।

# नगर पालिका के प्रस्ताव के खिलाफ सपा ने किया प्रदर्शन

**आक्रोश**

नगर पालिका में शामिल किए गए 28 गांवों में कोई विकास कार्य न कराने का लगाया आरोप

जनसंदेश न्यूज



**भदोही।** नगर पालिका परिषद भदोही द्वारा प्रस्तावित कर वृद्धि के खिलाफ सहित आठ सूत्रीय समस्याओं को लेकर समाजवादी पार्टी ने गुरुवार को तहसील पर विरोध प्रदर्शन किया व उपजिलाधिकारी भदोही के माध्यम राज्यपाल को ज्ञापन भेजा।

सपा प्रदेश सचिव मोहम्मद आरिफ सिद्दिकी और समाजवादी शिक्षक सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रो. बी पांडेय के नेतृत्व में कार्यकताओं ने प्रदर्शन किया। सपा नेता आरिफ सिद्दीकी ने कहा कि नगर पालिका में शामिल किए गए 28 गांवों में नगर पालिका परिषद द्वारा अभी तक कोई विकास कार्य नहीं कराया गया हैं। इन गांवों में अधिकतर कच्चे रास्ते हैं, जो बरसात में छात्र-छात्राओं और महिलाओं के लिए परेशानी का सबब बनते हैं। सपा नेताओं ने मांग की कि पहले इन मार्गों को ठीक किया जाए, फिर ही गृहकर और जलकर लगाया जाए। नगर पालिका ने कृषि भूमि और अहाते के अंदर खाली जमीन पर नया टैक्स लगाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। सपा नेताओं ने इस पर भी आपत्ति जताई है। राज्यपाल को भेजे ज्ञापन में सपा नेताओं ने मांग किया कि आठ सूत्रीय मांग पत्र पर विचार करते हुए अध्यक्ष नगर पालिका परिषद भदोही द्वारा लाये गये गृहकर, जलकर बढ़ाने व लगाने के काले कानून वाले प्रस्ताव को रद्द किया जाय। इस अवसर पर प्रदीप यादव, हृदय नारायण प्रजापति, शोभनाथ यादव, टोनी मंसूरी, विकास यादव, संजय यादव, सन्तोष यादव, नजरुद्दीन शाह, महफूज आलम आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहें।

## नई तकनीक से बन रही सड़क का डीएम ने किया औचक निरीक्षण



**भदोही।** प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अंतर्गत 1008.56 लाख से नई तकनीक से बन रहे पटरी सहित 9 मीटर चौड़ाई, 5.5 मीटर लेपन का कार्य गरीबी का तारा व बैदाखास घाटमपुर सड़क का गुरुवार को जिलाधिकारी विशाल सिंह ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डीएम ने कार्यदायी संस्था को आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

जिलाधिकारी विशाल सिंह ने बताया कि नई पद्धति से हो रहे सड़क निर्माण में पुरानी सड़क की गिट्टीयों को विकलेयर मशीन से रिसाईकिल कर सीमेंट डालकर कराया जा रहा है। यह सड़क अन्य सड़कों की अपेक्षा लागत कम है और पर्यावरण में इसका कोई नुकसान नही है तथा सड़को को बनने में कम समय लगता है व सड़कों की मजबूती अच्छी है। जिलाधिकारी विशाल सिंह ने अवगत कराया कि एआर थमोर्सेट प्राईवेट लिमिटेड एल पे कैमिकल, द्वारा सीमेन्ट डालने के बाद एफडीआर का कार्य कर पूर्ण कराया जायेगा। 16 दिसम्बर, 2024 से कार्य चालू हुआ है, इन सड़को को 15 दिसम्बर, 2025 तक पूर्ण करने समय दिया गया है। जनपद में कुल 11 सड़क का कार्य 87 करोड़ से कराया जा रहा है। जिलाधिकारी ने एआर थमोर्सेट प्राईवेट लिमिटेड को कड़ा निर्देश दिया कि सड़क कार्य मानक के अनुरूप व गुणवत्तायुक्त व ससमय पूर्ण कराये। इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही क्षम्य नही होगी।

## लूट व छिनैती की घटना में शामिल पांच लुटेरे चढ़े पुलिस के हत्थे




**भदोही।** पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ चलाये जा रहें अभियान के तहत पुलिस ने लूट और छिनैती की वारदातों को अंजाम देने वाले गिरोह का पदार्फाश किया है। नेवादा पेट्रोल पंप के पास से पुलिस ने पांच बदमाशों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस लाइन में प्रेस कांफ्रेंस के दौरान मामलें का खुलासा करते हुए अपर पुलिस अधीक्षक तेजवीर सिंह ने बताया कि आरोपियों के पास से चार एंड्रॉइड मोबाइल, 2500 रुपए और 12 बोर का तमंचा व कारतूस बरामद किए गए हैं। इसके अलावा घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल समेत दो चोरी की बाइक भी बरामद की गई हैं। गिरफ्तार आरोपियों में ललिपुर निवासी ऋषि सरोज, मानपुर निवासी अमित, सनी गौतम, सुरेंद्र गौतम और जौनपुर के रामपुर निवासी दीपक उपाध्याय शामिल हैं। ये बदमाश चौरी थाना क्षेत्र के नगुवा के पास एक बाइक सवार से 2500 रुपए और मोबाइल की छिनैती में शामिल थे। इन्होंने बीरमपुर में आई बारात से भी एक मोटरसाइकिल चोरी की थी। पुलिस के मुताबिक ये बदमाश राहगीरों को तमंचे के बल पर धमकाते और डराते थे। सफलता प्राप्त करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक भदोही अश्वनी त्रिपाठी, उपनिरीक्षक सन्तोष कुमार सिंह, ऐश खान, दिलशाद खान, श्याम जी यादव, कांस्टेबल योगेश कुमार, विष्णु सिंह, निर्मल कुमार ,दीपक आदि शामिल रहें।

## राष्ट्रीय राजमार्ग वहीदा मोड़ के पास कार व स्कॉर्पियो की टक्कर में चार घायल

जनसंदेश न्यूज

**गोपीगंज।** ऊंज थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग वहिदा मोड के पास कार व स्कार्पियो की टक्कर में तीन महिला सहित चार लोग घायल हो गए। घटना के संबंध में बताया जाता है कि लुधियाना पंजाब निवासी आशीष कुमार 40 वर्ष अपनी पत्नी 38 रजनी, मां चंचल 60 वर्ष के साथ प्रयागराज महाकुंभ मे स्नान करने उपरांत वाराणसी जा रहे थे।देर रात वहिदा मोड के पास सड़क के किनारे कार खड़ी थी। इस दौरान पीछे से आ रहे स्कार्पियो चालक ने कार में टक्कर मार दिया। घटना में अशोक कुमार, पत्नी रजनी व मां चंचल के साथ स्कार्पियो सवार शिवकुमारी रेड्डी सिरजई बगलोर कर्नाटक घायल हो गई। घायलो का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कराया गया।

## 44 लाख की लागत से निर्माण कार्य के लिए पालिका अध्यक्ष ने किया भूमि पूजन

**शुभारंभ**

जल निकासी की समस्या को लेकर पालिका अध्यक्ष जितेन्द्र कुमार गुप्ता हैं प्रयत्नशील

जनसंदेश न्यूज



**गोपीगंज।** नगर पालिका परिषद गोपीगंज के अध्यक्ष जितेन्द्र कुमार गुप्ता ने राज्य सेक्टर जल निकासी मद से नगर पालिका के विभिन्न वार्ड वासियों के लिए नालियों के निर्माण की दी सौगात है।

बृहस्पतिवार को पालिका अध्यक्ष जितेंद्र कुमार गुप्ता ने वार्ड नंबर 5 में 24 लाख अठ्ठानवे हजार के लागत से लस्सर पुलिया से छोटी चौराहे तक नाली निर्माण का मंत्रोच्चारण के बीच भूमि पूजन किए। वही वार्ड नंबर 17 में उन्नीस लाख अड़तालिस हजार की लागत से नाली निर्माण पेट्रोल पम्प से डॉक्टर ए एन सिंह तक का भूमि पूजन किया। बताते चले कि दोनो वार्डों में जल निकासी की समस्या पिछले काफी समय से चली आ रही थी।

वार्डवासी नाली की मांग कर रहे थे। जिसे अध्यक्ष जितेंद्र गुप्ता ने संज्ञान में लेते हुए नाली निर्माण का भूमि पूजन कर नव वर्ष पर वार्ड वासियों को सौगात दी। जिसको लेकर वार्डवासियों में हर्ष रहा। इस दौरान वार्ड के सभासद इजहार खान, वार्ड सभासद शाहजहां बेगम, विकास चौरसिया, मिन्हाज खान, रवि प्रकाश पांडे, प्रमोद सिंह, सुधीर सिंह, दयाशंकर, सभासद पति बल्ला मौर्य, मन्नू उमर, मनोज जायसवाल, गोविंद साहू, संजय साहू, बिष्णु पांडे, अचल श्रीवास्तव, विनोद सिंह, जनक यादव, आशीष यादव सहित वार्ड के सम्मानित लोग मौजूद रहे।

## विश्व निर्माण के लिए छात्रों में समर्पण की भावना जरूरी : प्रो. डीडी



**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वाञ्चल विश्वविद्यालय के विज्ञान संकाय में दो दिवसीय विज्ञान दिवस उत्सव के अंतर्गत पहले दिन गुरूवार को विज्ञान में प्रौद्योगिकी पर आधारित विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में साइंस फिक्शन स्टोरी राइटिंग, रंगोली, साइंस क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि के तौर पर प्रोफेसर डीडी दूबे पूर्व कुलपति वीर बहादुर सिंह पूर्वाञ्चल विश्वविद्यालय ने विज्ञान संकाय के सभागार में छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि विश्व निर्माण के लिए हर छात्र के अंदर समर्पण की भावना होनी चाहिए। विश्वविद्यालय को शिक्षा के क्षेत्र में ज्यादा स्वायतता मिलनी चाहिए। छात्रों को विषय और प्रयोगों के प्रति संवेदनशील और गंभीर होना चाहिए। विद्यर्थियों को विचारक की तरह सोचना चाहिए तथा वह अच्छे व्यक्ति बने और प्रयोगशालाओं में होने वाले प्रायोगिक पहलुओं को सिद्धांत से समन्वय स्थापित करना चाहिए। कार्यक्रम के दूसरे विशिष्ट अतिथि वीर बहादुर सिंह पूर्वाञ्चल विश्वविद्यालय के लोकपाल, प्रोफेसर रमेश मणि त्रिपाठी ने विद्यार्थियों के लिए प्रयोगशालाओं की उपयोगिता एवं विकसित भारत के लिए वर्तमान युवा पीढ़ी जो अगले 20 वर्षो में विभिन्न क्षेत्रों में विज्ञान के अनुप्रयोग से कैसे इसका प्रयोग नवाचार में कर सकते हैं उस पर विशेष प्रकाश डाला। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि विश्वविद्यालय को शिक्षा के क्षेत्र में नए प्रयोगों और पाठ्यक्रमों के लिए अधिक स्वायतता मिलनी चाहिए। छात्रों को परिसर के साथ-साथ विभिन्न राष्ट्रीय स्तर के शैक्षणिक संस्थानों में औद्योगिक प्रशिक्षण के रूप में अपने कौशल को बेहतर बनानें के लिए जरूर जाना चाहिये जिससे उनका लाभ आने वाले समय में भारत को विकसित बनाने में अपना योगदान दे सके। कार्यक्रम की रूपरेखा के बारे में आयोजन सचिव डॉ. मनीष कुमार गुप्ता ने बताया और संयोजक, प्रो. राजेश शर्मा संकाय अध्यक्ष ने किया कार्यक्रम की महत्ता और अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. एसपी तिवारी ने तथा धन्यवाद ज्ञापन बायोटेक्नोलॉजी की शोध छात्रा मंजूसा सिंह ने किया। रंगोली प्रतियोगिता में कुल 88 प्रतिभागियों ने भाग लिया और विभिन्न प्रकार के विज्ञान, अंतरिक्ष, महाकुंभ, चंद्रयान, गगनयान, आईपीआर से संबंधित विभिन्न विषयों पर रंगोली बनाए गए जिसका कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर डीडी दुबे एवं प्रोफेसर रमेश मणि त्रिपाठी द्वारा अवलोकन किया गया और विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया। निर्णायक मंडल में डॉ. श्याम कन्हैया, डॉ. सुजीत कुमार चौरसिया एवं डॉक्टर आलोक दास रहे। साइंस फिक्शन स्टोरी में विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालय मोहम्मद हसन एवं शिया कॉलेज, परिसर के रज्जू भैया संस्थान, विधि संस्थान फार्मेसी, इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी संस्थान के कुल 88 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। इस प्रतियोगिता का आयोजन डॉ. विवेक कुमार पांडे को डॉ. दिनेश कुमार ने किया तथा उक्त कार्यक्रम के निर्णायक मंडल में डॉ. मनीष प्रताप सिंह, डॉ. नितेश जायसवाल, डॉ. शशिकांत यादव अपने सहभागिता देते हुए बच्चों का उत्साह सहायक कक्ष डॉ. विवेक कुमार पांडे को डॉ. दिनेश कुमार ने किया। उक्त कार्यक्रम के निर्णायक मंडल में डॉ. नितिन सिंह, डॉ. मनीष प्रताप सिंह, डॉक्टर शशिकांत यादव अपने सहभागिता देते हुए बच्चों का उत्साह वर्धन किया। साइंस क्विज कंपटीशन में कुल 162 प्रतिभागियों ने पंजीकरण कराया और इस कार्यक्रम के निर्णायक मंडल में प्रो. गिरधर मिश्र, डॉ. नितेश जायसवाल एवं डॉ. धर्मेंद्र कुमार रहे तथा विद्यार्थियों का उत्साह वर्धन किया। इस अवसर पर विज्ञान संकाय के आयोजन समिति के शिक्षक डॉ. विवेक पांडे, डॉ. दिनेश कुमार, डॉ. सिपाही लाल, डॉ. संजीत कुमार मौर्य, डॉ. विवेक सिंह, डॉक्टर श्वेता सोनम, डॉ. मारुति प्रसाद, डॉ. राजेश कुमार, डॉ. विजय शंकर पांडे, मिस ईषानी भारती, डॉ. प्रतिमा श्रीवास्तव, डॉ. दीपक कुमार, डॉ. अभिषेक श्रीवास्तव मोहम्मद, डॉ. अभय कुमार श्रीवास्तव मौजूद रहे।

## इकबाल और गालिब की शायरी ने आजादी के मतवालों में किया उर्जा का संचार : नजमुल हसन

**सेमिनार**

उत्तर प्रदेश उर्दू अकादमी लखनऊ व यूनिवर्सल ह्यूमन वेलफेयर सोसायटी के मुशायरे में दिखी भारतीयता की झलक



**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश उर्दू अकादमी लखनऊ व यूनिवर्सल ह्यूमन वेलफेयर सोसायटी की ओर से हिन्दी भवन में मिर्जा गालिब व अल्लामा इकबाल को समर्पित भारतीय एकता पर आधारित सेमिनार व मुशायरे में शायरों ने एक से बढ़कर एक नगमे पढ़े। आयोजक शफकत अब्बास पाशा व शौकत अली के संयोजन में मुशायरे व सेमिनार के मुख्य अतिथि सैय्यद नजमुल हसन 'नजमी' मैनेजर शिया कालेज जेएनपी, विशिष्ट अतिथि तुफैल अंसारी, डॉ. धर्मेन्द्र शैल, डॉ. अलमदार नजर को शॉल ओढ़ाकर व मोमेन्टो देकर सम्मानित किया गया। अहमद निसार की अध्यक्षता व असलम नकवी के संचालन में हुए कार्यक्रम की शुरूआत देशभक्ति गीत से हुई। शायर नायाब बलियावी, शहंशाह सोनवी, हैदर कोरालवी, प्रखर जौनपुरी, अकरम जौनपुरी, वहदत जौनपुरी, डॉ अख्तर सईद, ग्रीश श्रीवास्तव, रजा नाजिम अशरफ उन्नावी, महमूद फूलपुरी, शादाब बनारसी आदि ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। मुख्य सैय्यद नजमुल हसन ने अल्लामा इकबाल को उर्दू और फारसी में इनकी शायरी को आधुनिक काल की सर्वश्रेष्ठ शायरी बताया और प्रसिद्ध कविताओं का ज़िक्र करते हुए याद किया।

अजय कुमार ने अल्लामा इकबाल के देशभक्तिपूर्ण तराना ए हिन्द का ज़िक्र करते हुए सारे जहां से अच्छा हिन्दोस्तां हमारा को पढ़ा। विशिष्ट धर्मेन्द्र शैल ने मिर्जा गालिब का शेर कटी हुई टहनियां कहां छांव देती हैं! हद से ज्यादा उम्मीदें हमेशा घाव देती हैं पढ़कर मिर्जा गालिब को श्रद्धांजलि अर्पित कि। आयोजक शफकत अब्बास पाशा ने 9 नवम्बर 1877 में जन्मे और 1938 में दुनिया से कूच करने वाले अल्लामा इकबाल की फारसी में लिखी शायरी का उल्लेख करते हुए कहा कि ईरान और अफगानिस्तान में इनकी शायरी लोगों में बहुत प्रसिद्ध हुई। कहा मिर्जा गालिब की शायरी कुछ फारसीमय और कठिन अवश्य है लेकिन उसमें कल्पना की जैसी उड़ान व विचारों के जैसी गहराई है। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण असलम नकवी व शहंशाह सोनवी का गालिब व इकबाल का मकालमा का प्रस्तुतिकरण रहा जिसकी श्रोताओं ने जमकर सराहना की। कार्यक्रम में शौकत अली, एसए खान, इफ्तेखार आलम ने आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में 52 समाजसेवियों व अपने अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले योद्धाओं को स्मृतिचिह्न भेंटकर व शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। अंत में अल्लामा इकबाल का मशहूर देशभक्ति गीत सारे जहां से अच्छा पढ़कर खिराज ए अकीदत पेश किया गया। अंत में राष्टगान पढ़कर प्रोग्राम का समापन किया गया।

## संक्षेप

### जन्म प्रमाणपत्र के लिए कई महीने से उपभोक्ता लगा रहे सीएचसी का चक्कर

**मुफ्तीगंज।** स्थानीय विकास खंड के सीएचसी मुफ्तीगंज रामपुर में जन्म प्रमाण पत्र के लिए उपभोक्ता कई महीने से चक्कर लगा रहे है। जानकारी के अनुसार एक व्यक्ति ने बताया कि सितम्बर महीने से सीएचसी का चक्कर लगा रहे हैं और फरवरी बीतने जा रही है अभी तक जन्म प्रमाणपत्र नहीं मिला। कुछ लोग बच्चों का प्रमाणपत्र आशा द्वारा संविदा कर्मी को पैसा देकर प्रमाणपत्र बनवा कर ले जा चुके हैं लेकिन हमारा नहीं मिला। एक उपभोक्ता ने बताया कि जनवरी महीने में उसकी लड़की को बेटा पैदा हुआ था एक महीना बीतने जा रहा है अभी तक जन्म प्रमाण पत्र नहीं मिला। धन उगाही को लेकर क्षेत्र में चर्चा जोरों पर है। सीएचसी के प्रभारी डा. एसके यादव से फोन से हुई वार्ता पर उन्होने बताया कि हमारे संज्ञान में धन उगाही का मामला नहीं आया है यदि हमारे संज्ञान में आता है तो जांच कर उसके खिलाफ कार्यवाही किया जायेगा।

### लापरवाही का खामियाजा भुगत रहे सेमरी के किसान

**जंघई।** क्षेत्र के सेमरी गांव निवासी करीब डेढ़ दर्जन से अधिक किसान राष्ट्रीय राजमार्ग 731बी में अधिग्रहित आराजी नंबर 1033 भूमि का मुआवजा पाने के लिए दर दर भटक रहे हैं। वहीं विभाग के लोगो द्वारा वाईपास निर्माण पर पड़ने वाले हरे आम, नीम, महुआ और बबूल का पेड़ रात में जेसीबी से खोदकर उठा ले जा रहे हैं। परेशान किसान फूलचंद आदि ने बताया कि बुधवार को पैसा न मिलने तक पेड़ काटे जाने पर ठेकेदार से आपत्ति जताई गयी और विरोध किया गया और पूछा गया कि रात में पेड़ क्यों काट लिया गया जिस पर 731 बी निर्माण के कर्मियों द्वारा पुलिस चौकी पर किसानों के विरुद्ध सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न करने की शिकायत कर दी गई। मुआवजा न मिलने के मामले में लेखपाल इंद्रजीत से बात की गई तो उन्होंने बताया कि मेरी फाइल तैयार रखी गई है। एसएलओ ऑफिस से संशोधन लिस्ट 4 माह से नहीं आई है।

### युवती ने युवक पर लगाया छेड़खानी का आरोप

**चंदवक।** क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती ने गांव के ही युवक पर छेड़खानी व अश्लील हरकत करने का आरोप लगाया है। पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल कर रही है। युवती ने पुलिस को दिए गए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया कि गांव का ही प्रीतम आए दिन छेड़खानी व अश्लील हरकत करता रहता है। 19 फरवरी को भी उसने छेड़खानी की और धमकी भी दिया। पुलिस प्रार्थना पत्र का संज्ञान लेते हुए मुकदमा दर्ज कर जांच कर रही है।

### राष्ट्रीय मूट कोर्ट प्रतियोगिता में स्नेहिल राय को मिला बेस्ट रिसर्चर अवार्ड



**जौनपुर।** नगर के शास्त्रीनगर (कालीकुत्ती) मोहल्ला निवासी पत्रकार विद्याधर राय 'विद्यार्थी' व नीतू राय के पुत्र स्नेहिल राय छात्र लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी बीए एलएलबी (द्वितीय वर्ष) को राजस्थान के जयपुर में आयोजित राष्ट्रीय 'मूटकोर्ट' प्रतियोगिता में बेस्ट रिसर्चर अवार्ड मिलने पर परिजनों सहित जनपदवासियों में खुशी की लहर है। आईसीएफएआई यूनिवर्सिटी जयपुर राजस्थान की ओर से श्री एनजे यशस्वी मेमोरियल (तृतीय) मूट कोर्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था जिसमें नेशनल ला यूनिवर्सिटी सहित देश की 64 प्रतिष्ठित ला यूनिवर्सिटी के छात्र छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया गया। जिसमें लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी फगवाड़ा जालंधर (पंजाब) की ओर से स्नेहिल राय ने सहयोगी छात्रा आकांक्षा सराफ और स्नेहा शुक्ला के साथ प्रतिभाग किया। मूटकोर्ट प्रतियोगिता में स्नेहिल राय की टीम ने अंतिम आठ टीमों में अपनी प्रतिष्ठापरक जगह बनाने में कामयाब रही। स्नेहिल राय को बेस्ट रिसर्चर अवार्ड से सम्मानित किया गया। श्री राय को यह सम्मान राजस्थान के अवकाश प्राप्त हाइकोर्ट के जज केसी शर्मा द्वारा प्रदान किया गया। स्नेहिल ने अपनी सफलता का श्रेय लबली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी के फैकेल्टी मेंबर, मेंटोर व मित्रों के साथ ही परिजनों को दिया है। श्री राय की इस उपलब्धि पर दादा विजय बहादुर राय, छोटे दादा, अमर बहादुर राय, बड़े भाई शाश्वत राय 'राज' सीनियर असिस्टेंट प्रोफेसर राजा श्रीकृष्ण दत्त पीजी कालेज, डा. मनोज वत्स, मोहम्मद हसन पीजी कालेज के प्राचार्य डा. अब्दुल कादिर खान, अवकाश प्राप्त प्राचार्य गांधी स्मारक पीजी कालेज बरदह आजमगढ़ डा. देवरुप तिवारी, पूर्व प्राचार्य राज डिग्री कालेज डा. अखिलेश्वर शुक्ला, राजीव राय, रीतू राय, शुभ राय सहित बड़ी संख्या में पत्रकार साथियों खुशी जाहिर किया है।

## संक्षेप

### महाशिवरात्रि पर भोलेनाथ की निकाली गई भव्य बारात

**भदोही।** महाशिवरात्रि के अवसर पर भगवान शंकर की निकाली गई अद्भुत बारात में बाराती बने श्रद्धालुओं के जयकारे से नगर का वातावरण देर रात तक गुंजायमान रहा। शिव बारात की शोभायात्रा पर छतों से पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। बुधवार की देर शाम शहर के मर्यादपट्टी से शिव बारात की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। डीजे व ढोल-तासा से निकल रहे धार्मिक गीत की धुन पर थिरकते शिव बारातियों का काफिला नगर के एक छोर से दूसरे छोर तक गया। फूलों से सुशोभित आकर्षक रथ पर सवार भोलेनाथ की झांकी के साथ अन्य देवी-देवताओं की झांकी नगर के हरि मंदिर, भरत टॉकीज, अजीमुल्लाह चौराहा, लिप्पन तिराहा होते हुए राजपुर चौराहा तक गया। शोभायात्रा के दर्शन-पूजन के लिए देर रात तक लोग कतारबद्ध खड़े रहे। मकान की छतों से पुष्प वर्षा कर अभिवादन किया गया। बारात में शामिल श्रद्धालुओं के जयकारे से पूरा नगर गुंजायमान रहा। इस अवसर पर नगर के प्रमुख मंदिरों में नगर पालिका की ओर से भव्य तरीके से आकर्षक विद्युत झालरों से सजाया गया था। शिव बारात की शोभायात्रा में प्रमुख रूप से पूर्व पालिकाध्यक्ष अशोक जायसवाल, विनीत बरनवाल, सभासद गिरधारी जायसवाल, प्रदीप यादव, अरविंद मौर्य, भारत जायसवाल, राजीव चौरसिया आदि लोग शामिल रहे। सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक इंतजाम किए गए थे। भदोही उपजिलाधिकारी श्याममणि त्रिपाठी, पुलिस उपाधीक्षक अशोक मिश्रा और कोतवाल अश्वनी त्रिपाठी दलबल के साथ मुस्तैद रहे।

### जनहित की नौ सूत्री मांगों को लेकर भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी ने किया प्रदर्शन

**भदोही।** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी राज्य कमेटी उत्तर प्रदेश के आह्वान पर पार्टी की जिला इकाई भदोही के कार्यकताओं व पदाधिकारियों ने गुरुवार को धरना प्रदर्शन किया व अधिशाषी अभियंता विद्युत वितरण खण्ड भदोही के माध्यम से मुख्यमंत्री को नौ सूत्रीय माँगो का ज्ञापन भेजा। भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी के सचिव भान सिंह व उत्तर प्रदेश किसान सभा के भदोही जिला मंत्री इंद्रदेव पाल ने ज्ञापन देकर माँग किया कि बिजली क्षेत्र के निजीकरण करने का फैसला वापस लिया जाय, निजी नलकूपो को बिजली मुफ्त दिया जाय, 300 यूनिट घरेलू बिजली मुफ्त दी जाय, स्मार्ट मीटर लगाने की योजना रद्द की जाय, प्री पेड सिस्टम लागू किया जाना बंद किया जाय, रात और दिन का अलग अलग बिजली रेट लगाया जाना बंद किया जाय, संविदा कर्मियों को नियमित और रिक्त पदो पर भर्ती किया जाय, लाइन लास और बिजली चोरी का भार उपभोक्ताओ पर डालना बंद किया जाय, उपभोक्ताओ पर झूठे मुकदमे न किए जाय। इस अवसर पर जगन्नाथ मौर्य, अमृतलाल मौर्य, रमेश पाल, राधेश्याम मौर्य, चिंतामणि, रामसुमेर बिन्द, श्रीराम बिन्द, बेचूलाल बिन्द, ज्ञानप्रकाश प्रजापति राम नारायण आदि मौजूद रहें।

### असंवैधानिक है वक्फ संशोधन विधेयकः मुशीर इकबाल



मुशीर इकबाल

**भदोही।** वक्फ कानून संशोधन असंवैधानिक है ।सरकार वापस ले यह कानून। भारतीय संविधान अनुच्छेद 29 के तहत अल्पसंख्यकों को उनकी संस्कृति, शिक्षा और संपत्ति की सुरक्षा की गारंटी देता है। यह एक ऐसा मौलिक अधिकार है, जो हमें हमारे धर्म और पहचान के साथ जीने का अधिकार देता है। लेकिन नया वक्फ बोर्ड बिल इस संवैधानिक अधिकार का खुला उल्लंघन करता है। यह बातें बृहस्पतिवार को वरिष्ठ कांग्रेस नेता अल्पसंख्यक कांग्रेस भदोही के पूर्व चेयरमैन मुशीर इकबाल ने कही। प्रेस नोट के माध्यम से कांग्रेस नेता मुशीर इकबाल ने कहा कि संशोधन वक्फ बोर्ड की स्वायत्तता पर हमला है, जब सिख और ईसाई समुदायों के बोर्ड में किसी अन्य धर्म के व्यक्ति को सदस्य बनने की अनुमति नहीं है, तो फिर वक्फ बोर्ड में गैर-मुस्लिम सदस्यों को अनिवार्य रूप से शामिल करने का क्या औचित्य है? यह स्पष्ट रूप से वक्फ बोर्ड की स्वायत्तता को कमजोर करने की कोशिश है। इसके अलावा, वक्फ बोर्ड के मुस्लिम सदस्यों की नियुक्ति भी सरकार द्वारा की जाएगी, जिससे वक्फ बोर्ड पूरी तरह सरकारी नियंत्रण में आ जाएगा। उन्होने कहा कि वक्फ संपत्तियों की सुरक्षा खतरे में हैं। इस नए कानून के अनुसार, कोई भी संपत्ति तभी वक्फ की मानी जाएगी, जब वह विवादित न हो। यदि कोई व्यक्ति किसी वक्फ संपत्ति पर दावा कर दे या उसे विवादित घोषित कर दे, तो वह संपत्ति वक्फ बोर्ड की नहीं रहेगी, जब तक कि उसकी जांच पूरी न हो जाए। और ध्यान देने वाली बात यह है कि इस जांच की कोई समय सीमा तय नहीं की गई है। उन्होने कहा कि सरकारी हस्तक्षेप बढ़ाने की साजिश है। जिला कलेक्टर को वक्फ संपत्तियों से जुड़े निर्णय लेने का अधिकार देना शक्तियों के पृथक्करण के सिद्धांत का उल्लंघन है। नए कानून का असली मकसद साफ है वक्फ बोर्ड को कमजोर करना, मुसलमानों की संपत्तियों को विवादित बनाकर सरकार के नियंत्रण में लेना, और वक्फ की स्वायत्तता को खत्म करना हैं। यह कानून न केवल अनुच्छेद 29 का उल्लंघन है। बल्कि यह मुस्लिम समाज की संपत्तियों को हड़पने का एक जरिया मात्र बनकर रह जाएगा। उन्होने कहा कि इस कानून के खिलाफ एकजुट होकर आवाज उठानी होगी।

### दो मार्च को मनाया जाएगा शक्ति माता का स्थापना दिवस

**गोपीगंज।** क्षेत्र के प्रमुख धार्मिक स्थल बाबा तिलेश्वर नाथ धाम परिसर मे शिव शक्ति धाम सेवा समिति तिंलगा की बैठक की गई। बैठक मे पूर्व की भांति शक्तिधाम मन्दिर पर माता रानी का 17वां स्थापना दिवस मनाने की घोषणा की गई। फाल्गुन शुक्ल पक्ष तृतीया दो मार्च को मनाया जाएगा। दर्शन पूजन व भजन कीर्तन एक मार्च से शुरू होगा तथा दो मार्च को हवन पूजन, आरती व महा प्रसाद वितरण के उपरांत कार्यक्रम का समापन किया जाएगा। इस दौरान पूरे मन्दिर को सुगंधित पुष्पों व विद्युत झालरों से आकर्षक तरीके से सजाने और 24 घंटे "नौ दुर्गा नौ कोटि दुर्गा अनन्त दुर्गा जय दुर्गा" नाम संकीर्तन पाठ के पश्चात हवन आरती व भण्डारा आयोजित किया जायेगा। समित के सदस्य भरत पांडेय, शिवम दुबे, मिठाई लाल दुबे, संतोष पांडेय ने गांव के लोगों से सहयोग एवं भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया।

### श्रम विभाग व एएचटीयू पुलिस विभाग की टीम ने छापेमारी कर दस बाल श्रमिकों को कराया मुक्त

**ज्ञानपुर।** जिलाधिकारी विशाल सिंह एवं पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के निर्देश पर गुरुवार को श्रम विभाग एवं एएचटीयू पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा दस प्रतिष्ठानों में छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान अकरम अंसारी पुत्र स्वर्गीय सिद्धीक अंसारी कालीन बुनाई केंद्र जलालपुर भदोही के यहां छापा मारकर सात किशोर श्रमिकों को कार्य स्थल से पृथक कराया गया। संयुक्त टीम का नेतृत्व श्रम प्रवर्तन अधिकारी जेपी सिंह एवं प्रभारी एएचटीयू हरिदत्त पांडे द्वारा किया गया। कार्य स्थल से पृथक कराए गए बाल श्रमिको के नियोजन के विरुद्ध बालक एवं कुमार श्रम प्रतिषेध विनियमन अधिनियम 1986 की धारा 3 के उल्लंघन हेतु निरीक्षण टिप्पणी जारी करते हुए विधिक कार्रवाई की जा रही है। कार्य स्थल से पृथक कराए गए सभी बाल श्रमिकों को न्यायपीठ बाल कल्याण समिति भदोही के समक्ष प्रस्तुत किया गया। सभी बाल श्रमिकों के आयु परीक्षण एवं अन्य विधिक कार्यवाही नियमानुसार की जा रही है। श्रम प्रवर्तन अधिकारी ने बताया कि छापेमारी की कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी। छापेमारी टीम में रामकिशोर गुप्त, हेड कांस्टेबल सुनीता यादव, इंद्रजीत तिवारी, मनोज पाल सदस्य टास्क फोर्स कमेटी भदोही दीपक मौर्या रामविलास बिंद आदि शामिल रहें।

### युवती का अश्लील वीडियो व फोटो वायरल करने पर मुकदमा दर्ज

**पवांरा।** स्थानीय थाना क्षेत्र के एक गांव की युवती का मुंगराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के एक गांव के युवक ने उसकी अश्लील फोटो व वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया जिस पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार उक्त थाना क्षेत्र अन्तर्गत एक गांव निवासी युवती ने थाने पर लिखित तहरीर दी कि मुंगराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के गुड़हनपुर गांव निवासी राजेश यादव ने उसकी अश्लील फोटो व वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर वायरल कर दिया है जिससे उसकी व उसके परिवार की बहुत बदनामी हो रही है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी युवक के खिलाफ आईटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। वहीं इस प्रकरण में थानाध्यक्ष प्रियंका सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

जनसंदेश टाइम्स प्रा.लि.के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा,** सी 28 /121, तेलियाबाग, प्रथम तल, वाराणसी से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।

**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**

**स्थानीय सम्पादक -प्रवीण कुमार कुशवाहा**

पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।

फोन नं. 8177008889

आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46221**

डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13।

# रोपवे योजना पूरी तरह निरर्थक व अव्यावहारिक: अजय राय

प्रेसवार्ता

### कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने प्रयागराज महाकुंभ की व्यवस्था पर उठाए सवाल

### शहीद स्व. अंजनी कुमार राय की पत्नी को भी सम्मानित करे योगी सरकार

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व विधायक अजय राय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ड्रीम प्रोजेक्ट रोपवे परियोजना को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि यह योजना पूरी तरह निरर्थक व अव्यावहारिक है। बनारस में भाजपा सरकार की तमाम ऐसी परियोजनाएं हैं, जो धराशायी हो गई हैं।

लहुराबीर स्थित आवास पर गुरुवार को पत्र-प्रतिनिधियों से वार्ता के दौरान श्री राय ने कहा कि इस रोपवे योजना के शुरू होते समय ही हम लोगों ने कहा था कि बनारस में मेट्रो जैसी योजनाएं व्यावहारिक रूप से सही होंगी। उन्होंने कहा कि रोपवे जैसी योजनाएं बनारस जैसे प्राचीन घनी आबादी वाले शहर के लिए कहीं से भी उपयुक्त नहीं है। यह योजना बिना किसी कार्ययोजना के ही चलाई जा रही थी। पिछले दिनों देश की सर्वोच्च अदालत ने इस योजना पर स्टे लगा दिया है। ऐसा इसलिए क्योंकि इस योजना की कोई मजबूत कार्ययोजना नहीं बनाई गई और दूसरा यह कि बिना अधिग्रहण कानून को समुचित लागू किए मकान मालिकों को मकान खाली करने का फरमान जारी कर दिया गया। जिन मकान मालिकों को उनके मकान का मुआवजा नही दिया गया, उन्हें भी मकान छोड़ने की नोटिस जारी कर देना, कहीं से भी



उचित नही था। समूचे प्रदेश में इस तरह के औचित्य, गैरकानूनी काम बड़े पैमाने पर सत्ता की शह में हो रहे हैं। यह सब जीरो टॉलरेंस का नारा देने वाले योगी राज में ही संभव है। उन्होंने कहा कि यह सरकार की गुंडई है ।

उन्होंने कहा कि आज बनारस समेत पूरे प्रदेश में जिस तरह के हालात बना दिए गए हैं, उसे देखकर लगता है कि सरकार नाम की कोई चीज ही नहीं रह गई है। बनारस, जो कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संसदीय क्षेत्र है यहां कई ऐसी योजनाएं पिछले दस सालों से चल रही हैं जिनको लेकर स्थानीय प्रशासन और सरकार को कोई जानकारी नहीं। फिर चाहे टेंट सिटी बनाने की बात हो या फिर बंदरगाह बनाने की बात हो। ये सारे अतार्किक कार्य स्थानीय प्रशासन की देखरेख में होने के बावजूद सवालों के घेरे में है।

प्रदेश अध्यक्ष ने कुंभ से जुड़े सवालों का जवाब देते हुए कहा कि कुंभ में जो कुछ हुआ उसका हमे दुःख और अफसोस है। सबसे अधिक दुख सरकार के असंवेदनशील क्रियाकलाप को लेकर है। कुंभ में जो भगदड़ हुई, वह हृदय विदारक है। लेकिन इस स्थिति के लिए योगी सरकार का वीवीआईपी कल्चर नीति जिम्मेदार था। उन्होंने कहा कि कुंभ समाप्त हो रहा है। योगी जी कुंभ से जुड़े लोगों को पुरस्कृत कर रहे हैं, ऐसे में योगी सरकार को चाहिए कि वह कुंभ में सेवा के दौरान शहीद हुए गाजीपुर के पुलिस निरीक्षक शहीद स्व अंजनी कुमार राय की पत्नी को भी सम्मानित करें ताकि उनकी सेवा का सम्मान हो। उन्होंने कहा कि गाजीपुर में अमर शहीद अब्दुल हमीद के नाम पर स्कूल का नाम बदलने, बनारस में पूर्व मुख्यमंत्री डॉक्टर संपूर्णानंद के नाम पर बने स्टेडियम का नाम बदलने, कैंट स्टेशन के पास स्थित पंडित कमलापति त्रिपाठी जी की प्रतिमा स्थल के पास अवैध कब्जा करने का मामला हो, यह सब कार्य कर आप अपना इतिहास नही बदल सकते। इतिहास बदलने के लिए कुर्बानियां देनी पड़ती हैं। उन्होंने महाशिवरात्रि पर निकलने वाली शिव बरात का दिन बदलने व जन दवाब में उसी दिन शिव बरात निकालने के निर्णय को भी आड़े हाथों लिया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष राजेश्वर पटेल, महानगर अध्यक्ष राघवेंद्र चौबे, प्रमोद पांडेय, गुलशन अली, सतनाम सिंह समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## संस्कृत में ही भारत का गौरव निहित: संजय करोल



**वाराणसी।** संपूर्ण विश्व को एक परिवार के रूप में स्थापित करने का कार्य यदि कोई भाषा कर सकती है तो वह संस्कृत भाषा है। संस्कृत में ही भारत का गौरव निहित है, संस्कृत के माध्यम से ही एक उत्तम शिक्षा, स्वास्थ्य, न्याय व राज्य व्यवस्था की कल्पना तथा सत्य की रक्षा की जा सकती है। यह विचार संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय में स्थित कुलपति आवास पर गुरुवार को पहुंचे सर्वोच्च न्यायालय(भारत) के न्यायाधीश संजय करोल ने अभिभूत होकर व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यहां से प्राच्यविद्या का संरक्षण एवं संवर्धन हो रहा है। यह अत्यंत गौरव और पूज्य स्थल है। इसके पूर्व कुलपति आवास पर पहुंचने पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बिहारीलाल शर्मा न्यायाधीश संजय करोल को उत्तरीय प्रदान कर उनका अभिनंदन किया। इस दौरान उनके साथ विश्वविद्यालय की शिक्षण व्यवस्था पर काफी देर तक वार्ता की।

# टैबलेट पाकर चहक उठीं छात्राएं



आयोजन

### आर्य महिला पीजी कॉलेज में साठ छात्राओं को महापौर अशोक तिवारी ने वितरित किया टैबलेट

**वाराणसी।** आर्य महिला पीजी कॉलेज में बुधवार को आयोजित समारोह में 60 छात्राओं को टैबलेट का वितरण किया गया। मुख्य अतिथि महापौर अशोक तिवारी ने एमए वर्ष 2023-24 तथा 2024-25 की 60 छात्राओं को टैबलेट प्रदान किया। उन्होंने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान युग डिजिटाइजेशन का युग है। दुनिया के एक कोने में बैठे व्यक्ति को दुनिया के दूसरे कोने में होने वाली घटनाओं की समस्त जानकारी होनी चाहिए तभी विकासशील देश विकसित देश की ओर कदम बढ़ा सकेगा। ऐसे में वर्तमान सरकार शिक्षा जगत में सबका साथ सबका विकास के लक्ष्य को ध्यान में रखकर जाति धर्म लिंग भेद से ऊपर उठकर सभी विद्यार्थियों को स्मार्टफोन और टैबलेट प्रदान कर रही है।

उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया की दुनिया आभासी दुनिया है और छात्राओं को इस आभासी दुनिया से बाहर आने की जरूरत है। उन्हें उम्मीद है कि जिन छात्राओं को यहां टैबलेट दिया जा रहा है, उनकी शिक्षा का स्तर और उच्च होने के साथ वह और बेहतर प्रदर्शन करेगी। टैबलेट प्राप्त करने वाली छात्राओं की खुशी देखते ही बनती थी, उनका कहना था कि सरकार द्वारा उन्हें वैश्विक शिक्षा जगत से जुड़कर अपना भविष्य संवारने का जो अवसर दिया गया है वह उससे काफी प्रसन्न है।

इसके पूर्व स्वामी विवेकानंद योजना के अंतर्गत आयोजित टैबलेट वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि महापौर अशोक तिवारी, प्राचार्या प्रोफेसर रचना दुबे, डाक्टर शशिकांत दीक्षित व पूजा दीक्षित ने दीप जलाकर किया। प्राचार्या प्रोफेसर रचना दुबे ने कहा कि सरकार की योजना वास्तव में एक सराहनीय कदम है, छात्राओं को जो लैपटॉप मिला है वह उनके शिक्षा स्तर को बेहतर बनाने में सहायक होगा। इसके पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ संगीत विभाग की शिक्षिका डाक्टर जया राय के निर्देशन में छात्राओं के द्वारा मंगलाचरण एवं कुलगीत गाकर किया। मुख्य अतिथि का सम्मान प्राचार्य प्रोफेसर रचना दुबे, डाक्टर शशिकांत दीक्षित तथा पूजा दीक्षित ने किया। धन्यवाद ज्ञापन डा. अपर्णा पांडेय एवं संचालन प्रो. सुचिता त्रिपाठी ने किया।

# नाटक में स्त्री वेदना व माइम में दिखा रानी पद्मावती का शौर्य

महोत्सव

### डीएवी पीजी कॉलेज में तीन दिवसीय युवा महोत्सव उड़ान -25 का हुआ रंगारंग आगाज, प्रतिभागियों का दिखा हुनर

**वाराणसी।** डीएवी पीजी कॉलेज में युवा महोत्सव उड़ान-2025 का गुरुवार को रंगारंग आगाज हुआ। आइक्यूएसी के तत्वावधान में आयोजित त्रिदिवसीय युवा महोत्सव के पहले दिन ललित कला, साहित्य, रंगमंच एवं गीत-संगीत की विधाओं में स्पर्धाओं के आयोजन हुए। नारी वेदना को समर्पित प्रख्यात नाटककार बादल सरकार द्वारा रचित नाटक पगला घोड़ा का मंचन देख दर्शकों की आंखे भर आईं। वहीं रंगोली में नारी सशक्तीकरण की थीम पर प्रतिभागियों ने एक से बढ़कर एक रंगोली सजाई।


युवा महोत्सव उड़ान के पहले दिन कॉलेज परिसर में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम मची रही। रंगमंच की स्पर्धाओं में शॉर्ट प्ले में सबसे पहले बर्फ नाटक का मंचन किया गया, जिसमे कश्मीरी महिला की निसंतानता के दुख का चित्रण हुआ। इसके पश्चात



प्रख्यात बंगाली नाटककार बादल सरकार द्वारा रचित पगला घोड़ा का भावपूर्ण मंचन हुआ। मरघट पर नवविवाहिता के शव का अंतिम संस्कार करने आए युवकों के कृत्य से व्यथित मृतात्मा के भाव को प्रदर्शित नाट्य को देखकर सभागार हर शख्स की आंखे नम हो गयी। छात्र राज, शिवम एवं गौरिशा की टीम ने माइम में रानी पद्मावती के शौर्य पर आधारित जौहर गाथा का मंचन कर भावविभोर किया तो पवन, अक्षय कुमार एवं मुदित ने मिमिक्री में सनी देओल, सलमान खान, संजय दत्त की मिमिक्री उतार कर सबको खूब गुदगुदाया। साथ ही प्रकृति, नदी, पक्षियों की आवाज और संगीत वाद्ययंत्रों की आवाज निकाल कर सबको चकित कर दिया। मोनो एक्टिंग में ट्रांसजेंडर की व्यथा भी दिखाई गई।

एकल नृत्य में नव्या केशव, श्रेया, श्री, अंशिका, इशांत ने कथक से मन मोहा तो विजयलक्ष्मी दास के ओडिसी एवं ईशा विश्वास के भरतनाट्यम ने भी सबके हृदय में अमिट छाप छोड़ी। ललित कला की विधा में नारी सशक्तीकरण पर रंगोली सजाई गई तो मेहंदी, स्केचिंग, कार्टून, पेंटिंग, ऑन स्पॉट फोटोग्राफी में भी युवाओं ने प्रतिभाग किया। महाविद्यालय के मंत्री/प्रबंधक अजीत कुमार सिंह यादव व कार्यकारी प्राचार्य प्रो. मिश्रीलाल ने प्रतिभागियों को शुभकामना दी। संयोजन डा. तरु सिंह एवं डा. हसन बानो ने किया।

इस मौके पर उपाचार्य द्वय प्रो. संगीता जैन एवं प्रो. राहुल सहित चीफ प्रॉक्टर डा. संजय सिंह, प्रो. अनूप कुमार मिश्रा, प्रो. विजयनाथ दुबे, प्रो.संजय साह, साक्षी चौधरी, डा. श्रुति अग्रवाल, डा. शालिनी आदि शामिल रहे। निर्णायक मंडल में प्रो. राकेश राम, प्रो.मधु सिसोदिया, प्रो.विनोद चौधरी, डा. पारुल जैन, स्वाति सुचरिता नंदा, डा. विजय यादव आदि शामिल रहे।



**युवा महोत्सव उड़ान-25 में आज**

युवा महोत्सव उड़ान- 25 का भव्य उद्घाटन सत्र 28 मार्च को दोपहर एक बजे से कॉलेज के स्व. पीएन सिंह यादव स्मृति सभागार में होगा। मुख्य अतिथि पद्मश्री सोमा घोष महोत्सव का शुभारंभ करेंगी। दिन भर विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम चलते रहेंगे।

# प्रवेश परीक्षा से भरी जायेंगी आवासीय विद्यालय की रिक्त सीट

राजकीय आश्रम पद्धति

### आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 15 मार्च : गिरीश चंद दुबे

**वाराणसी।** समाज कल्याण विभाग की तरफ से जिले में संचालित जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय (राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय-आवासीय) चंदापुर, सातोमहुआ एवं तरसड़ा में (केवल बालक के लिए) सत्र 2025-26 में कक्षा 6, 7, 8 एवं 9 में कक्षावार वर्गवार रिक्त सीटों पर प्रवेश परीक्षा के माध्यम से तथा कक्षा 11 विज्ञान एवं कला वर्ग में हाईस्कूल की मेरिट के आधार पर प्रवेश की खातिर निहित व्यवस्था के अनुसार प्रवेश लिया जाना है। उक्त जानकारी देते हुए जिला समाज कल्याण अधिकारी गिरीश चन्द दूबे ने बताया कि आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तारीख 15 मार्च हैं, जबकि 20 मार्च को परीक्षणोपरान्त पात्र आवेदकों की सूची प्रकाशन कर दी जायेगी। प्रवेश परीक्षा 27 मार्च तथा 31 मार्च को सफल छात्रों की सूची का प्रकाशन कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन पत्र सम्बन्धित विद्यालय में 15 मार्च को अपराह्न चार बजे तक जमा किये जायेंगे। सम्बन्धित विद्यालय एवं कार्यालय जिला समाज कल्याण अधिकारी विकास भवन से किसी भी कार्य दिवस में निशुल्क प्राप्त किये जा सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए संबंधित विद्यालय से संपर्क किया जा सकता हैं।

## जंगल में लगी आग, हड़कंप

**डाला।** चोपन थाना क्षेत्र के अन्नपूर्णा ढाबा के सामने जंगल में आग लगते ही क्षेत्र में हड़कंप मच गया। आग लगने की सूचना मिलते ही चोपन पुलिस व वन विभाग की टीम आग बुझाने में जुट गई। चोपन थाने के उप निरीक्षक मेराज खान ने बताया कि गुरुवार की सायं सूचना मिली कि हाइवे के पास ग्राम कोटा टोला स्थित परासपानी अन्नपूर्णा ढाबा के सामने जंगल में आग लगी है। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंच फायर ब्रिगेड की मदद से आग पर काबू पाया गया। आग कैसे लगी लगी इसका पता नहीं चल सका।
टीम में अंकित सिंह, रविन्द्र पाण्डेय समेत अन्य फायर कर्मी शामिल रहे।


# बुजुर्ग मरीजों के लिए वरदान होगी 'जराचिकित्सा'

पहल

### बीएचयू के नेशनल सेंटर ऑफ एजिंग में प्रति वर्ष आएंगे 15 एमडी जेरियाट्रिक छात्र

**वाराणसी।** बीएचयू में नेशनल सेंटर ऑफ एजिंग का एक तिहाई निर्माण कार्य लगभग पूरा हो चुका है। जराचिकित्सा के लिए 200 बिस्तरों की यह सुविधा पूर्वी उत्तर प्रदेश और आसपास के राज्यों के बुजुर्ग मरीजों के लिए वरदान साबित होगी।

बुजुर्गों के स्वास्थ्य देखभाल के लिए राष्ट्रीय कार्यक्रम (एनपीएचसीई) के तहत क्षेत्रीय जराचिकित्सा केंद्र (आरजीसी) जराचिकित्सा विभाग में एक दशक से चल रहा है। इसे 200 बिस्तर वाले नेशनल सेंटर ऑफ एजिंग (एनसीए) में अपग्रेड करने के प्रस्ताव को स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय (एमओएचएफडब्ल्यू) ने मंजूरी दी थी और एक साल पहले फरवरी 2024 में प्रधानमंत्री द्वारा इसके निर्माण की आधारशिला रखी गई थी। इस परियोजना के लिए एम/एस एचएलएल इंफ्रा टेक सर्विसेज लिमिटेड को चुना गया था। जून 2024 के अंत में



भवन के निर्माण की गतिविधि शुरू हो गई थी। एनसीए का निर्माण 2045 वर्ग मीटर के क्षेत्र में किया जा रहा है और पूरी परियोजना दिसंबर 2025 तक पूरी हो जाएगी। एनसीए एक 200 बिस्तरों वाली बहुमंजिला इमारत होगी, जिसमें वृद्धावस्था उप-विशिष्टताओं की ओपीडी, अलग डायग्नोस्टिक और रेडियोलॉजिकल सुविधा, फिजियोथेरेपी सेवाएं, डे केयर, अनुसंधान प्रयोगशाला, आईसीयू और निजी वार्ड होंगे। नेशनल सेंटर ऑफ एजिंग (एनसीए) एक प्रमुख तृतीयक देखभाल सुविधा है, जो बुजुर्गों के स्वास्थ्य की देखभाल के लिए राष्ट्रीय कार्यक्रम (एनपीएचसीई) के तहत स्थापित की गई है। एनसीए के संस्थापक प्रमुख और नोडल अधिकारी, जरा चिकित्सा चिकित्सा विभाग आईएमएस बीएचयू और एमओएचएफडब्ल्यू द्वारा तकनीकी सलाहकार समिति के सदस्य प्रोफेसर अनुप सिंह ने बताया कि जराचिकित्सा चिकित्सा विभाग के इस विस्तार से रोगी देखभाल, अनुसंधान और अकादमिक सभी क्षेत्रों में मदद मिलेगी। उन्होंने बताया कि एनसीए का मुख्य उद्देश्य स्नातकोत्तर एमडी जेरियाट्रिक सीटों को प्रति वर्ष 15 छात्रों तक बढ़ाना है ताकि एनपीएचसीई के विभिन्न उद्देश्यों को प्राप्त किया जा सके। उन्होंने बताया कि एनसीए की उनकी परियोजना को एमओएच एफडब्ल्यू द्वारा मंजूरी मिलने के बाद उन्हें आईएमएस, विश्वविद्यालय और जिला प्रशासन से काफी मदद मिली। इसके अलावा उन्होंने नियमित अंतराल पर परियोजना की समीक्षा करने में जबरदस्त समर्थन के लिए सभी एनपीएचसीई अधिकारियों को धन्यवाद दिया।

## हिण्डाल्को ने आयोजित किया हेल्दी बेबी शो

**रेणुकूट।** हिण्डाल्को ग्रामीण विकास विभाग द्वारा नगरीय बस्ती धोबिया टंकी महिला मण्डल स्कूल में हेल्दी बेबी शो का आयोजन मुखिया समीर नायक के मार्गदर्शन एवं मानव संसाधन प्रमुख जसबीर सिंह के निर्देशन में आयोजित किया गया। आयोजन का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण माताओं को स्वंय एवं बच्चे की साफ -सफाई, उनके स्वास्थ्य, पोषण, टीकाकरण तथा बच्चों के रखरखाव को लेकर जागरुक करना था। इसमें 50 बच्चों ने प्रतिभाग किया। बच्चों को उम्र के हिसाब से 0 से 1, 1 से 03, और 03से 05 वर्ष की तीन श्रेणियो में विभक्त किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीण विकास विभाग के चिकित्सीय सेवाओं की डा. सुनीता श्रीवास्तव ने माताओं को बाल स्वास्थ्य सम्बन्धित जानकारी देते हुए कहा कि स्वस्थ बच्चे ही स्वस्थ समाज का निर्माण करते हैं। उन्होंने कहा कि समय- समय पर बच्चों के टीकाकरण साफ-सफाई एवं खान - पान पर ध्यान देना अत्यन्त आवश्यक है। ग्रामीण विकास के अधिकारी राजेश सिंह ने निर्णायक की भूमिका का निर्वहन करते हुए स्वास्थ्य मानकों के आधार पर प्रत्येक श्रेणी में बच्चों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार प्रदान किया। वहीं प्रतिभागी बच्चों को सान्त्वना पुरस्कार भी प्रदान किए गए।

# महाशिवरात्रि पर किया गया संगीत समारोह कार्यक्रम



जनसंदेश न्यूज

**अदलहाट।** क्षेत्र के मुहम्मदाबाद गांव स्थित शिव मंदिर पर मंगलवार की रात्रि महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर सुगम संगीत का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामी विकलान्द जी महाराज द्वारा भगवान शिव की आरती व मंत्रोच्चारण के साथ पूजन के बाद किया गया। कार्यक्रम के आयोजक डॉक्टर एन0पी0 द्विवेदी ने आए हुए अतिथि व कलाकारों का स्वागत माल्यार्पण व अंग वस्त्रम प्रदान कर किया नामी गिरामी गायक कलाकारों में शास्त्रीय गायक डा0 अर्चना आदित्य द्वारा कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।

इस अवसर पर अशोक दीक्षित, नवीन पांडेय, हरिशंकर सिंह, अरुण कुमार सिंह, शालिकराम दुबे, अमित पांडेय, अमरनाथ पांडेय, सौम्या त्रिवेदी, मृत्युंजय द्विवेदी, आशीष दुबे सहित तमाम लोग रहे। कार्यक्रम का संचालन सितेश द्विवेदी द्वारा किया गया।

## बलिया

# कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर डीएम को सौंपा ज्ञापन



कलेक्ट्रेट में लोगों को संबोधित करते वक्ता

**बलिया।** प्रदेशव्यापी अभियान के तहत भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी, अखिल भारतीय खेत मजदूर यूनियन, भवन निर्माण मजदूर सभा तथा किसान सभा के कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को जिला पंचायत कार्यालय के सामने से जुलूस निकाल कर कलेक्ट्रेट पर पहुंचकर प्रदर्शन किया। तत्पश्चात मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा।

वक्ताओं ने बिजली का निजीकरण वापस लेने, महिलाओं एवं दलितों का उत्पीड़न और उनके ऊपर आए दिन हो रहे हमले को रोकने की मांग की। शिवपुरी दियर नंबरी में गंगा के कटान से पासवान बस्ती को बचाने, पीढ़ियों से आबाद लोगों का पक्का घर बनाने में बाधा डालने वाले दबंग से निजात दिलाने, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर डाक्टर को नियुक्त तथा नियमित करने की मांग की। वहीं, बसंतपुर के चहरौली टोले में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मजदूरों को आवास देने, भवन निर्माण से संबंधित पंजीकृत मजदूरों को योजना में आवेदन हेतु दो वर्ष की छूट के लिए बोर्ड की वेबसाइट तथा पोर्टल पर ठीक करने, पंजीकृत मजदूरों को आयुष्मान कार्ड देने, आवास योजना का लाभ देने, आवेदनों का शीघ्र निस्तारण करने तथा खाते में पैसे भेजने की मांग की। कार्य स्थल पर जाने हेतु मुफ्त किराया वाली बस दी जाए।

इस अवसर पर रामकृष्ण यादव, रामजी, फुलेश्वर वर्मा, केशव सिंह आजाद, हृदय शंकर यादव, अनूप राम, परमात्मा नंद राय, मनोज कन्नौजिया, भरत, राधेश्याम यादव, रघुवंश उपाध्याय, अर्जुन पासवान, गोरख वर्मा, महंत गोस्वामी, नथुनी वर्मा, शिवनाथ, अर्जुन, मुन्ना पासी, प्रमोद गौड़, कमली देवी, ललिता देवी, हीरामुनि, सुनिता, मीरा देवी, मंटू आदि मौजूद रहे।

## बच्चों ने प्रस्तुत किया सांस्कृतिक कार्यक्रम



अतिथि को स्मृति चिह्न देते शिक्षक एवं अन्य

**सिकंदरपुर।** शिक्षा क्षेत्र नवानगर के जूनियर हाईस्कूल के प्रांगण में गुरुवार को वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें बच्चों द्वारा विभिन्न तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। वार्षिकोत्सव की शुरूआत सरस्वती वंदना से की गई। इस दौरान विद्यालय की छात्राओं ने मां शारदे के चरणों में अपनी वंदना प्रस्तुत की। इसके बाद छात्र-छात्राओं ने पीटी अभ्यास दिखाकर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं, शिक्षा पर आधारित कई नाटक भी प्रस्तुत किए।

मुख्य अतिथि शिवम पाण्डेय प्राचार्य, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान पकवाइनार तथा विशिष्ट अतिथि अनूप कुमार त्रिपाठी खंड शिक्षा अधिकारी नवानगर, जितेंद्र सिंह जिलाध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक संघ बलिया रहे। मुख्य अतिथि ने कहा कि सरकार की ओर से वार्षिकोत्सव के लिए दी गई गाइडलाइन बहुत ही अच्छा प्रयास है। इससे बच्चे अपने ही विद्यालयों से बोलना एवं मंच पर पहुंचना सीखेंगे। विशिष्ट अतिथि ने कहा कि अभिभावकों से कहा कि आप अपने बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय भेजे। इस अवसर पर राजेश पांडे, ज्ञानेन्द्र गुप्ता, सैफुद्दीन, सुशील कुमार, अनिल पांडे, टुनटुन प्रसाद, अमरनाथ यादव, अभिलाष चन्द्र मिश्र, सुनील मिश्रा, सुधीर मिश्रा, रामजी गुप्ता, अशोक यादव, समीम खान, इंदु देवी, साधना राय, शिवजी प्रसाद, बिजेंद्र यादव, अमित मिश्रा, अशोक कुमार, हरिशंकर, तन्मय अंसारी, आलोक कुमार, जितेंद्र यादव, भूपेंद्र यादव आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता राजाराम वर्मा तथा संचालन मोहन कांत राय ने किया।

## सभी सीएचसी पर ई-लैब की सुविधा शुरू

**बलिया।** जिला अस्पताल की तर्ज पर अब ग्रामीण क्षेत्रों के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर भी ई-लैब की सुविधा शुरू हो गई है। यहां मरीजों को जांच रिपोर्ट लेने के लिए लाइन में नहीं खड़ा होना पड़ेगा। फोन पर मैसेज या व्हाट्सएप के जरिये रिपोर्ट मिल जाएगी। सभी 21 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर अनिवार्य रूप से 65 प्रकार की जांचों की सुविधा मिलेगी। अभी छह सीएचसी पर सुविधा मिल रही है। अन्य पर मशीन लगाने का कार्य चल रहा है। मरीजों की समस्या को देखते हुए शासन ने सभी सीएचसी पर हाईटेक लैब बनाने का निर्देश दिया है। इसी क्रम में सिकंदरपुर, बेल्थरारोड, सिकंदरपुर, बांसडीह, सोनबरसा, रसड़ा सीएचसी पर ई-लैब की सुविधा शुरू की गई है। सीएचसी के पैथोलाजी में आनलाइन रिपोर्ट के लिए मरीज को पंजीकरण कराते समय पर्ची काउंटर पर नाम, पता के साथ मोबाइल नंबर दर्ज कराना पड़ेगा। लखनऊ के पीओसीटी के टेक्नीशियन के अनुसार जांच मशीनों एवं कंप्यूटर को सर्वर से जोड़ा जाएगा। रिपोर्ट तैयार होते ही उसे सर्वर पर अपलोड कर दिया जाता है। इसके बाद जांच रिपोर्ट मरीज के मोबाइल पर भेजने की व्यवस्था है।

# आगसा का मॉडल तहसील पर जारी रहा धरना



मॉडल तहसील पर धरना को संबोधित करते वक्ता

**बलिया।** ऑल गोंडवाना स्टूडेन्ट्स एसोसिएशन (आगसा) के तत्वावधान में बलिया सदर मॉडल तहसील पर गोंड समुदाय का जाति प्रमाण पत्र निर्गत करने की मांग को लेकर चल रहा अनिश्चितकालीन धरना गुरुवार को भी जारी रहा। सुमेर गोंड ने कहा कि जाति प्रमाण पत्र के लिए धरना एक माह से जारी है। यह मुद्दा विधानसभा में भी उठा। बावजूद इसके जिला प्रशासन और तहसीलदार गण इसका संज्ञान नहीं ले रहे है।

कहा कि आनलाइन आवेदन करने पर लेखपाल एवं तहसीलदार द्वारा आवेदन बार-बार अस्वीकृत कर परेशान किया जा रहा है। कहा कि आजादी के पूर्व के भू-राजस्व अभिलेखों में गोंड़ दर्ज है। उस समय के जन्म-मृत्यु रजिस्टर फौती में भी गोंड़ है। इसके बावजूद मनगढ़ंत गलत आख्या लगाकर गोंड़ की जाति बदलने का षडयंत्र हो रहा है। इस अवसर पर मनोज शाह, संजय गोंड, रामचंद्र गोंड, शिवशंकर गोंड, श्रीपति गोंड, सूचित गोंड, मैनेजर गोंड, अवधेश गोंड, अमित शाह, अशोक गोंड, रघुनाथ गोंड, वकील गोंड, रमाकांत गोंड, सुरेश शाह, अरविंद गोंडवाना, विशेश्वर गोंड आदि मौजूद रहे।